खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 17°C

नई दिल्ली, सोमवार 27 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 205 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिहार में सरकार बनी, तो वक्फ कानून कूड़ेदान में फेंक देंगे: तेजस्वी यादव पेज 2



बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15: शाइना और दीक्षा ने स्वर्ण जीते खेल टाइम्स



नीतीश का भविष्य मोदी ने तय कर दिया, अब तेजस्वी का राहुल को करना है सम्पादकीय



ट्रम्प ने कनाडा पर 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया पेज 12

# हवा में अटकी रही 215 यात्रियों की जान

**कानपुर, वार्ता**

**कानपुर में** मुंबई से आई फ्लाइट में चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर लैंडिंग के दौरान तकनीकी खराबी आ गई।

इस पर पायलट ने लैंडिंग के बजाय दोबारा उड़ान भरी और आसमान में 20 मिनट से अधिक देरी तक चक्कर लगाता रहा। विमान के दोनों दरवाजे लॉक हो गए। इससे विमान में यात्री भी सहम गए। मुंबई एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई824 ने कानपुर के लिए दोपहर 1:20 बजे उड़ान भरी। इसमें क्रू मेंबरों सहित 215 यात्री सवार थे। दोपहर लगभग 3:15 बजे चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर लैंडिंग करते समय फ्लाइट में तकनीकी खराबी आ गई। खतरा भांपते ही पायलट फ्लाइट को दोबारा आसमान में ले गया। फ्लाइट 20 मिनट से ज्यादा देर तक चक्कर लगाती रही, ताकि विमान का ईंधन कम हो जाए। इसके बाद पायलट ने फ्लाइट को सुरक्षित चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर उतार दिया। इसके बाद फ्लाइट के दोनों दरवाजे लॉक हो गए, जिससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। करीब आधा घंटे तक यात्री फ्लाइट में फंसे रहे। बाद में विमान के दोनों गेट खोलकर यात्रियों को उतारा गया। इसी फ्लाइट में मुंबई से आए हास्य कवि हेमंत पांडेय ने वीडियो जारी करते हुए बताया कि इस संबंध में जब एयर हॉस्टेस से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि दोनों दरवाजे लॉक हो गए हैं। फ्लाइट का इंजन बंद होने के बाद ही दोनों दरवाजे खुलेंगे और 30 मिनट बाद जब फ्लाइट का इंजन बंद हुआ, तब विमान के दोनों दरवाजे खुले। विमान में किसी तरह की तकनीकी दिक्कत नहीं आई थी। इंजन कूल डाउन होने में समय लगा। चकेरी एयरपोर्ट में एक महीने पहले इंडिगो विमान के केबिन में चूहा घुसने से फ्लाइट तीन घंटे चकेरी एयरपोर्ट पर खड़ी रही थी। ग्राउंड क्रू ने तत्काल विमान खाली कराया तो कुछ यात्रियों ने नाराजगी भी जताई थी।



- **कानपुर में चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर 20 मिनट तक हवा में चक्कर लगाता रहा इंडिगो का विमान**
- **विमान के दोनों दरवाजे हो गए थे लॉक**

# उत्तराखंड में घूमना होगा महंगा, बाहरी वाहनों की एंट्री पर लगेगा 'ग्रीन सेस'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ग्रीन सेस लागू करने की घोषणा की है।

यह सेस अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों से वसूला जाएगा, जिससे प्राप्त धनराशि वायु प्रदूषण नियंत्रण, हरित अवसंरचना और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन पर खर्च की जाएगी। राज्य सरकार ने कहा कि यह पहल उत्तराखंड को स्वच्छ वायु, स्वस्थ जीवन की दिशा में एक नई पहचान देगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के 25 वर्ष पूरे होने पर यह हमारी प्रतिबद्धता है कि हम राज्य को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण-मुक्त बनाएं। 'ग्रीन सेस' से प्राप्त राजस्व का उपयोग वायु गुणवत्ता सुधार, हरित अवसंरचना और स्मार्ट यातायात प्रबंधन में किया जाएगा। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मेंबर सेक्रेटरी डा. पराग मधुकर धकाते ने बताया कि बोर्ड के अध्ययन के अनुसार देहरादून में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत सड़क की धूल (55फीसदी) -**शेष पृष्ठ दो पर**



- **राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर धामी सरकार का पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम**

## संक्षिप्त समाचार

### आंध्र प्रदेश की तरफ बढ़ रहा चक्रवात मोन्था

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवात मोन्था आंध्र प्रदेश की तरफ बढ़ रहा है। यह 28 अक्टूबर की शाम या रात को आंध्र प्रदेश के काकीनाड़ा के पास तट से टकरा सकता है। तूफान के दौरान 90-100 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं, सेना को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है। दरअसल, बंगाल की खाड़ी में बना डिप्रेशन रविवार रात तक डीप डिप्रेशन में बदल जाएगा और 27 अक्टूबर की सुबह तक चक्रवात मोन्था में बदल जाएगा। वहीं, चक्रवात मोन्था के खतरे को देखते हुए ओडिशा फायर विभाग पूरी तरह अलर्ट पर है। विभाग ने बताया कि 27 से 29 अक्टूबर के बीच तूफान के असर की आशंका है। सभी जरूरी इंतजाम कर लिए गए हैं। चक्रवात मोन्था 28 अक्टूबर की शाम या रात को आंध्र प्रदेश के काकीनाड़ा के पास तट से टकरा सकता है।

### असम का कमरकुची बना सिंगर जुबीन का स्मारक स्थल

**सोनापुर।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत 19 सितम्बर को सिंगापुर में डूबने से हो गई थी। 23 सितम्बर को सोनापुर जिले के कमरकुची में उनका अंतिम संस्कार हुआ था। गुवाहाटी से 31 किमी दूर इस गांव में 10 बीघा के करीब जमीन को जुबीन का देवालय सा मान लिया गया है। अब यहां हर रोज 5 से 10 हजर लोग उनकी समाधि पर पहुंच रहे हैं। कई ऐसे भी हैं, जो यहां 500-800 किमी दूर से पहुंच रहे हैं। इनमें हर उम्र के लोग शामिल हैं। जुबीन ने 52 की उम्र तक 40 हजार से ज्यादा गाने खुद लिखे और गाए। जुबीन के अंतिम संस्कार के बाद से इन 36 दिनों में उनकी समाधि पर अब तक 5 लाख से ज्यादा असमिया गमछे चढ़ाए जा चुके हैं।

### औरंगाबाद रेलवे स्टेशन अब 'छत्रपति संभाजीनगर'

**मुंबई।** दक्षिण मध्य रेलवे ने एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए 'औरंगाबाद रेलवे स्टेशन' का नाम बदलकर 'छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन' कर दिया है। रेलवे ने बताया कि यह नाम परिवर्तन औपचारिक रूप से लागू कर दिया गया है और स्टेशन के सभी साइनबोर्ड, टिकट, घोषणाएं और डिजिटल सिस्टम में नया नाम अपडेट किया जा रहा है।

# 21वीं सदी भारत और आसियान की

**कुआलालंपुर /नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21वीं सदी को भारत और आसियान की सदी करार देते हुए जोर देकर कहा है कि अनिश्चितता के मौजूदा दौर में दोनों पक्षों की यह मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है।



श्री मोदी ने रविवार को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में 22 वें आसियान- भारत सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेते हुए अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत आपदा के हर समय में आसियान के अपने मित्र देशों के साथ खड़ा रहा है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर दोनों पक्षों के बीच समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए वर्ष 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग' का वर्ष घोषित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं और हम ऐतिहासिक संबंधों तथा साझे मूल्यों की डोर से बंधे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक चौथाई जनसंख्या को रिप्रजेंट करते हैं । हम सिर्फ जियोग्राफी ही शेयर नहीं करते। हम गहरे ऐतिहासिक संबंधों और साझे मूल्यों की डोर से भी जुड़े हुए हैं। हम ग्लोबल साउथ के सहयात्री हैं हम केवल व्यापारी ही नहीं सांस्कृतिक साझेदार भी हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति का मुख्य स्तंभ है और दोनों पक्षों की साझेदारी अनिश्चितता के दौर में वैश्विक स्थिरता तथा विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है। उन्होंने कहा कि आसियान, भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का मुख्य स्तंभ है। भारत सदैव आसियान सेंट्रलिटी और इंडो पेसिफिक पर आसियान के आउटलुक का पूरा समर्थन करता रहा है। अनिश्चितताओं के इस दौर में भी भारत आसियान समग्र रणनीतिक पार्टनरशिप में सतत प्रगति हुई है और हमारी यह मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है।

> **दोनों पक्षों की साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का आधार: मोदी**
>
> **प्रधानमंत्री ने कुआलालंपुर में 22 वें भारत-आसियान सम्मेलन में वर्चुअली हिस्सा लिया**

# भारत की कीमत पर पाक से दोस्ती नहीं: अमेरिका

## भारतीय कूटनीति में समझदारी, वे जानते हैं कई देशों से रिश्ते रखने पड़ते हैं: मार्को

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिकी विदेश** मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान के साथ अपने रिश्ते को मजबूत करना चाहता है, लेकिन भारत की कीमत पर नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रुबियो ने बताया कि अमेरिका और पाकिस्तान पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करते रहे हैं, लेकिन इससे भारत के साथ उसकी अच्छी दोस्ती को कोई नुकसान नहीं होगा।

जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत ने अमेरिका- पाकिस्तान की नजदीकी पर चिंता जताई, तो रुबियो ने कहा कि भारतीय कूटनीति में समझदारी है। वे जानते हैं कि हमें कई देशों से रिश्ते रखने पड़ते हैं। उनके भी कुछ देशों से रिश्ते हैं। यह समझदारी भरी विदेश नीति का हिस्सा है। पाकिस्तान के साथ अमेरिका के रिश्तों पर एक पत्रकार ने सवाल किया कि क्या यह दोस्ती इसलिए बढ़ी, क्योंकि अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत- पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने में मदद की। इस पर रुबियो ने कहा कि नहीं, मुझे लगता है। हमने इससे पहले ही पाकिस्तान से बात शुरू की थी। हम उनके साथ रणनीतिक दोस्ती फिर से बनाना चाहते हैं। हमें लगता है कि हम कई चीजों पर एक साथ काम कर सकते हैं। केस दिखाया था। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने सितम्बर में ट्रम्प से व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। इस दौरान मुनीर ने ट्रम्प को रेयर अर्थ मिनरल्स से भरा ब्रीफकेस दिखाया था। रुबियो ने कहा कि हमें पता है कि भारत-पाकिस्तान के बीच पुराने तनाव हैं, लेकिन हमारा काम है कि जितने देशों के साथ हो सके, दोस्ती के रास्ते ढूंढ़ें। हम पाकिस्तान के साथ आतंकवाद के खिलाफ काम करते आए हैं और अब इसे और बढ़ाना चाहते हैं। लेकिन यह भारत या किसी और के साथ हमारे अच्छे रिश्तों की कीमत पर नहीं होगा। रुबियो ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि पाकिस्तान के साथ हम जो कर रहे हैं, वह भारत के साथ दोस्ती को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्तों में काफी मजबूत हुए हैं। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने का दावा किया था, पाकिस्तान ने इस दावे का सपोर्ट किया और ट्रम्प को नोबेल के लिए नॉमिनेट भी किया। वहीं, जून में पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रम्प से सीक्रेट मुलाकात की थी। इसके बाद सितम्बर में शहबाज शरीफ और मुनीर ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प के साथ बैठक की थी, इस बैठक में शरीफ ने ट्रम्प को शांति दूत कहा था। 10 मई को ट्रम्प ने एक्स पर लिखा था कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के सलाहकारों ने इसी महीने अमेरिका से बलूचिस्तान में एक पोर्ट डेवलप करने का प्रस्ताव शेयर किया था। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पाक चाहता है कि अमेरिकी निवेशक बलूचिस्तान के पसनी शहर में अरब सागर के किनारे एक नया पोर्ट डेवलप करके चलाएं।




- **अमेरिका और पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करते रहे हैं, इससे भारत को कोई नुकसान नहीं होगा: रुबियो**

### भारत पूरी तरह रूसी तेल की खरीद रोकेगा, ट्रम्प ने फिर दोहराया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत रूस से तेल की खरीद पूरी तरह बंद करने जा रहा है, जबकि भारत ने दोहराया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हितों पर आधारित है, न कि किसी बाहरी दबाव पर।

एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा कि आपने देखा होगा, चीन ने रूसी तेल की खरीद में काफी कमी की है और भारत पूरी तरह से इसे रोक रहा है। हमने रूस पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे रूस से चीन के तेल सौदों को लेकर भी चर्चा कर सकते हैं और उम्मीद जताई कि यह वार्ता पूरी तरह सौदा तय कर सकती है। इससे पहले भी ट्रम्प कई बार इसी तरह का दावा कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि भारत ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह वर्ष के अंत तक रूसी तेल की खरीद बंद कर देगा।



### महिला डाक्टर आत्महत्या: भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों का गठजोड़ : राहुल

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के सतारा जिले में महिला डाक्टर आत्महत्या मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एक होनहार चिकित्सक भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों के गठजोड़ का शिकार हो गई है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि महाराष्ट्र के सतारा में मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न से तंग आकर एक डाक्टर की आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी है। एक होनहार डॉक्टर बेटी, जो दूसरों का दर्द मिटाने की आकांक्षा रखती थी, भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों की प्रताड़ना का शिकार बन गई। उन्होंने कहा कि जिसे अपराधियों से जनता की रक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी, उसी ने इस मासूम के खिलाफ़ सबसे घिनौना अपराध किया, उसका शोषण किया। सत्ता संरक्षित आपराधिक विचारधारा का ये सबसे घिनौना उदाहरण है। यह आत्महत्या नहीं, संस्थागत हत्या है। श्री गांधी ने कहा कि जब सत्ता अपराधियों की ढाल बन जाए, तो न्याय की उम्मीद किससे की जाए? डाक्टर की मौत इस भारतीय जनता पार्टी सरकार के अमानवीय और संवेदनहीन चेहरे को उजागर करती है। हम न्याय की इस लड़ाई में पीड़ित परिवार के साथ मज़बूती से खड़े हैं। भारत की हर बेटी के लिए - अब डर नहीं, न्याय चाहिए।

# चीनी विद्वानों ने भगवद गीता को बताया ज्ञान का अमृत

## भारतीय सभ्यता का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए कहा: आधुनिक जीवन के लिए अमूल्य मार्गदर्शन

**बीजिंग, वार्ता**

**चीन के विद्वानों** ने भगवद गीता को 'ज्ञान का अमृत' और भारतीय सभ्यता का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए आधुनिक दुनिया के लोगों के आध्यात्मिक और भौतिक संकटों के समाधान का स्रोत बताया। यह बातें 'संगम - भारतीय दार्शनिक परंपराओं का संगम' नामक संगोष्ठी में कही गईं, जिसे भारतीय दूतावास ने आयोजित किया।

संगोष्ठी में 88 वर्षीय प्रोफेसर झांग बाओशेंग मुख्य वक्ता थे, जिन्होंने भगवद गीता का चीनी भाषा में अनुवाद किया है। उन्होंने गीता को भारत का दार्शनिक विश्वकोष और आध्यात्मिक महाकाव्य बताया, जो आज भी भारतीय जीवन पर गहरा प्रभाव डालता है। प्रो. झांग ने कहा कि उन्होंने 1984/86 के दौरान भारत की यात्रा के दौरान हर जगह भगवान कृष्ण की उपस्थिति का अनुभव किया। सेंटर फॉर ओरिएंटल फिलासफी रिसर्च के डायरेक्टर प्रो. वांग झी-चेंग ने कहा कि गीता 5,000 साल पहले की प्राचीन भारतीय युद्धभूमि की संवाद है, जो आज भी आधुनिक जीवन की उलझनों और चिंताओं का समाधान प्रस्तुत करती है। उन्होंने गीता की तीन प्रमुख शिक्षाओं कर्म योग, सांख्य योग, और भक्ति योग को आधुनिक जीवन के लिए मार्गदर्शक बताया। प्रो. यू लोंगयू, सेंटर फॉर इंडियन स्टडीज, शेनझेन यूनिवर्सिटी ने कहा कि भारतीय सभ्यता का गहरा दार्शनिक और सांस्कृतिक विरासत अध्ययन के योग्य है और चीनी विद्वानों को इसे समर्पण के साथ सीखना चाहिए। भारतीय दूत, प्रदीप कुमार रावत ने कहा कि गीता समेत भारत के दर्शनशास्त्र ने हमेशा मानवता के सबसे महत्वपूर्ण प्रश्नों 'सत्य क्या है? वास्तविकता का स्वरूप क्या है? ज्ञान और कर्म कैसे अंतिम मुक्ति की ओर ले जाते हैं?' का उत्तर देने का प्रयास किया है। विद्वानों ने इस अवसर पर जोर देकर कहा कि भगवद गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आधुनिक जीवन के लिए नैतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन भी है।



- **88 वर्षीय प्रोफेसर झांग ने भगवद गीता का चीनी भाषा में अनुवाद किया**

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने छठ के दौरान 12 हजार ट्रेन चलाने पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रेल मंत्रालय द्वारा महापर्व छठ के दौरान 12 हजार ट्रेन चलाने के केन्द्र सरकार के ऐलान पर सवाल उठाया है। कांग्रेस सोशल मीडिया हेड सुप्रिया श्रीनेत ने सवाल किया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव डींगे हांक रहे थे कि त्योहार पर 12 हजार ट्रेनें चलाई जा रही हैं। भगवान ही जानें कहां चलीं यह ट्रेन क्योंकि लोग अभी भी भेड़ बकरी की तरह जिस तरह से रेल के डिब्बों में लोग ठूंस कर घर जाने को मजबूर हैं।

### आज से शीतकालीन वर्दी पहनेंगे पुलिसकर्मी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने मौसम में परिवर्तन को देखते हुए राज्यभर में तैनात सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के लिए शीतकालीन वर्दी लागू करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश पुलिस महानिदेशक (कार्मिक) शलभ माथुर की ओर से जारी किया गया है। यह आदेश सभी जोनल, रेंज, जिला पुलिस प्रमुखों, पुलिस आयुक्तों और अन्य संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है।

### कश्मीर के पुंछ से 11 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने भगोड़ों के खिलाफ अपने अभियान को जारी रखते हुए पुंछ जिले में 11 साल से फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सारनकोट पुलिस थाने की एक टीम ने 11 साल से फरार चल रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नजीर अहमद पुत्र मुहम्मद रफीक निवासी सेयलान बफिलाज सरनाकोट के रूप में हुई है।

# सोशल मीडिया संस्कृत को दे रहा नई प्राणवायु: मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संस्कृत लिखना पढ़ना सिखाया जा रहा है और इसके प्रति युवाओं में दिख रहे उत्साह को देखते हुए कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया संस्कृत को नई प्राणवायु दे रहा है।

मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 127वीं कड़ी में कहा ष्संस्कृत का नाम सुनते ही हमारे मन मस्तिष्क में आता है-हमारे 'धर्मग्रंथ', 'वेद', 'उपनिषद', 'पुराण', शास्त्र, प्राचीन ज्ञान-विज्ञान, अध्यात्म और दर्शन। लेकिन एक समय, इन सबके साथ-साथ 'संस्कृत' बातचीत की भी भाषा थी। उस युग में अध्ययन और शोध संस्कृत में ही किए जाते थे। नाट्य मंचन भी संस्कृत में होते थे। लेकिन दुर्भाग्य से गुलामी के कालखंड में भी और आजादी के बाद भी संस्कृत लगातार उपेक्षा का शिकार हुई।

इस वजह से युवा-पीढ्यिों में संस्कृत के प्रति आकर्षण भी कम होता चला गया। लेकिन साथियो, अब समय बदल रहा है, तो संस्कृत का भी समय बदल रहा है। उन्होंने कहा कि संस्कृति और सोशल मीडिया की दुनिया ने संस्कृत को नई प्राणवायु दे दी है। इन दिनों कई युवा संस्कृत को लेकर बहुत रोचक काम कर रहे हैं। आप सोशल मीडिया पर जाएंगे, तो आपको ऐसी कई रील्स दिखेगी, जहां कई युवा संस्कृत में और संस्कृत के बारे में बात करते दिखाई देंगे। कई लोग तो अपने सोशल मीडिया चैनल के जरिए संस्कृत सिखाते भी हैं। ऐसे ही एक युवा कंटेंट क्रिएटर हैं- भाई यश सालुंड्के। यश की खास बात ए है कि वो कंटेंट क्रिएटर भी हैं और क्रिकेटर भी हैं। संस्कृत में बात करते हुए क्रिकेट खेलने की उनकी रील लोगों ने खूब पसंद की है।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लें देशवासी: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समस्त देशवासियों से 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लेने की अपील की है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 127वीं कड़ी में अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक काल में राष्ट्र की सबसे महान विभूतियों में से एक सरदार पटेल की 150वीं जयंती का दिन पूरे देश के लिए एक बहुत विशेष अवसर है। उनके विराट व्यक्तित्व में अनेक गुण एक साथ समाहित थे।

# लखनऊ में शिक्षक अभ्यर्थियों ने घेरा मायावती का आवास, लगाई गुहार

**लखनऊ, वार्ता**

■ बोले- सीएम योगी से बात कर न्याय दिलाएं

69 हजार शिक्षक भर्ती के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने रविवार को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के आवास का घेराव किया। अभ्यर्थी जिद पर अड़े थे कि बसपा सुप्रीमो मायावती से मिलकर ही जाना है, लेकिन पार्टी पदाधिकारियों ने समझाया और उनका ज्ञापन ले लिया।

बसपा सुप्रीमो मायावती के आवास पर प्रदर्शन करने पहुंचे अभ्यर्थियों की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली, पुलिस फोर्स और पीएसी तैनात कर दी गई। अभ्यर्थियों ने मायावती के आवास पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों का आरोप था कि सुप्रीम कोर्ट में सरकार की लचर पैरवी की वजह से नियुक्ति नहीं मिल पा रही है। पिछले पांच साल से रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

बसपा कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने बहन जी न्याय करो, सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करो जैसे नारे लगाए। पीडीए को न्याय दो का भी नारा बुलंद किया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और प्रदर्शनकारियों में नोकझोंक की नौबत आ गई। प्रदर्शनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं थे। इसके बाद पुलिस ने किसी तरह समझाकर बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल से प्रतिनिधि मंडल को मिलवाया। प्रतिनिधि मंडल की तरफ से उन्हें ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि आगामी 28 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में डेट लगी है। सरकार की तरफ से मजबूत पैरवी हो और हमारे पक्ष में निर्णय आए। अभ्यर्थियों ने बीएसपी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल से मायावती तक बात पहुंचाने की अपील की। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। बता दें कि शिक्षक अभ्यर्थी पिछले काफी समय से सरकार के विभिन्न मंत्रियों से लेकर विपक्षी दलों के कार्यालय पर प्रदर्शन कर चुके हैं।

# अंधविश्वास में मां ने दो बेटों को मार डाला, खुद भी दी जान

**मिर्जापुर, वार्ता**



■ पहले चार साल और चौदह माह के बेटों का गला घोंटा, उसने खुद भी फांसी लगा ली

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में अंधविश्वास में एक पढ़ी-लिखी मां ने दो बेटों की गला घोट कर हत्या कर दी और इसके बाद खुद फांसी के फंदे पर झूल गई। यह घटना मिर्जापुर जिला में कछवा थाना क्षेत्र के सेमरी गांव की शनिवार रात घटित हुई। अभी तक हालांकि घटना की वजहों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रथम दृष्टया अंधविश्वास माना जा रहा है।

पुलिस उपाधीक्षक अमर बहादुर ने बताया कि सेमरी गांव निवासी हरिश्चंद्र बिद शाम को गृहस्थी का सामान लेने गया था। शाम लगभग सात बजे जब घर लौटा, तो कच्चे मकान का दरवाजा अंदर से बंद था।घर में उसकी पत्नी संगीता (35) चार साल का पुत्र शिवांश और चौदह माह का पुत्र शुभांशु था। दरवाजा तोड़कर खोलने पर संगीता फांसी के फंदे पर लटकीं थी। दोनों पुत्रों के मुंह में कपड़ा ठूंस कर गला दबा दिया गया था। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने चांच कर लिया है। घटना के कारणों की विवेचना की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया गया है। वहीं हरिश्चंद्र ने बताया कि संगीता इन दिनों मानसिक रोग ग्रस्त थी। भूत प्रेत के चक्कर में ओझा के यहां भी जाती थी। वह मांग में सिदूर भी नहीं लगती थी।

### बिहार में विपक्षी महागठबंधन के सीएम पद के उम्मीदवार तेजस्वी का ऐलान

# सरकार बनी, तो वक्फ कानून कूड़ेदान में फेंक देंगे

**पटना, वार्ता**



■ बिहार की जनता बीस साल पुराने नीतीश शासन से थक चुकी कानून व्यवस्था की हालत बदतर हुई

बिहार विधानसभा चुनाव के बीच विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कटिहार में वक्फ कानून को लेकर बड़ा बयान दे दिया है।

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी, तो केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि मेरे पिता लालू प्रसाद यादव ने कभी भी सांप्रदायिक ताकतों से समझौता नहीं किया। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा ऐसी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं। आज आरएसएस और उसके सहयोगी बिहार में भी नफरत फैला रहे हैं। भाजपा का असली नाम 'भारत जलाओ पार्टी' होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है, तो वक्फ एक्ट को खत्म कर दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि बिहार की जनता 20 साल पुराने नीतीश कुमार शासन से थक चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अब होश में नहीं हैं। राज्य के हर विभाग में भ्रष्टाचार फैला है और कानून-व्यवस्था की हालत बदतर हो चुकी है। तेजस्वी ने सीमांचल क्षेत्र के विकास का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने सीमांचल क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया। अगर हमारी सरकार बनी, तो सीमांचल विकास प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। सीमांचल में पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार जिले आते हैं, जहां मुस्लिम आबादी बड़ी संख्या में है। तेजस्वी ने दावा किया कि एनडीए उनकी चुनावी घोषणाओं की नकल कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने का वादा किया था। अब नीतीश कुमार सरकार ने इसे 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए कर दिया। मैं वादा करता हूं कि हमारी सरकार बनने पर पेंशन दो हजार रुपए प्रति माह कर दी जाएगी। शनिवार को राजद एमएलसी मोहम्मद कारी सोहैब ने कहा था कि अगर तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बने तो सभी बिल, जिसमें वक्फ बिल भी शामिल है, फाड़ दिए जाएंगे। इसके बाद सियासी घमासान मच गया था। विपक्षी दलों ने सवाल उठाया कि कोई मुख्यमंत्री केंद्र के कानून को कैसे रद्द कर सकता है।

### विस चुनाव से पहले पूर्व मंत्री और विधायक समेत पांच जदयू से निलंबित

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड ने बड़ा और सख्त एक्शन लिया है। नीतीश कुमार ने बीते शनिवार को अपने 11 नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। आज फिर उनकी पार्टी ने पांच और लोगों पर कार्रवाई की है, इनमें गोपाल मंडल का नाम भी शामिल है। जेडीयू के प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह ने इस निष्कासन का लेटर जारी किया है। जिन प्रमुख नेताओं पर गाज गिरी है, उनमें मुंगेर-जमालपुर के पूर्व मंत्री शैलेश कुमार, जमुई-चकाई के पूर्व सदस्य विधान परिषद संजय प्रसाद, सीवान-बड़हरिया के पूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह, भोजपुर-बड़हरा के पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह, शेखपुरा-बरबीघा के पूर्व विधायक सुदर्शन कुमार के अलावा बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल निवासी अमर कुमार सिंह, वैशाली की डक्क आसमा परवीन, औरंगाबाद के लव कुमार, कटिहार निवासी आशा सुमन, पूर्वी चंपारण के दिव्यांशु भारद्धाज और सिवान के विवेक शुक्ला शामिल हैं।



सेंसेक्स 84556.40

निफ्टी 25891.40



सोना रु. 125770

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 155000

प्रति किलो



# शेयर बाजार पर दिखेगा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों का असर

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह लगातार चौथी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही परिणामों पर होगी।

अगले सप्ताह 28 अक्टूबर को आईआईपी के आंकड़े आने हैं। वहीं कई दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणामों की घोषणा भी होनी है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल के तिमाही परिणाम 27 अक्टूबर को जारी होंगे। इसके बाद 29 अक्टूबर को भेल, कोल इंडिया, एलएंडटी और सेल के परिणाम आएंगे। अगले दिन 30 अक्टूबर को केनरा बैंक, सिप्ला, हुंडई इंडिया, एनटीपीसी और आईटीसी के तिमाही नतीजे जारी होने हैं। एसीसी सीमेंट, बीईएल, भारत पेट्रोलियम, गेल और मारुति सुजुकी के तिमाही नतीजे 31 अक्टूबर को आएंगे। इसके अलावा निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता तथा अन्य वैश्विक कारकों पर भी रहेगी। बीते सप्ताह मंगलवार को दिवाली के मौके पर सिर्फ एक घंटे का मुहुर्त कारोबार हुआ, जबकि बुधवार को बलिप्रतिपदा के अवसर पर अवकाश रहा। मुहुर्त कारोबार समेत पहले तीन दिन बाजार में तेजी रही, जबकि शुक्रवार को गिरावट देखी गई।

इस दौरान पहली बार बीच कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 85,000 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 26,000 अंक के पार पहुंचने में सफल रहा। दोनों सूचकांक गुरुवार को रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे। सेंसेक्स में साप्ताहिक बढ़त 0.31 प्रतिशत की रही और यह शुक्रवार को 84,211.88 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक 0.33 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती के साथ सप्ताहांत पर 25,795.15 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.41 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.72 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। इंफोसिस का शेयर सबसे अधिक 5.84 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फिनसर्व में 3.69 फीसदी, एक्सिस बैंक में 3.49 और टीसीएस में 3.37 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 2.44 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.43, बीईएल का 2.22, बजाज फाइनेंस का 1.79, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.75, एलएंडटी का 1.70 और भारतीय स्टेट बैंक का 1.69 प्रतिशत चढ़ गया। टाटा स्टील में 1.31 फीसदी, सनफार्मा में 1.22 फीसदी, आईटीसी में 1.21 फीसदी और टाइटन में 1.08 फीसदी की तेजी रही। इटरनल के शेयर में सबसे अधिक 4.70 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

### सोना के भाव स्थिर चांदी का भाव गिरा

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में रविवार को 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 1,25,770 रुपये है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव आज दिल्ली में 1,15,300 रुपये है। चांदी की कीमत में भी पिछले कुछ दिनों में गिरावट आई है। यह गिरावट 17,000 रुपये की है। आज 1 किलो चांदी की कीमत 155000 रुपये है। देश के महानगरों मुंबई में आज 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 1,25,620 रुपये है, जबकि अहमदाबाद में 1,25,670 रुपये है। हैदराबाद और भोपाल में भी आज 22 कैरेट सोने का भाव 1,15,150 रुपये है। लखनऊ और चंडीगढ़ में 22 कैरेट के सोने का भाव 115300 रुपये है, वहीं 24 कैरेट के सोने का भाव 125770 रुपये है। फेस्टिव सीजन खत्म हो गया है, लेकिन लोग अभी भी जमकर सोना खरीदने वाले हैं। इसका कारण शादियों का सीजन है। आने वाले दिनों में शादियों का सीजन आने वाला है। ऐसे में इस दौरान लोग जमकर सोना खरीदने वाले हैं। वहीं सोने की कीमत की बात करें, तो पिछले कुछ महीनों में सोने की कीमत में जबरदस्त तेजी देखी गई है। धनतेरस वाले

# चावल, दाल, खाद्य तेलों में रही साप्ताहिक तेजी, बढ़े भाव



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं और चीन के दाम कमोबेश स्थिर रहे। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 30 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,863.88 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 2,859.70 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत 11 रुपए बढ़कर 3,324.16 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 83 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल में 42 रुपए की तेजी रही। मूंगफली तेल 32 रुपए और सोया तेल 56 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमखी तेल की कीमत 69 रुपए और वनस्पति की 48 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 16 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 21 रुपए और मूंग दाल की 42 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई।

तुअर दाल 110 रुपए और उड़द दाल 33 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 21 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी के भाव में कमोबेश टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7875.79 रुपए, मसूर काली 8102.91 रुपए, मूंग दाल 10125.80 रुपए, उड़द दाल 10398.60 रुपए, तुअर दाल 10525.20 रुपए प्रति क्विंटल।

### लखीमपुर खीरी में तेंदुआ पिंजरे में कैद

**लखीमपुर खीरी।** जिले के शारदानगर वन रेंज में पिछले कई दिनों से आतंक मचा रहे तेंदुए को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। खंभारखेड़ा ग्राम पंचायत के कुंवरापुर गांव में लगाए गए पिंजरे में तेंदुआ बकरी के लालच में कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने से गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है। पिछले कई दिनों से कुंवरापुर गांव में तेंदुए की दहशत थी। तेंदुआ लगातार गांव के आसपास के खेतों में घूमता दिखाई दे रहा था। रात के समय मवेशियों पर हमला करने की घटनाएं भी सामने आईं। तेंदुए की दहशत इतनी बढ़ गई थी कि ग्रामीण शाम ढलते ही घरों में कैद हो जाते थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड में...**

है, जबकि वाहन उत्सर्जन (7 फीसदी) भी एक प्रमुख कारण है। ग्रीन सेस के माध्यम से सड़क धूल नियंत्रण और स्वच्छ वाहन नीति अपनाना शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने का सबसे प्रभावी कदम होगा। भारत सरकार के स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 में उत्तराखंड के शहरों ने शानदार प्रदर्शन किया है। ऋषिकेश को 14वां और देहरादून को 19वां स्थान प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार इस उपलब्धि को और सुदृढ़ करने के लिए ग्रीन सेस से मिलने वाली आय का उपयोग करेगी। मुख्य उद्देश्य- वायु प्रदूषण में कमी और एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार, पुराने प्रदूषणकारी वाहनों पर नियंत्रण-स्वच्छ ईंधन आधारित वाहनों को प्रोत्साहन, सड़क धूल, वृक्षारोपण और वायु निगरानी नेटवर्क में सुधार मुख्य विशेषताएं, बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों से ग्रीन सेस वसूला जाएगा। इलेक्ट्रिक, हाइड्रोजन, सोलर और बैटरी वाहनों को छूट दी जाएगी। इससे राज्य को लगभग 100 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की आय होने का अनुमान यह राशि वायु निगरानी, रोड डस्ट नियंत्रण, हरित क्षेत्र विस्तार और स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम पर व्यय होगी

### पूजा स्पेशल में बम की अफवाह से हड़कंप

**अलीगढ़ में 40 मिनट तक रुकी रही ट्रेन**

**अलीगढ़।** झारखंड की राजधानी रांची से चलकर दिल्ली के आनंद विहार जा रही पूजा स्पेशल ट्रेन में बम होने की सूचना पर शनिवार की रात हड़कंप मच गया। यह सूचना सोशल मीडिया के जरिए रेलवे अधिकारियों को मिली थी, उस समय तक ट्रेन अलीगढ़ पहुंच चुकी थी। ऐसे में आनन फानन में अधिकारियों ने ट्रेन को अलीगढ़ में रोक कर खाली कराया और बम स्क्वायड और डॉग स्क्वायड की मदद से पूरी ट्रेन की जांच कराई गई। आखिर में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने पर 40 मिनट बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

आरपीएफ के सहायक आयुक्त गुलजार सिंह के अनुसार किसी ने शनिवार की रात सोशल मीडिया पर ट्रेन में बम होने की सूचना प्रयागराज मंडल मुख्यालय को दी थी। इसमें बताया गया था कि ट्रेन नंबर 02877 रांची-आनंद विहार पूजा स्पेशल एक्सप्रेस में बम है। इस सूचना पर मंडल मुख्यालय ने ट्रेन की लोकेशन चेक क। उस समय यह ट्रेन अलीगढ़ पहुंचने वाली थी, ऐसे में आनन फानन में इस ट्रेन को अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर रोका गया। इसके बाद अलीगढ़ आरपीएफ प्रभारी इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह, जीआरपी प्रभारी संदीप तोमर, क्राइम इंटेलिजेंस, सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज मिश्रा की टीम ने ट्रेन को चेक किया।

# यूपी में अगले चार दिन बारिश का अलर्ट

**लखनऊ, वार्ता**

■ छठ पूजा पर बरसेंगे बदरा पड़ेगी कड़ाके की सर्दी

■ बरेली और मुजफ्फरनगर प्रदेश के सबसे ठंडे जिले रहे

यूपी अब सुबह और शाम को ठंड बढ़ने लगी है। दिन के समय में मौसम शुष्क बना हुआ हैं, जबकि सुबह और रात के समय में कहीं-कहीं छिछला कोहरा और धुंध छा रही हैं। यूपी में आज 26 अक्टूबर को भी ऐसा ही मौसम रहा, लेकिन सोमवार से मौसम बदल रहा है। आईएमडी ने प्रदेश में अगले चार दिन बारिश का अनुमान जताया है, जिससे सर्दी बढ़ जाएगी।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को यूपी के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में मौसम शुष्क रहेगा। दिन के समय आसमान साफ रहेगा और धूप निकलेगी, जबकि सुबह और शाम के समय में धुंध और छिछला कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया गया है। शहरी इलाकों के मुकाबले ग्रामीणों क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई हैं और लोगों ने गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दिया है। 27 अक्टूबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है, जो हिमालयी क्षेत्र से टकराने वाला है। जिसका असर उत्तर प्रदेश पर भी दिखाई देगा और मौसम एकदम बदल जाएगा। छठ पर्व पर बादल छाने की संभावना है, जिससे व्रती महिलाओं को परेशानी हो सकती है, कई जगहों पर बारिश भी होगी। सोमवार से अगले चार दिन प्रदेश में कई जगहों पर बारिश होने के आसार बने हुए हैं। 27-28 अक्टूबर को पश्चिमी यूपी के दक्षिणी भाग में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश की बौछारें पड़ने की संभावना है।

पूर्वी यूपी के भी दक्षिणी हिस्सों में बारिश के आसार बने हुए हैं। 29 अक्टूबर को पश्चिमी यूपी में मौसम शुष्क रहेगा, जबकि पूर्वी यूपी में कहीं गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया गया है। 30 अक्टूबर को भी पूर्वी संभाग में बारिश होगी और पश्चिमी यूपी में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। इस दौरान कोई खास चेतावनी नहीं दी गई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# आज दिल्ली क्षेत्र से उत्तर रेलवे द्वारा 33 स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन

## उत्तर रेलवे द्वारा प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर छठ पर्व मनाने के लिए अपने घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए किए विशेष प्रबंध

**नई दिल्ली।** छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों पर बेहतर इंतज़ाम किए हैं, विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए जो पूर्वी भारत की ओर अपने घर जा रहे हैं। दिल्ली एरिया के 6 प्रमुख स्टेशनों: नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, आनंद विहार टर्मिनल, हजरत निजामुद्दीन, शकूरबस्ती और गाज़ियाबाद से कुल 3,51,221 यात्री रवाना हुए। यह संख्या पिछले वर्ष की इसी अवधि (दीपावली के पांचवें दिन, 05.11.2024) की तुलना में 7.86 प्रतिशत अधिक है।

आज 33 स्पेशल ट्रेनें दिल्ली एरिया के प्रमुख स्टेशनों से चलाई जा रही हैं। नई दिल्ली से 9, दिल्ली जंक्शन से 4, आनंद विहार टर्मिनल से 9, हजरत निजामुद्दीन से 2, शकूरबस्ती से 5, दिल्ली सराय रोहिल्ला से 1, शामली से 1 और रोहतक से 2. इसके अतिरिक्त 3 पासिंग स्पेशल ट्रेनें भी निर्धारित की गई हैं। यात्रियों के सुगम आवागमन हेतु, 3 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें ख्र नई दिल्ली/दरभंगा, नई दिल्ली/राजेंद्र नगर टर्मिनल (पटना) और नई दिल्ली/सहरसा को 25.10.2025 को चलाया गया।

# सड़क दुर्घटना में सरधना के युवक की महाराष्ट्र में मौत

**कपड़े का व्यापार करने गया था महाराष्ट्र**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** रोजगार के लिए महाराष्ट्र गए सरधना के युवक की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार शाम को पहुंचे शव को परिजनों ने गमगीन माहौल मे सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के गांव नवादा निवासी मोमिन ग्राम नवादा निवासी फुरकान (34) महाराष्ट्र में कपड़ों की फेरी लगाकर परिवार का पालन पोषण करता था। 3 दिन पूर्व फेरी के दौरान भैंस जिले के तेलंगाना बॉर्डर पर स्थित मार्ग पर युवक का एक्सीडेंट हो गया। जिसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन सिर में गहरी चोट होने की वजह से युवक की जान बच नहीं सकी। पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव को रविवार शाम को दफना दिया गया। फुरकान, मोमिन के पुत्र थे और अपने छह भाइयों और एक बहन में सबसे बड़े थे। उनके पिता मोमिन एक किसान हैं। फुरकान अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गए हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, फुरकान लगभग दो महीने पहले महाराष्ट्र में कपड़ा बेचने गए थे। उनकी मौत की खबर सोशल मीडिया के माध्यम से परिवार तक पहुंची थी। परिवार के लोगों ने बताया कि फुरकान पर ही पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी घर का पूरा खर्च फुरकान ही उठाता अपने दो भाइयों को अपने साथ में रखकर कपड़े का व्यापार करता था।

# कारपेंटर ने पेड़ से लटककर की खुदकुशी



**राजेन्द्र सुबह शौच करने गया था जंगल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** अमरोली उर्फ बड़ा गांव के जंगल में स्थित आम के बाग में पेड़ से लटक कर बड़ा गांव निवासी व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के मुताबिक रविवार को सुबह बड़ा गांव जाने वाले रास्ते पर स्थित आम के बाग में चादर का फंदा लगाकर पेड़ से लटक कर बड़ा गांव निवासी राजेंद्र उम्र लगभग 50 वर्ष ने जीवन लीला समाप्त कर ली सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी होने पर परिजन भी घटना स्थल पर पर पहुंच गए। राजेंद्र के भाई अरुण ने बताया राजेंद्र कारपेंटर का काम करता था वह सुबह के वक्त घर से शोच के लिए जंगल गया था, वापस नहीं लौटा राजेंद्र के काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई सूचना मिली राजेंद्र का शव आम के बाग में पेड़ से लटका हुआ है, उसने आत्महत्या कर ली। राजेंद्र के चार बच्चे हैं बड़ा बेटा 23 साल का है। आत्महत्या क्यों की उसकी उसे जानकारी नहीं है।

# भराला गांव में प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को भराला गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 127 वें एपिसोड को बूथ संख्या- 271 व 272 पर बूथ अध्यक्ष अमित मुखिया के आवास पर ग्राम वासियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना गया।

जिलाध्यक्ष शिव कुमार राणा, सिवाल खास विधानसभा प्रत्याशी मनिंदर पाल सिंह, जिला महामंत्री समीर चौहान, मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, संचालक जिला सहकारी बैंक मदनपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पाल, नामित गन्ना डारेक्टर हरेन्द्र सिंह, संध्या त्यागी, कृष्ण पाल सिंह, मोंटू फौजी, संजय नामदेव, डॉ. धनेश, मोहित राणा, सोनू प्रजापति, ओमवीर सिंह, आशीष सिवाच, अंकुर सिवाच, शिवम सिवाच, गोलू सहित दर्जनों कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह का होगा आयोजन

## 31 से 25 नवम्बर तक हर विधानसभा में निकाली जाएगी पदयात्रा: प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में रविवार को मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह के प्रबंधन आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। डीएम ने प्रभारी मंत्री का शॉल ओढ़ाकर व पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस बीच प्रभारी मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि सम्पूर्ण देश में 31 अक्टूबर से 25 नवम्बर तक पदयात्राएं हर विधानसभा में निकाली जायेगी।

उन्होंने कहा कि पदयात्रा में जन सहभागिता सुनिश्चित की जाये। जहां से पदयात्रा निकाली जायेगी उन सड़क मार्गों को ठीक कराये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने सभी स्कूल, कालेजो में निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल जी के जीवन पर संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक का आयोजन कराये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, संस्थानों में स्वदेशी मेलों का आयोजन, गर्व से स्वदेशी संकल्प भी दिलवाई जाये। इस दौरान योग एवं हेल्थ शिविरों के साथ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाये। पदयात्रा के दौरान सरदार पटेल की प्रतिमा चित्र पर श्रद्धांजलि, आत्मनिर्भर भारत शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रमाण पत्र वितरण होगा। उन्होंने कहा कि आज हम जिस भारत की परिकल्पना में बैठे है जो एक भारत और श्रेष्ठ भारत दुनिया में है इसका श्रेय सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को ही जाता है। उन्होंने कहा कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, के माध्यम से विकसित भारत पदयात्राएं आयोजित कर रहा है। इस दौरान सरदार 150 यंग लीडर्स प्रोग्राम के 150 विजेताओं को राष्ट्रीय पदयात्रा में शामिल होने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पदयात्रा 26 नवंबर से छह दिसंबर तक निकाली जायेगी। 152 किमी की पदयात्रा पटेल जी का जन्मस्थान से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवढ़िया तक निकाली जाएगी। इसके अलावा जनपद में गौशालाओ में साफ-सफाई, भूसा-चारा, चोकर एवं समस्त अन्य आवश्यक व्यवस्थाओ को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि धान क्रय केन्द्र ठीक से संचालित रहे। इस अवसर पर सांसद अरूण चन्द्रप्रकाश गोविल, महापौर हरिकान्त अहलूवालिया, एमएलसी अश्वनी त्यागी, एमएलसी धर्मेन्द्र भारद्वाज, जिलाध्यक्ष शिव कुमार राणा, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी, डीएम, एसएसपी, सीडीओ, नगर आयुक्त आदि रहे।

# घर में अकेली महिला के साथ अश्लील हरकत, विरोध करने पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पड़ोस के एक व्यक्ति पर अश्लील हरकत करने तथा विरोध करने पर मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। ग्राम बोद्रा निवासी एक महिला ने अपने गांव के एक व्यक्ति फैजान व दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें बताया कि शनिवार को वह घर में अकेली थी तभी पड़ोस का उक्त व्यक्ति घर में आया तथा उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ करने लगा, जब उसने विरोध किया और शोर मचाया तो वह भाग गया तब इसकी शिकायत उसके परिवार वालों से की तो आरोपी और दो महिलाओं ने गाली देते हुए लाठी डंडों से मारपीट की जिसमें वह चोटिल हो गई।

## विधायक खेल स्पर्धा 2025-26 क्रीड़ा प्रतियोगिता में...

# चौ. राजपाल सिंह जूडो स्पोर्ट्स एकेडमी में जूडो प्रतियोगिता का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** राष्ट्रीय इंटर कालेज में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा कराई जा रही विधायक खेल स्पर्धा 2025-26 क्रीड़ा प्रतियोगिता में रविवार को भराला स्थित चौधरी राजपाल सिंह जूडो स्पोर्ट्स एकेडमी में जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दादरी में आयोजित वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर तालियां बटौरी। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर जीत दर्ज की।

कार्यक्रम प्रभारी क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि मुख्यातिथि सपा विधायक अतुल प्रधान ने फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। मुख्यातिथि ने कहा कि इस तरह कि खेल प्रतियोगिता से देहात क्षेत्र की प्रतिभाओ को नया प्लेटफार्म मिलता है। खेल में भी सुनहरा भविष्य है। भराला गांव में खेल के प्रति जागरूक है। अकेले गांव में जूडो,बॉक्सिंग, एथलेटिक्स की तीन एकेडमी है। जिसमें देहात क्षेत्र की प्रतिभाए तैयार होकर खेल पटल पर क्षेत्र और देश का नाम रोशन कर रही है। खेल अधिकारी ने बताया कि जूडो प्रतियोगिता में चौधरी राजपाल सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रशिक्षुओं का रहा दबदबा। सब जूनियर बालिका वर्ग में आराध्या भारद्वाज ने-40 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, अनिष्का मुंडलिया ने-44 किलोग्राम भार वर्ग मे स्वर्ण पदक, अदिति सिवाच ने -52 किलोग्राम भार वर्ग मे स्वर्ण पदक, बालक वर्ग में शोभित ने-40 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, दिशान्त भारद्वाज ने-45 किलोग्राम भार वर्ग मे स्वर्ण पदक, वीर चौधरी ने-50 किलोग्राम भार वर्ग मे स्वर्ण पदक और वर्णव ने रजत पदक जीतकर परचम लहराया। जूनियर वर्ग में सृष्टि सिवाच ने-48 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, बालक वर्ग में सिद्धार्थ ने -55 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, आशीष कुमार ने -60 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक, आदित्य कुमार 66 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, वंश ने रजत पदक प्राप्त किया। वहीं दादरी वेटलिफ्टिंग एकेडमी के प्रशिक्षुओं का वेटलिफ्टिंग में दबदबा रहा। इस दौरान सतेन्द्र फौजी, सतीश सिवाच, मयंक सिवाच, भूपेन्द्र एडवोकेट, अरविंद सिवाच आदि मौजूद रहे।

# किठौर पुलिस ने शांतिभंग में आठ को पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने जानकारी देते गए बताया कि पुलिस ने मवाना अड्डे पर ई रिक्शा चालक के साथ झगड़ा कर रहे कस्बा शाहजहांपुर के मोहल्ला नूर सराय निवासी सनी पुत्र जय प्रकाश, वही गांव में आते जाते लोगों से झगड़ा कर रहे ग्राम जड़ौदा निवासी रणवीर पुत्र बीरमा, गांव हसनपुर कलां में आमदा फसाद कर रहे गांव के ही रहने वाले देवेंद्र पुत्र राम सिंह, सुमित उर्फ काली पुत्र महेश कुमार, हर्षित उर्फ बिट्टू पुत्र अनिल, ग्राम माछरा में पड़ोसी के साथ झगड़ा कर रहे रजत पुत्र संजीव त्यागी और कस्बा शाहजहांपुर में मुकदमा लिखाने के कारण पीड़ित से आमदा फसाद करने वाले मोंटी उर्फ वीरेंद्र पुत्र ज्ञानवीर तथा अनुज पुत्र महेंद्र निवासी मोहल्ला नूर सराय कस्बा शाहजहांपुर को शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया।

# शफीक अहमद के पिता के इंतकाल पर सांत्वना देने पहुंचे पूर्व राज्य मंत्री शकील भारती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** एक माह पूर्व जानी ब्लाक के गांव रसूलपुर धौलडी के पूर्व जिला पंचायत सदस्य शफीक अहमद के पिता चौधरी अजीज का हृदय गति रुकने से निधन हो गया था जिसके बाद क्षेत्र की जिम्मेदार व्यक्तियों ने पहुंचकर शफीक अहमद को पिता के इंतकाल की सांत्वना दी। वहीं समाजवादी पार्टी के प्रशासनिक सुधार सलाहकार पूर्व राज्य मंत्री शकील भारती भी रविवार को शफीक अहमद के आवास पहुंचे और उनके पिता चौधरी अजीज के निधन पर दुख प्रकट किया। वहीं उन्होंने कहा की चौधरी अजीज बड़े ही कुशल व्यवहार व्यक्ति थे उनकी मौत का काफी दुख हुआ है। शफीक अहमद के पिता चौधरी अजीज और शकील भारती के पिता सलीम अहमद अच्छे मित्र थे पारिवारिक संबंध थे वहीं शफीक अहमद ने भी पूर्व राज्य मंत्री शकील भारती का हाल चाल जाना क्योंकि शकील भारती का पिछले एक महीने से स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था। इस दौरान दोनों के बीच पारिवारिक व राजनीतिक चर्चा हुई। इस मौके पर एडवोकेट रहीस भारती, आसिफ राजपूत, चौ. अब्बास आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राज्यीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेस्ट एण्ड रोड स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में इसकू ऑल अप कराटे चैम्पियनशिप-2025 का आयोजन इन्टरनेशनल शोटकन कराटे यूनाटेड उ.प्र. द्वारा किया गया। चैम्पियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि एस.पी. ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, कराटे एसोसिएशन जनरल सेक्रेटरी सरदार नरेन्द्र सिंह एवं स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। टूर्नामेंट आर्गेनाइजर वसीम अहमद के नेतृत्व में विभिन्न राज्यों से आए 200 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सभी बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। जीटीबी टीम को बेस्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, आदि आभार व्यक्त किया तथा सभी प्रतिभागियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया एवं कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और नए आयाम स्थापित करने का अवसर प्रदान करेगी।

# पंख डिसएबल वेलफेयर सोसाइटी ने सात साल पूरे होने पर मनाया स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को संस्था के द्वारा कला समारोह नाम से एक कार्यक्रम किया गया जिसमें विभिन्न वर्ग के बच्चों ने हिस्सा लिया। कला समारोह कार्यक्रम में 9 से 15 वर्ष के बच्चों ने तीन प्रकार की कला आकृति बनाकर सभी का मन मोह लिया। अध्यक्षा शबी जेहरा ने बताया कि कला समारोह का आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि हर साल हमारी संस्था बच्चों के लिए कुछ न कुछ करती है। कार्यक्रम में सहुलत क्रेडिट के डायरेक्टर अतिकुल हसन मोहम्मद आसिफ, हुमा खान, मोहम्मद शिबली, आशा रानी, रेशमा मंसूरी, मोहम्मद फरहान, अली अब्बास आदि सदस्य गण मौजूद रहे। बच्चों को पुरूस्कृत भी किया गया।

# फलावदा में जमियत उलेमा जिला मेरठ का चुनाव अधिवेशन आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** अमरोली फार्म हाऊस मवाना रोड फलावदा में जमियत उलेमा ए जिला मेरठ का चुनाव अधिवेशन आयोजित हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता मौलाना मौहम्मद आकिल कासमी अध्यक्ष जमियत पश्चिमी उत्तर प्रदेश ने की। और मुख्य अतिथि महासचिव कारी यामीन अमरोहा रहे। जमियत की तरफ से गठित चुनावी पैनल के सदस्यों मुफ्ती जफर अहमद कासमी फर्रुखाबाद, कारी अब्दुल मुईद चौधरी कानपुर और मुफ्ती शमसुद्दीन कासमी बिजनौर की निगरानी में चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न हुई। कार्यकारिणी की चुनाव सभा में सर्वसम्मति से मौलाना नबील अहमद कासमी को जिलाध्यक्ष, मौलाना अब्दुल मोमिन महासचिव और मौलाना अरीजुददीन कासमी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा मौलाना मौहम्मद आबिद पचपेड़ा, कारी वासिफ किला परीक्षितगढ़, मौलाना अब्दुल्लाह इकला खानपुर और मुफ्ती अब्दुल हादी कायस्थ बड्ढा उपाध्यक्ष चुने गए। हाफिज बाकर हुसैन ज्ञानपुर, हाजी हनीफ मैट्रो और पूर्व जिलाध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन कासमी संरक्षक बनाए गए। अधिवेशन में, हाजी मौहम्मद अली लावड़, कारी हम्माद इशाअती, डॉ. अब्दुल गफ्फार खरखौदा, मौलाना अरशद मवाना, कारी उबैद कैली, मौलाना हबीबुर्रहमान, मौलाना तसव्वुर मजाहिरी, और मौहम्मद माज आबिद महमूदी के अलावा जिला कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

# जयन्त चौधरी ने फिलीपींस में नॉलेज एक्सचेंज मिशन का नेतृत्व किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जब ग्लोबल साउथ के देश एक-दूसरे से सीखते हैं, तो हम केवल ज्ञान का आदान-प्रदान नहीं करते, बल्कि एक साझा भविष्य के लिए सामूहिक शक्ति का निर्माण करते हैं, यह कहना था भारत के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी का। चौधरी 20 से 22 अक्टूबर 2025 तक फिलीपींस की अपनी नॉलेज एक्सचेंज मिशन यात्रा के दौरान बोल रहे थे। विश्व बैंक द्वारा सुगम की गई इस यात्रा ने कौशल, उद्यमिता और मानव पूंजी विकास के क्षेत्र में ग्लोबल साउथ के देशों के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने में भारत की बढ़ती नेतृत्वकारी भूमिका को रेखांकित किया। चौधरी ने कहा, फिलीपींस की इस यात्रा ने हमारे दोनों देशों के बीच गहरे आत्मीय संबंधों और साझा आकांक्षाओं को एक बार फिर मजबूत किया है। भारत फिलीपींस साझेदारी इस विश्वास पर आधारित है।

# रीना सलमानी महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** क्षेत्र के गांव बोंद्रा में राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के राष्ट्रीय अ2यक्ष संजीव कुमार सेंगर ने रीना सलमानी निवासी बोंद्रा को राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ का मेरठ महिला मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मनोनीत किया। इस दौरान एक सम्मान समारोह का आयोजित किया गया जिसमें संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर ने कहा कि गौ रक्षा दल देश का सबसे बड़ा संगठन है। अगर किसी गौशाला में कोई परेशानी होती है। तो हमारा दल उसका समाधान कराने का प्रयास करता है। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति फेज-5: मेरठ पुलिस ने चलाया व्यापक जन-जागरूकता अभियान

**महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए थानों की टीमों ने लगाए संवाद चौपाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर मेरठ पुलिस ने रविवार को मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत पूरे जनपद में जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अपराध नोडल अधिकारी मिशन शक्ति के निर्देशन में सभी थानों की एंटी रोमियो टीम, शक्ति दीदी और महिला बीट अधिकारी सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों, बाजारों और अस्पतालों में पहुंचीं और महिलाओं से सीधा संवाद किया। टीमों ने महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1098, 181, 1076, 1930, 102 और 108 की जानकारी दी। साथ ही महिलाओं और छात्राओं को गुड टच-बैड टच, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न पोक्सो अधिनियम, बाल श्रम और साइबर अपराधों से जुड़ी जानकारी देकर सतर्क रहने की सलाह दी गई।

**थाना-वार प्रमुख गतिविधियां**

थाना लालकुर्ती पुलिस टीम ने महिलाओं व बच्चों को सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। थाना पल्लवपुरम ग्राम खनौदा में एंटी रोमियो टीम ने चौपाल लगाकर महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्र व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। थाना मवाना मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को 1090, 181, 112, 1930 आदि नंबरों से अवगत कराया। थाना इंचोली लावड़ बाजार में चौपाल लगाकर मिशन शक्ति केंद्र व महिला सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई। थाना मुंडाली ग्राम मुंडाली में महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्रों व सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। थाना देहली गेट मीना बाजार में महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। थाना कोतवाली मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को आत्मरक्षा, हेल्पलाइन नंबर और योजनाओं के बारे में बताया। अभियान के दौरान पुलिस ने महिलाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित कई योजनाए बताई। इस बीच टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी लगन से कार्य किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# राष्ट्रपति ने किया यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का उद्घाटन



**गाजियाबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गाजियाबाद के इंदिरापुरम में यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकार्पण समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हेल्थकेयर सेक्टर में निवेश नवाचार और गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं की दिशा में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में स्थापित यशोदा मेडिसिटी इसका सशक्त उदाहरण है। यह केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि वर्ल्ड क्लास हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर की नई परिभाषा है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के माध्यम से न केवल एनसीआर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के नागरिकों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं एक ही छत के नीचे प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों को अब दिल्ली में महंगे इलाज के लिए भटकने की जरूरत नहीं, क्योंकि गाजियाबाद में ही वर्ल्ड क्लास हेल्थकेयर उपलब्ध हो गया है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में जब उत्तर प्रदेश में थर्ड ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित हुई थी, उस समय डॉक्टर पीएन अरोड़ा ने इन्वेस्ट यूपी के साथ एमओयू किया था कि गाजियाबाद में यशोदा मेडिसिटी के नाम से अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण करेंगे। इसमें सभी प्रकार की सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं होंगी और विशेष रूप से कैंसर की अत्याधुनिक सुविधा भी, जिसके लिए पहले लोगों को विदेश जाना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि तब यह विश्वास नहीं होता था कि इतनी जल्दी यह संभव होगा, लेकिन डॉक्टर पी.एन. अरोड़ा, डॉक्टर उपासना अरोड़ा और उनकी पूरी टीम ने मात्र तीन वर्षों में इसे साकार कर दिखाया। यह इन्वेस्टमेंट भी है और 5000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार का माध्यम भी। इस अस्पताल में डॉक्टर, पैरामेडिक्स, नर्सिंग स्टाफ और अन्य हेल्थकेयर से जुड़े 5000 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन वर्षों में यह जो काम हुआ है वह उत्तर प्रदेश के बदलते निवेश माहौल और मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की शक्ति को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 11 वर्षों में हेल्थ सेक्टर में ऐतिहासिक सुधार किए हैं। उत्तर प्रदेश ने भी इस दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। राज्य में अब तक 42 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि दो एम्स (गोरखपुर और रायबरेली) सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मिले और हेल्थकेयर में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित हो। योगी आदित्यनाथ ने भारतीय दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय मनीषा कहती है कि "शरीरं माध्यमं खलु धर्मसाधनम्" यानी जीवन के सभी उद्देश्यों की पूर्ति एक स्वस्थ शरीर से ही संभव है। उन्होंने कहा कि यशोदा मेडिसिटी इसी भावना को मूर्त रूप देती है। यहां कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जो अब तक केवल विकसित देशों में ही मिलती थीं।

मुख्यमंत्री ने डॉक्टर पी.एन. अरोड़ा, डॉक्टर उपासना अरोड़ा और उनकी पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश और एनसीआर के नागरिकों के लिए हेल्थकेयर की नई दिशा तय की है। उन्होंने कहा कि डॉ. अरोड़ा का व्यवहार, सेवा भावना और प्रतिबद्धता उन्हें विशिष्ट बनाती है। वे हर जरूरतमंद का इलाज सुनिश्चित करते हैं, चाहे आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि यशोदा मेडिसिटी जैसे प्रोजेक्ट न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर रहे हैं, बल्कि रोजगार और विश्वास का नया अध्याय भी लिख रहे हैं। यह अस्पताल उत्तर प्रदेश की उस नई सोच का प्रतीक है, जो स्वास्थ्य, निवेश और सेवा को एक सूत्र में जोड़ती है।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का प्रदेश सरकार की ओर से स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रपति का मार्गदर्शन हम सबके लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जी ने शून्य से शिखर तक की यात्रा कैसे की जाती है, यह अपने विराट व्यक्तित्व और कृतित्व से देश की 140 करोड़ आबादी, विशेषकर आधी आबादी के सामने प्रेरणा का स्रोत बनकर दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ जैसे पर्व की पूर्व संध्या पर आयोजित इस पावन अवसर पर वे राष्ट्रपति जी का अभिनंदन करते हैं।

उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भी स्वागत करते हुए कहा कि वे उत्तर प्रदेश के विकास से संबंधित हर मुद्दे पर सहज भाव से मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रज. ेश पाठक, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, यशोदा मेडिसिटी के अध्यक्ष और एमडी डॉ. पीएन अरोड़ा और डॉ उपासना अरोड़ा उपस्थित रहीं।

## मुरादनगर पुलिस की गौकश से मुठभेड़



**मुरादनगर।** थाना मुरादनगर पुलिस टीम ने मुठभेड़ में गौकशी की घटना में शामिल एक आरोपी को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके दो अन्य साथियों को कांबिंग के दौरान दबोच लिया गया। पुलिस ने मौके से एक जीवित गोवंश, अवैध तमंचा, कारतूस, रस्सी, लोहे की दाव, तीन छुरियां और लकड़ी का गुटका बरामद किया है।

थाना मुरादनगर पुलिस टीम गंगनहर तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि 6-7 व्यक्ति एक गोवंश को गोकशी के लिए रेगुलेटर से शहजादपुर रोड स्थित गन्ने के खेत में ले गए हैं, जिनके पास असलहा भी है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की।

पुलिस को देखते ही गोकशों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायर की। जिसमें एक आरोपी हनीफ पुत्र सफाकत निवासी कलछीना, थाना भोजपुर, गाजियाबाद के पैर में गोली लग गई।

घायल आरोपी से पूछताछ में पता चला कि उसके साथी हबीब, इकरार, रमजानी, अब्दुल और मेहर आलम मौके से भाग गए। पुलिस ने कांबिंग कर दो अभियुक्त इकरार पुत्र मोमिन निवासी अजराड़ा थाना मुंडाली मेरठ तथा हबीब पुत्र सफाकत निवासी कलछीना थाना भोजपुर को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे सभी मिलकर लावारिस गाय-बछड़ों को पकड़कर गोकशी करते हैं और मांस को दिल्ली में मुन्ना ढकिया नामक व्यक्ति को बेचते हैं। करीब 10-11 दिन पहले भी उन्होंने जलालाबाद गांव के खेत में आठ गोवंशों की गोकशी कर मांस को दिल्ली पहुंचाया था।

पुलिस ने मौके से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस, 01 जीवित गोवंश, 04 रस्सी, 01 लोहे की दाव, 03 छुरियां और 01 लकड़ी का गुटका बरामद किया। घायल हनीफ को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम ने किया बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के द्वारा स्टार इंडिया शूटिंग अकादमी मनौटा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी व राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख ने नियुक्ति पत्र देते हुए भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के संगठन का विस्तार किया गया।

जिसमें अक्षय कान्त श्रोत्रिया को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया। अंकुर नेहरा को शहर मोदीनगर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। शूटिंग के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनोज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश नियुक्त किया गया।

दिनेश चौधरी को तहसील मोदीनगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया और सोनपाल नेहरा को ब्लॉक अध्यक्ष भोजपुर ब्लॉक नियुक्त किया गया।

सभा की अध्यक्षता ओमवीर सिंह ने की और संचालन विराट सांगवान ने किया निम्न व्यक्तियों की उपस्थिति चेतन सिंह, रीतिपाल चौधरी, सुशील दहिया, गुरपाल सरदार, देव त्यागी, अनुभव चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## जनपद की तीन सड़कों के चौड़ीकरण को मिली मंजूरी

**गाजियाबाद।** पीडब्ल्यूडी को गाजियाबाद में तीन सड़कों के चौड़ीकरण के लिए मंजूरी दे दी है। पीडब्ल्यूडी ने इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं लोनी, मुरादनगर और मोदीनगर की 40 सड़क और संपर्क मार्गों की भी मरम्मत कराई जाएगी। इस बार मॉनसून के कारण गाजियाबाद की कई सड़कें खराब हो गई हैं। सड़कें गड्ढों में तब्दील है। इस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़कों पर गड्ढे होने के कारण हादसा होने का डर रहता है। मोदीनगर, लोनी और मुरादनगर के संपर्क मार्गों क्षतिग्रस्त है। स्थानीय लोग लोक निर्माण विभाग से सड़कों की मरम्मत कराने की मांग कर रहे हैं। लोक निर्माण विभाग सड़कों की मरम्मत कराएगा। पीडब्ल्यूडी के एक्सईन राजाराम ने बताया कि पहले चरण में 40 सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाई जा रही है। नवंबर के पहले सप्ताह में सड़कों की मरम्मत का काम शुरू करा दिया जाएगा।

उन्होंने बताया इसके अलावा शासन ने तीन सड़कों के चौड़ीकरण की मंजूरी दी है। चौड़ीकरण का काम जल्दी शुरू कराया जाएगा। सड़क के चौड़ीकरण होने से लोगों को राहत मिलेगी। देहात की सड़कों पर गड्ढे होने के साथ लोग धूल उड़ने से भी परेशानी झेल रहे हैं। सड़कों पर गड्ढे होने से हादसे हो रहे हैं। मोदीनगर, लोनी और मुरादनगर की ज्यादातर सड़कों पर धूल उड़ रही है। इस कारण वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। प्रदूषण होने से भी लोगों को परेशानी रहती है। उम्मीद है कि सड़कों की मरम्मत के बाद धूल नहीं उड़ेगी। इससे वायु प्रदूषण कम होगा। एनएच-9 से रोज वैली स्कूल तक की सर्विस रोड। डासना मुख्य मार्ग से इकला-इनायतपुर। तुलसी निकेतन से वजीराबाद रोड के दोनों तरफ जहां यूटर्न हैं, वहां सड़क को चौड़ा किया जाएगा। दुहाई-भिक्कनुपर से रेवड़ा रेवाड़ी तक की सड़क पर काम होगा। राजाराम, एक्सईएन, लोक निर्माण विभाग, 'शासन ने तीन सड़कों के चौड़ीकरण की मंजूरी दे दी है। इन पर जल्दी काम शुरू कराया जाएगा। 40 सड़क और संपर्क मार्गों की मरम्मत भी कराई जाएगी।'

## एमपीएस पब्लिक स्कूल में इंटर-हाउस टंग ट्विस्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एमपीएस पब्लिक स्कूल में इंटर-हाउस टंग ट्विस्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। गांधी हाउस ने 10 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शिवा. जी हाउस 9 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

नेहरू हाउस ने 5 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों में ब्लू हाउस के अभिजीत, सक्षम, अमीश, अंश सैनी, अंशिका और अन्य छात्र शामिल थे। येलो हाउस के अंशिका वर्मा, प्रिंस, मानसिक, धैर्य, आसमा, वैष्णवी और अन्य छात्रों ने भी भाग लिया। रेड हाउस के अभय वर्मा, मोहम्मद अशरफ, आदर्श नौटियाल, अंश सिलेक्शन, अरनव, आलिया, अनिका और अक्षय ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई। ग्रीन हाउस की प्रति, शुभ बसु, सिमरन, आयुषी, ऋषभ नेगी और गौरी ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

विद्यालय के प्रबंधक राजीव त्यागी, निदेशिका आशा त्यागी व प्रधानाचार्या सुनीता जॉनसन ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रधानाचार्या सुनीता जॉनसन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के भाषा कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद करते हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह एक अद्भुत अनुभव होगा।

## मोदीनगर पुलिस ने दो हत्यारोपी किए गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर में 16 अक्टूबर को की गई अहसान की हत्या में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है उनके कब्जे से तमंचा वो कारतूस भी बरामद हुए हैं। एसीपी ने बताया कि 16 अक्टूबर को विश्वकर्मा बस्ती में अहसान की हत्या कर दी गई थी,उनकी पत्नी फरजाना की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी उसी के अंतर्गत रविवार को थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तों 01. मेजर उर्फ जावेद पुत्र आबिद निवासी ग्राम मछरी थाना भोजपुर गाजियाबाद उम्र करीब 19 वर्ष 2. सुहेल पुत्र साबिर निवासी ग्राम मछरी थाना भोजपुर गाजियाबाद उम्र करीब 19 वर्ष को मोदीनगर तिबडा बम्बा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद तमंचा देशी 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस व 01 खोखा कारतूस बरामद हुए। उक्त बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि अन्य वांछित अभियुक्तों सादिम, राशिद, पूजा किन्नरव मोमीन पुत्र शकूर निवासी नोएडा की तलाश जारी है।

## बढ़े संपत्ति कर पर एक रिपोर्ट बनाकर मुख्यमंत्री को जल्दी देंगे: असीम अरुण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बढ़े संपत्ति कर विषय को लेकर पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के 21 सदस्यों ने हस्ताक्षर कर एक पत्र जिला प्रभारी मंत्री असीम अरुण को सौंपा। पत्र के माध्यम से पार्षदों ने बताया कि नगर निगम की 30 जून 2025 बोर्ड बैठक में सभी पार्षदों, पदेन सदस्यों व माननीय महापौर सुनीता दयाल जी द्वारा बढ़े संपत्ति कर को सर्वसहमति से निरस्त कर दिया गया था। फिर भी निगम के अधिकारियों द्वारा शहर से बढ़ा संपत्ति कर वसूला जा रहा है।

बढ़ा संपत्ति कर नगर के प्रत्येक व्यक्ति को प्रभावित करता है जिस से नगर की जनता त्रस्त है। कुछ लोगों द्वारा अज्ञानता या मजबूरी वश बढ़ा संपत्ति कर जमा भी करा दिया गया है। जनता बढ़े संपत्ति कर को स्वीकार नहीं कर रही है। निगम के अधिकारी विपक्ष का कार्य कर रहे है। 30 जून की बोर्ड बैठक के मिनट्स अभी तक पार्षदों को नहीं दिए गए है। जब कि मिनट्स के पांच पेजों को सोशल मीडिया पर लीक कर दिया है। ये सभी कागज गोपनीय है। अधिकारियों द्वारा पार्षदों को मिनट्स नहीं दिए जा रहे जबकि उस के पन्ने को सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करना भी गलत है।

प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने पार्षदों को आश्वासन देते हुए बताया कि गलत तरीके से बढ़े संपत्ति कर को लेकर मुख्यमंत्री से वार्ता हुई है वह जल्दी ही इस विषय पर एक रिपोर्टर बनाकर मुख्यमंत्री को भी देंगे।

इस अवसर पर पार्षद नीरज गोयल, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद पूनम सिंह, पार्षद कुसुम मनोज गोयल पार्षद शशि गौतम, पार्षद शिल्पा चौधरी, पार्षद मिथलेश तीतोरिया, पार्षद नीलम भारद्वाज, पार्षद रुखसाना सैफी, पार्षद प्रतिमा शर्मा, पार्षद रेखा गोस्वामी, पार्षद देव नारायण, पार्षद ओम प्रकाश ओढ, पार्षद राजीव भाटी, पार्षद अनिल तोमर, पार्षद राजकुमार राजू, पार्षद रामनिवास बंसल, पार्षद प्रमोद राघव, पार्षद सतेंद्र चौधरी व पूर्व पार्षद जाकिर सैफी ने हस्ताक्षर कर पत्र सौंपा।

## फ्लैट पर कब्जे के आरोप में दंपती पर मुकदमा

**साहिबाबाद।** टीलामोड़ थाना क्षेत्र स्थित दिल्ली-99 सोसायटी निवासी मोहित राव और उनकी पत्नी सर्वेश पर फ्लैट पर कब्जा करने का आरोप लगा है। हिंदुजा फाइनेंस लिमिटेड के अधिकारी अंकित गर्ग ने दंपती पर आरोप लगाते हुए 24 अक्टूबर की रात टीलामोड़ थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि उन्होंने सोसायटी के सुरक्षाकर्मियों के साथ मिलकर कंपनी में बंधक रखे गए फ्लैट का ताला तोड़ा और कब्जा किया।

दर्ज मुकदमे में अंकित गर्ग ने बताया कि दिल्ली 99 सोसायटी के पांचवें तल पर स्थित फ्लैट हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के कब्जे में है। लोन बकाया होने के चलते कंपनी ने उसे इस साल अप्रैल में अपने कब्जे में लिया था। उसके बाद मई में कोर्ट ने दंपती को सात दिनों में तीन लाख रुपये की अग्रिम राशि और छह महीने में लोन की बकाया राशि का भुगतान करने के आदेश दिए। 20 जून को डिमांड ड्राफ्ट के जरिए कुछ भुगतान किया गया लेकिन उसके बाद से कोई रकम नहीं दी।

आरोप है कि दंपती ने इसके बाद सुरक्षा कर्मियों की मदद से फ्लैट का ताला तोड़ कर कब्जा कर लिया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि दंपती के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

कंपनी के दस्तावेज और साक्ष्यों की जांच की जा रही है। दूसरे पक्ष के भी बयान दर्ज कराए जाएंगे। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग मामले में एक नामजद समेत दो गिरफ्तार

**साहिबाबाद।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र के गगन विहार निवासी प्रॉपर्टी डीलर मनीष कुमार पर फायरिंग करने वाले दो आरो. पियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें एक जोगेंद्र उर्फ जग्गा है। 24 अक्टूबर को उन्हें कोर्ट में पेश कर न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया। पुलिस मामले के मुख्य आरोपी अमन अघाना को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

प्रॉपर्टी डीलर मनीष की कॉलोनी में अमन अघाना की मौसी रहती हैं। इस वजह से उसका कॉलोनी में आना-जाना है। कुछ समय पहले अमन और मनीष की एक विवाद के चलते कहासुनी हो गई थी। मनीष का आरोप था कि तभी से अमन उनसे रंजिश मान रहा था। नौ सितंबर को अमन ने उनपर हमला किया था। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

आरोप है कि 20 अक्तूबर की रात जब वह अपनी पत्नी दर्शना और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर के दरवाजे पर खड़े थे। तब अमन मुकदमा वापस लेने के लिए कहने लगा। उनके इन्कार करने पर आरोपी ने पिस्टल निकालकर फायर कर दिया। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मामले के एक आरोपी जोगेंद्र उर्फ जग्गा व एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्यारोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के बी.फार्मा छात्रों का कैलाश हेल्थ विलेज में शैक्षणिक भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज ने बी.फार्मा छात्रों के लिए शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह भ्रमण कैलाश हेल्थ विलेज, नोएडा में हुआ। इसका उद्देश्य छात्रों को स्वास्थ्य सेवाओं और वेलनेस क्षेत्र की व्यावहा. रिक जानकारी देना था।

भ्रमण का नेतृत्व प्रो. (डॉ.) शालिनी शर्मा, निदेशक, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज ने किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो चांसलर (प्रशासन) पियूष श्रीवास्तव, प्रो चांसलर (अकादमिक्स) विमल कुमार शर्मा, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन के मार्गदर्शन से संभव हुआ।

कैलाश हेल्थ विलेज एक प्रसिद्ध वेलनेस सेंटर है। यहाँ आधुनिक चिकित्सा के साथ योग, नेचुरोपैथी, फिजियोथेरेपी और न्यूट्रिशन थेरेपी जैसी पद्धतियाँ अपनाई जाती हैं। छात्रों ने देखा कि दवाओं और प्राकृतिक उपचार के मेल से कैसे रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलता है। भ्रमण के दौरान छात्रों का स्वागत हेल्थ विलेज की प्रबंधन टीम और चिकित्सा विशेषज्ञों ने किया। परिचय सत्र में विशेषज्ञों ने केंद्र की कार्यप्रणाली और उपचार दर्शन बताया। उन्होंने समझाया कि आज की चिकित्सा में इंटीग्रेटिव मेडिसिन यानी औषधीय और वेलनेस थेरेपी का मिश्रण तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। विश्वविद्यालय ने डॉ. स्मिता कोहली, सेंटर हेड, कैलाश हेल्थ विलेज और उनकी टीम का धन्यवाद किया, जिन्होंने इस भ्रमण को संभव बनाया। वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि ऐसे भ्रमण छात्रों के सर्वांगीण विकास में मदद करते हैं। चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय आगे भी उद्योग और संस्थानों के सहयोग से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

अंत में प्रो. (डॉ.) शालिनी शर्मा ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कैलाश हेल्थ विलेज की टीम का आभार व्यक्त किया। प्रोफेसर डॉ. जसप्रीत कौर, कोमल भाटी और अंकुर श्रीवास्तव ने भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का साथ दियाऔर उन्होंने विद्यार्थियों को केंद्र की विभिन्न गतिविधियों को समझने में सहायता की।

# श्मशान घाट की भूमि से प्रशासन ने हटवाया अवैध कब्जा

## 17 वर्ष से चल रहा था श्मशान घाट की भूमि पर अवैध कब्जा, आदेश के बाद चलाया बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** थाना क्षेत्र के टीकरी कस्बे में 17 वर्षों से श्मशान घाट की भूमि पर चल रहे अवैध कब्जे को प्रशासन ने हटाना शुरू कर दिया है। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर अधिकांश मकानों को गिरा दिया गया। अब श्मशान घाट की जल्द ही चारद.ीवारी कराई जाएगी।







कस्बे में करीब पांच बीघा से अधिक श्मशान घाट की भूमि है। इस पर वर्ष 2008 से कुछ लोगों द्वारा लगभग दो बीघा जमीन पर अतिक्रमण कर मकान बना लिए गए थे। इन मकानों को हटवाने की मांग को लेकर कस्बावासी 39 दिनों से धरना दे रहे थे। धरना दे रहे लोगों का कहना था कि न्यायालय के आदेश के बाद भी श्मशान घाट से अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा था। डीएम ने धरना दे रहे लोगों को आश्वासन दिया था कि त्योहार के बाद शीघ्र ही श्मशान से अतिक्रमण हटवाया जाएगा। नायब तहसीलदार विनोद कुमार के नेतृत्व में राजस्व टीम और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में श्मशान घाट की भूमि पर बने 18 मकानों में से 15 मकान मौके पर ही गिरा दिए गए। धरने पर बैठे लोगों ने प्रशासन से स्पष्ट कहा कि जब तक पूर्ण रूप से अतिक्रमण नहीं हटेगा, तब तक धरना जारी रहेगा। राजस्व विभाग की टीम, लेखपाल धर्मेंद्र कुमार और दोघट थाना अध्यक्ष सूर्यदीप सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे। धरने पर विनोद, अमित, पुनीत, विपिन, आदि रहे। इस संबंध में एसडीएम बागपत और अधिशासी अधिकारी टीकरी अमर चंद वर्मा ने बताया कि श्मशान घाट की भूमि से अवैध कब्जा हटवाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 15 में से 12 मकानों को गिराया गया है, जबकि तीन परिवारों के पास कोई अन्य मकान या पट्टा नहीं है। जब तक उन्हें कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं मिल जाती, वे तीनों परिवार अपने मकानों में ही रहेंगे।

# करंट लगने से व्यक्ति की मौत, परिजनों में शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिनौली थाना क्षेत्र के बिजवाड़ा गांव में पूर्व प्रधान के भाई सरविन की आटा चक्की पर काम करते समय करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना सुबह के समय हुई।



मृतक का फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार, सरविन अपनी आटा चक्की पर काम कर रहे थे, तभी अचानक उन्हें बिजली का झटका लगा और वे जमीन पर गिर पड़े। परिजन उन्हें बचाने के लिए दौड़े, लेकिन तब तक उन्होंने दम तोड़ दिया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक सरविन पूर्व प्रधान के भाई थे। उनकी शादी 19 वर्ष पहले हुई थी और उनके दो बेटे हैं, जिनके नाम राज और कार्तिक हैं। परिवार में पूर्व प्रधान सहित कुल तीन भाई थे।

## आरटीओ ने की स्कूल बसों और वैन की सघन जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र में आरटीओ राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्कूल बसों और वैन की सघन जांच की गई। इस अभियान में वाहनों के परमिट, फिटनेस और बीमा सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की पड़ताल की गई।

दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर आरटीओ टीम ने वाहनों का चालान किया। जो वाहन निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे, उन्हें सीज कर दिया गया। आरटीओ राघवेंद्र सिंह ने बताया कि जांच के दौरान दो निजी नंबर वाली स्कूल वैन और एक स्कूल बस को सीज किया गया है।

इसके अतिरिक्त, एक निजी नंबर वाली स्कूल वैन का फिटनेस और अन्य दस्तावेजों के अभाव में चालान किया गया। आरटीओ राघवेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि छात्रों को लाने-ले जाने वाले सभी वाहन और स्कूल बसें शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिएं।

उन्होंने चेतावनी दी कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि वाहनों में फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज अनिवार्य हैं, साथ ही अग्निशामक यंत्र और फर्स्ट एड बॉक्स का होना भी आवश्यक है। सभी स्कूल संचालकों को स्कूल बसों के संबंध में दिए गए सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है। आरटीओ ने चेतावनी दी है कि नियम विरुद्ध बसों का संचालन पाए जाने पर भविष्य में भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## ईंट भट्टे की दीवार गिरने से हुए हादसे के मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गोना गांव स्थित एएसपी महादेव ब्रिक फील्ड ईंट भट्टे की दीवार गिरने से हुए हादसे के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस हादसे में मुनीम दिनेश यादव और मजदूर राजेंद्र की मौत हो गई थी, जबकि दो मजदूर घायल हुए थे। मृतक के परिजनों की तहरीर पर शनिवार शाम एफआईआर दर्ज की गई।

यह घटना बीते गुरुवार सुबह हुई थी, जब भट्टे की दीवार अचानक ढह गई। मुनीम दिनेश यादव निवासी गोना और मजदूर राजेंद्र 50 वर्षीय पुत्र रूपचंद निवासी निस्तौली, गाजियाबाद की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दो अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल भी हुए थे।

मृतक राजेंद्र के बेटे रवि पुत्र राजेंद्र निवासी निस्तौली ने थाना चांदीनगर में तहरीर दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि भट्टे की बाउंड्री वॉल काफी समय से जर्जर थी, लेकिन भट्ठा मालिक ने उसकी मरम्मत नहीं कराई। रवि के अनुसार, इसी लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। रवि ने बताया कि 13 अक्टूबर को उनके पिता ईंट भरने के लिए भट्ठे पर गए थे, तभी दीवार गिर गई और नीचे दबने से उनकी मौत हो गई।

ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर ईंटें हटाईं, तो राजेंद्र दीवार के नीचे मृत अवस्था में मिले। थाना चांद.ीनगर प्रभारी अतर सिंह ने पुष्टि की है कि मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### विवाहिता ने लगाया अपने ससुरालियों पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कोतवाली में मारपीट का एक मामला सामने आया है। एक युवती अपने परिजनों के साथ खेकड़ा थाने पहुंची और अपने ससुराल पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। तहरीर के अनुसार, युवती खेकड़ा की निवासी है, जिसकी शादी लगभग सात साल पहले खेकड़ा थाना क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर थाना खेकड़ा निवासी एक युवक से हुई थी। युवती और उसके परिजनों ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की है। युवती के चेहरे और शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। पीड़ित पक्ष ने अपनी तहरीर में ससुराल पक्ष के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने इस मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### पैसे के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पुरनपुर नवादा गांव मे पैसे के लेन देन को लेकर दो पक्षों मे मारपीट हो गयी। दोनो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। पुरनपुर नवादा निवासी तस्लीम के गांव के ही मेहरूदीन पर दो हजार रूपये उधार है। मांगने गए तो मना कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षो में मारपीट हो गयी। समीम पुत्र दिनु ने 112 पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी। वही दोनो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है।

### कलश स्थापना व चातुर्मास कलश वितरण का कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज द्वारा रविवार को कौशल भवन सभागार में आचार्य श्री 108 नयन सागर मुनिराज के सान्निध्य में पिची परिवर्तन समारोह, कलश स्थापना तथा चातुर्मास कलश वितरण का दिव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पाद-परिक्षालन करने का सौभाग्य सुनील कुमार जैन एवं आकाश जैन (न्यू चंदा ज्वेल्स) को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य सुनील जैन एवं बिजेंद्र जैन को प्राप्त हुआ। पूरे कार्यक्रम में धर्मानुरागी समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और आचार्य श्री के मंगल वचनों का लाभ प्राप्त किया। आचार्य श्री ने प्रवचन करते हुए कहा कि पीछि जीवों की रक्षा के लिए होती है। यह अत्यंत कोमल होती है तथा बैठने के समय भूमि पर उपस्थित सूक्ष्म धूल-कणों को हटाने तथा हल्का पसीना सुखाने में सहायक होती है। उन्होंने आगे समझाया कि पीछि मोरपंख से बनी होती है, जो स्वयं मोर द्वारा स्वाभाविक रूप से झड़ा हुआ होता है। इसमें किसी भी प्रकार से हिंसा का संयोग नहीं होता। पीछि पर कभी भी कठोर व भारी वस्तुओं का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे जीवों की रक्षा का उद्देश्य बाधित होता है। पीछि मुनिराजों की अहिंसा-परायणता एवं करुणा का प्रतीक है। यह उन्हें सतत स्मरण कराती है कि हर जीव की रक्षा हमारा प्रथम धर्म है। जब पीछि में कोई कठोरता या क्षति आ जाती है, तब उसे परिवर्तित करने का विधान है, जिससे उसका शुद्ध प्रयोग निरंतर बना रहे। आचार्य ने यह भी कहा कि जो व्यक्ति पीछि का भाव समझकर श्रद्धा से उसका दर्शन करता है, वह भी अहिंसा के इस महान व्रत का पुण्य अर्जित करता है। आज की धर्म सभा में प्रवीण जैन मनोज जैन मनोज जैन संभव धनेंद्र जैन हर्षित जैन अनुराग मोहन पुनीत जैन आनंद जैन दिनेश जैन आदित्य जैन धनपाल जैन अनुराग जैन अजय जैन सचिन जैन अमित जैन अंकुर जैन आदि उपस्थित रहे।

### चिकित्सा शिविर में 427 रोगियों की गई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** जिवाना के आर्य कन्या इंटर कालेज में वरदान सेवा संस्थान गाजियाबाद एवं डा.केएस सोलंकी फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा, मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं छाती रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 427 रोगियों की जांच कर दवाइयां वितरित की। शिविर का शुभारंभ मेजर जनरल डा.कर्ण सिंह सोलंकी ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.के उपाध्याय, डा.एसके शर्मा, डा. एस सिंघल आदि ने 312 नेत्र रोगियों की जांच कर दवाइयां व चश्मे वितरित किए, जिनमें से 80 रोगियों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिया किया गया, जिनको ऑपरेशन के लिए गाजियाबाद ले जाया गया। उधर छाती रोग विशेषज्ञ डा.विक्रांत सोलंकी ने 115 स्वास, दमा, खांसी से पीड़ित रोगियों की जांच कर दवाइयां वितरित की। आयोजन में संयोजक एवं कॉलेज अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी, वीरेंद्र कुमार एडवोकेट, पुष्पेंद्र सोलंकी, प्रधानाचार्य तेज़बीरी देवी, तेजपाल सिंह, नीरज सोलंकी, विश्वपाल, वीर बहादुर, मोहित तोमर आदि का सहयोग रहा।

### सुभाष के आवास पर सर्वसमाज की पंचायत आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर स्थित चौधरी चौरासी देशखाप पं सुभाष शर्मा के आवास सर्वसमाज की पंचायत आयोजित की गई। कार्यक्रम में समझ में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों पर विचार मंथन किया गया। इस अवसर पर नारी सशक्तिकरण, दहेज प्रथा खाप खेड़ा खेत सशक्तिकरण, समाज में व्याप्त अपराधिक प्रवृत्ति सामाजिक एकता आदि मुद्दों पर सभी गणमान्य द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में इतिहासकार अमित राय जैन ने इतिहास एवं खाप परंपरा पर विचार प्रकट किया। वहीं इतिहासकार महक सिंह द्वारा भी खाप इतिहास पर प्रकाश डाला गया कार्यक्रम संचालन करता सतीश शास्त्री वह ओमवीर तोमर रहे। कार्यक्रम में देशखाप चौधरी चौधरी सुरेंद्र सिंह, थांबा चौधरी ओमकार दत्त, चौधरी हरिओम शर्मा, सुभाष बावली थंबा चौधरी यशपाल सिंह, दागड़ खाप प्रधान विनोद सिंह कैप्टन, धनखड़ खाप जितेंद्र धामा चौधरी, जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा महेंद्र दत्त शर्मा अनिल शर्मा जागौश, दिनेश शर्मा, कुलदीप भारद्वाज, आचार्य सोनू पंडित केडी शर्मा, बतीसा चौधरी अनिल शर्मा, राजपाल शर्मा विजयपाल शर्मा, गौरव, तेजपाल ओमवीर सिंह तांबा हरिओम पुष्पेंद्र शर्मा कफी संख्या में सम्मानित गणमान्य मौजूद रहे।

## सपाईयों ने संत शिरोमणि नामदेव महाराज की मनाई जयंती, बैठक आयोजित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को समा.जवादी पार्टी कार्यालय पर संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती मनाई गई। इसके बाद पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने उनको श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।

इस दौरान एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि संत शिरोमणि नामदेव महाराज 13वीं 14वीं के संत, कवि और आध्यात्मिक चिंतक थे उन्होने प्रेम, भक्ति और अध्यात्मिक संदेश का प्रचार प्रसार किया। साथ ही साथ दिसंबर 2026 में प्रस्तावित मेरठ-सहारनपुर खंड से शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी को विजयी दिलाने के लिए जनपद में शिक्षक और स्नातकों के नाम को मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए पदाधिकारी को जो जिम्मेदारी दी गई है। उसकी समीक्षा की गई और आगामी 4 दिन में जनपद में मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए डोर टू डोर सपा कार्यकर्ता जाएंगे और समाजवादी विचारधारा से लोगों को जोड़कर पार्टी को मजबूती देने का कार्य करेंगे। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, सपा प्रदेश सचिव सपा संजीव त्यागी, डा.सीमा यादव, डा. जितेंद्र यादव, राहुल यादव, संजय डीलर, कृष्णपाल प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

## कार का टायर बदलते समय अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वें पर गौना गांव के समय पंचर हुई कार का टायर बदलते समय एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गयी



मृतक का फाइल फोटो

बाखरपुर बालैनी निवासी हाल निवासी बुराड़ी दिल्ली 40 वर्षीय अवनीश कुमार यादव पुत्र जशवंत यादव दिल्ली पुलिस मे दरोगा है। वह दिल्ली से बुलंदशहर अपनी ससुराल कार द्वारा जन्मदिन में शामिल होने जा रहे थे जब वह ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वें पर गौना गांव के समीप पहुंचे तो उनकी कार का टायर पंचर हो गया जिससे वह टायर बदलने लगा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुचे एक्सप्रेस-वें कर्मी तुरंत उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गयी सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी रोते बिलखते वहा पहुंचे वहीं पुलिस जांच मे जुटी है।

## एडवोकेट सोमेंद्र सिंह ढाका बने जिला जाट महासभा के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला जाट सभा भवन में रविवार को सर्वसम्मति से एडवोकेट सोमेंद्र ढाका को अध्यक्ष चुना गया। उनका चुनाव से पूर्व 16 सदसीय टीम को गठन किया गया, जिसमें वर्तमान जिलाध्यक्ष और सभी ब्लॉक से समाज के एक-एक पदाधिकारी और वरिष्ठ लोगों को शामिल किया गया। समिति ने आपसी निर्णय और सहमति के बाद एडवोकेट सोमेंद्र ढाका को जिला जाट महासभा का जिलाध्यक्ष घोषित किया। समाज के सभी लोगों ने समिति के फैसले को समर्थन दिया। इससे पूर्व साधारण सभा की बैठक में महासभा का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया।

जिला जाट भवन में महासभा की साधारण सभा और अध्यक्ष के चुनाव के लिए बैठक हुई। अध्यक्ष पद के लिए कुल दस दावेदारों ने नामांकन किया था। अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए समाज की ओर से चार सदसीय चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया था। समिति में एडवोकेट सुनील पंवार, एडवोकेट सोमेंद्र ढाका, मास्टर जयवीर सिंह, विरेंद्र पंवार को शामिल किया गया था। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव संचालन समिति कोई निर्णय नही दे पाई, जिस पर 16 समिति का गठन किया गया। इसमें समाज के प्रत्येक ब्लॉक से एक-एक पदाधिकारी के अलावा छह वरिष्ठ नागरिक और संच.ालन समिति के चारों सदस्यों को शामिल किया गया। समिति ने आपसी



निर्णय और सहमति के बाद एडवोकेट सोमेंद्र सिंह ढाका को महासभा का जिलाध्यक्ष चुना। समिति ने अध्यक्ष घोषणा के बाद कहा कि जिलाध्यक्ष अब अपने स्तर से कार्यकारिणी का गठन करेंगे। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र धामा, डा. महावीर सिंह, डा. जगपाल तेवतिया, आंनद राणा, पूर्व महासचिव नगेंद्र सिंह, सौदान राठी, कैप्टेन वीरपाल सिंह, प्रमोद प्रमुख, जितेंद्र प्रमुख आदि मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री व कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**शाह टाइम्स संवददाता**

**बड़ौत।** नगर में नगरपालिका परिषद के मीटिंग हॉल में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री केपी मलिक ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 127वें संस्करण को कार्यकर्ताओं के साथ सुना।



इस अवसर पर मंत्री केपी मलिक ने कहा कि मन की बात केवल एक संवाद कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह देश की जनता से जुड़ाव का सशक्त माध्यम है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को सकारात्मक सोच, समाजसेवा और स्वच्छता, आत्मनिर्भरता जैसे अभियानों से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि मन की बात का हर एपिसोड देश के कोने-कोने में लोगों के मन को छू जाता है और समाज में एक नई प्रेरणा का संचार करता है। इस दौरान स्थानीय भाजपा पदाधिका.रियों व कार्यकर्ताओं ने भी राज्य मंत्री के साथ इस कार्यक्रम को बड़े उत्साह के साथ सुना। सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों पर चर्चा की और इस बात पर जोर दिया कि मन की बात से देश के हर नागरिक को राष्ट्रहित में योगदान देने की प्रेरणा मिलती है। साथ ही कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## बाजार से सामान लेकर घर लौट रही युवती के साथ युवकों ने की छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शहर कोतवाली क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े करने वाली एक घटना सामने आई है। शनिवार देर शाम बाजार से घर लौट रही एक युवती से कुछ युवकों ने छेड़छाड़ की। जानकारी के अनुसार, शहर क्षेत्र की युवती बाजार से सामान लेकर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में कुछ युवक उसका पीछा करने लगे और उससे छेड़छाड़ की। युवती ने इसका विरा.ेध किया। विरोध करने पर आरो.पियों ने युवती के साथ मारपीट का प्रयास किया। युवती के शोर मचाने पर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख आरो.पियों ने युवती को जान से मारने की धमकी दी और वहां से फरार हो गए। घटना से घबराई युवती घर पहुंची और परिजनों को पूरी बात बताई। परिजनों ने तत्काल शहर कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश कर रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। स्थानीय लोगों और परिजनों ने प्रशासन से बाजार और आसपास के इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि महिलाएं बिना डर के आवाजाही कर सकें और ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष ने घायल लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु चौधरी (दांतल) रविवार को अपने पदा.धिकारियों के साथ थाना छपरौली क्षेत्र के ग्राम बदरखा पहुंचे। उन्होंने हाल ही में हुए विवाद और मारपीट की घटना में घायल हुए लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।



चौधरी ने पीड़ितों से पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने न्याय और भाईचारे के लिए जाट समाज की प्रतिबद्धता दोहराई। मनु चौधरी ने कहा, जाट समाज हमेशा न्याय और भाईचारे के लिए जाना जाता है। यदि किसी परिवार के साथ अन्याय हुआ है, तो अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद उसके साथ मजबूती से खड़ी है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। यह घटना 23 अक्टूबर 2023 को हुई थी। वादी प्रवेंद्र उर्फ भुट्ट पुत्र करण सिंह निवासी ग्राम बदरखा ने थाना छपरौली में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि गोवर्धन पूजा के दिन बच्चों द्वारा पटाखे जलाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। यह मामूली कहासुनी जल्द ही गंभीर मारपीट में बदल गई। गांव के कुछ लोगों ने कथित तौर पर एक राय होकर वादी के घर पर हमला कर दिया। इस घटना में कई लोग घायल हो गए थे, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं। यह मामूली कहासुनी जल्द ही गंभीर मारपीट में बदल गई। गांव के कुछ लोगों ने कथित तौर पर एक राय होकर वादी के घर पर हमला कर दिया। इस घटना में कई लोग घायल हो गए थे, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं। घटना की जानकारी मिलते ही अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के शीर्ष पदाधिकारी सक्रिय हो गए थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु चौधरी (दांतल) के साथ प्रदेश महासचिव डा.अभिनव तोमर, ज़िलाध्यक्ष कर्मवीर चौधरी, ज़िला उपाध्यक्ष मास्टर विवेक तोमर, ज़िला महामंत्री एडवोकेट शिवम्, मुज़फ्फरनगर ज़िलाध्यक्ष अंकित तथा पदाधिकारी सूरज जावला, भरतवीर, मनोज, सुधीर, आकाश् आदि भी बदरखा पहुंचे। मनु चौधरी ने घायलों का हालचाल पूछते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा, हम न्यायप्रिय समाज से हैं। किसी निर्दोष के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हरसंभव कानूनी सहायता और संगठन की ओर से समर्थन का आश्वासन दिया।

# कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों का सीएम ने लिया जायजा

## मिनी कुंभ के रूप में आयोजित होगा मेला, सुरक्षा व सुविधा के होंगे पुख्ता इंतजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर/हापुड़।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले ऐतिहासिक गंगा कार्तिक मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को हेलीकॉप्टर से गढ़मुक्तेश्वर के गंगा तट पर पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले हेलीकॉप्टर से मेले का हवाई निरीक्षण किया। हवाई निरीक्षण करने के बाद वह गंगा तट पर पहुंचे। जहां पर भाजपा नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मां गंगा की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इसके बाद उन्होंने गंगा आरती में भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूजा अर्चना करने के बाद मेला स्थल स्थित पुलिस लाइन सभागार में पहुंचे। जहाँ उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्तिक पूर्णिमा मेले को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के निर्देश दिए। डीएम अभिषेक पांडे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कार्तिक पूर्णिमा मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा मेले को पॉलिथीन मुक्त बनाने के साथ ही गंगा तट और घाटों पर सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। 5 नवंबर को मुख्य स्नान है। मेले में 40 लाख श्रद्धालु आएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा को





लेकर सभी तरह की तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अति महत्वपूर्ण व पौराणिक मेले में विभिन्न राज्यों सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं में किसी भी तरह की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि मेले की श्रद्धालुओं को आधु. निक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाए। प्रशासन ने मेले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। 4 और 5 नवंबर को नेशनल हाईवे पूरी तरह बंद रहेगा। तीन नवंबर से ट्रक, डीसीएम, कंटेनर, निजी बस और अन्य सभी भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेला क्षेत्र में बिजली पानी और चिकित्सा सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी वहां गंगा तट पर अनावश्यक रूप से नहीं खड़ा हो पाए। मेला क्षेत्र की ड्रोन कैमरा से लगातार निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस दौरान जिले के प्रभारी मंत्री कपिल देव, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा, सदर विधायक विजयपाल, गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र सिंह, मेरठ जोन के एडीजी, डीआईजी, डीएम अभिषेक पांडेय, एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।






# महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए एसपी के निर्देशन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला थाना हापुड़ नगर क्षेत्र के दिल्ली रोड पर स्थित एसएसवी डिग्री कॉलेज में में हुई। जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। प्रसिद्ध साइबर विशेषज्ञ रक्षित टंडन ने पुलिस अधिकारियों के साथ साइबर अपराधों डिजिटल अरेस्ट, इन्वेस्टमेंट स्कीम, सोशल मीडिया फ्रॉड व एपीके फाईल आदि से बचाव की जानकारियां दी। उन्होंने छात्राओं को उनके अधिक. ारों, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों व कल्याणकारी योजनाओं आदि की



जानकारी देकर जागरूक किया।

प्रसिद्ध साइबर विशेषज्ञ रक्षित टंडन ने महिलाओं को संबो. धित करते हुए कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर खुद को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि यदि महिलाओं को सही मार्गदर्शन और अवसर मिलें, तो वे समाज और परिवार दोनों को सशक्त बना सकती हैं।

उन्होंने बेटे और बेटियों में कोई भेदभाव न करते हुए दोनों को समान अवसर देने का आहवान किया। उन्होंने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, महिला सहायता 181 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया।

कार्यशाला में उपस्थित महिलाओं ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए विभिन्न सुझाव भी प्रस्तुत किए।

# व्यापारियों व नए कोतवाली प्रभारी की बैठक, समस्याओं पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** रविवार को कोतवाली परिसर में व्यापारियों और नए कोतवाली प्रभारी श्योपाल सिंह के बीच एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का आयोजन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संघ के तत्वावधान में किया गया।

बैठक की शुरुआत में व्यापारियों ने नए कोतवाली प्रभारी का शाल और मिष्ठान भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर व्यापारियों ने यातायात जाम, अतिक्रमण और सर्दियों के मौसम में पुलिस गश्ती बढ़ाने सहित कई अहम मुद्दों पर अपनी समस्याएं रखीं। कोतवाली प्रभारी श्योपाल सिंह ने सभी व्यापारियों को अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया और आश्वासन दिया कि इन मुद्दों पर भविष्य में उचित कार्रवाई की



जाएगी। संघ के प्रतिनिधि प्रवीण मित्तल ने कहा कि संगठित होकर प्रशासन के सामने अपनी समस्याएं रखना बहुत जरूरी है और यह बैठक इस मामले में काफी सफल रही। इस बैठक में शहर के दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे, जिनमें कुशलेश गर्ग, प्रदीप सिंघल, केशव शर्मा, डा. सुबोध गुप्ता, अंकुर गोयल, मनीष गोयल सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

# फैमिली आईडी शिविर का सफल आयोजन, बनवाई आईडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर की आसरा कॉलोनी में रविवार को नगर पालि. का परिषद द्वारा एक विशेष फैमिली आईडी शिविर लगाया गया। इस शिविर में कॉलोनी के बड़ी संख्या में निवासियों ने भाग लेकर अपने परिवार की जानकारी अपडेट कराई और 100 से अधिक फैमिली आईडी बनवाई।

पालिका प्रतिनिधियों ने नागरिकों को बताया कि अब फैमिली आईडी घर बैठे ही मोबाइल फोन या कंप्यूटर के जरिए बनाई जा सकती है। इसके लिए नागरिक familyid-up-gov-in वेबसाइट या Family ID – One Family One Identity ऐप पर जाकर जरूरी जानकारी और आधार नंबर दर्ज करके तुरंत अपनी आईडी जेनरेट कर सकते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने कहा



कि हर परिवार को जल्द से जल्द अपनी फैमिली आईडी बनानी चाहिए, ताकि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी रुकावट के सीधे उन्हें मिल सके। उन्होंने कहा कि पिलखुवा को एक डिजिटल और सशक्त नगर बनाने के लिए नगर पालिका लगातार प्रयास कर रही है। शिविर में मौजूद नागरिकों ने इस डिजिटल सुविधा की सराहना की और नगर पालिका के इस कदम को सराहनीय बताया।

# गढ़ में पूर्व मंत्री मोहसिन रजा का हुआ जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** हाइवे किनारे बीज. ेपी के उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री का लोगों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। किसी कार्य से दिल्ली से लखनऊ जा रहे थे मोहसिन रजा।

रविवार की सुबह एनएच 9 के किनारे एक होटल के बाहर गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के लोगों ने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे मोहसिन रजा का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। किसी कार्य से दिल्ली से गढ़ होकर अपनी कार से लखनऊ जा रहे थे पूर्व मंत्री। समाज सेविका नाज ठाकुर के नेतृत्व में इकट्ठा होकर लोगों ने मो. हसिन रजा को फूल माला पहनाई। मोहसिन रजा ने कहा कि गढ़मुक्तेश्वर पावन नगरी है यहां से



करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी है जब भी में यहां से गुजरता हूं तो दो मिनट के लिए यहां के लोगों से भेट करता हूँ। मुझे गंगा नगरी के लोगों से पहले से ही बहुत प्रेम रहा है। इस मौके पर साजिद मूँछ, इंतजार अली, मुल्लाजी शौकीन, इसरार, मो. हसिन, जुल्फिकार, मौलाना कलाम, साबिर, जावेद, फैसल, सरफराज, नाजिम मूँछ आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### हापुड़ पुलिस का बदमाशों पर बड़ा एक्शन, 6 बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली पुलिस ने जिला मजिस्ट्रेट और एसपी के निर्देशन में संगठित गिरोह बनाकर मारपीट, अवैध हथियारों का उपयोग और अन्य अपराधिक गतिविधियों के जरिए आम लोगों में दहशत फैलाकर अवैध धन अर्जित करने में शामिल 6 शातिर बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पृष्ठ ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट और एसपी के निर्देशन में संगठित गिरोह बनाकर मारपीट, अवैध हथियारों का उपयोग और अन्य अपराधिक गतिविधियों के जरिए आम लोगों में दहशत फैलाकर अवैध धन अर्जित करने में शामिल बदमाश जिनमें गैंग लीडर जफर उर्फ जफर आलम निवासी मीनार मस्जिद मोहल्ला कोटला मेवतियान, हाल पता रफीकनगर, सावेज उर्फ शहावेज निवासी गांव असौड़ा, हाल पता लिसाड़ी गेट थाना मवाना जनपद मेरठ, सादिक निवासी कोटला मेवतियान, हाल पता मजीदपुरा गली नंबर-11, वाहिद उर्फ वाजिद निवासी देहली गेट, सोनी उर्फ़ वकील निवासी सिकंदरगेट, नदीम निवासी कोटला मेवतियान के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है। बदमाशों को जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जाएगा।

### गांधी रोड पर भारी जाम से अफरातफरी, लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** गांधी रोड पर सोमवार को लगे भीषण यातायात जाम ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। यह समस्या मुख्यतः भारी वाहनों के शहर में प्रवेश और परतापुर रोड पर चल रहे अंडरपास निर्माण कार्य के कारण उत्पन्न हुई।

जानकारी के अनुसार, अंडरपास निर्माण के चलते परतापुर रोड बंद होने के कारण अधिकांश वाहन गांधी रोड की ओर मोड़ दिए गए, जिससे यहां वाहनों की संख्या अचानक बढ़ गई। इसके साथ ही भारी वाहनों के अनियंत्रित प्रवेश ने स्थिति और विकट बना दी। नतीजतन, गांधी रोड और आसपास के बाजार क्षेत्र की सड़कें वाहनों से पट गईं, लोगों को लंबे समय तक जाम में फंसे रहना पड़ा। मामले पर बोलते हुए सीओ अनीता चौहान ने कहा, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए हमने तत्काल कदम उठाए हैं। भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक लगाई जा रही है और वैकल्पिक मार्गों पर यातायात नियंत्रण के लिए अतिरिक्त कर्मी तैनात किए गए हैं। लोगों से अपील हैं कि वे संयम बनाए रखें और जहां तक संभव हो वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। इस यातायात संकट ने आम लोगों की दिनचर्या को बुरी तरह प्रभावित किया है, जो अब प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

### दहेज उत्पीड़न का आरोप, नवविवाहिता ने कोतवाली में की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र में एक नवविवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार, उसके पति और उसके परिजनों ने दहेज की मांग न मानने पर उसके साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद उसने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता शाहीन, जो बुलंदशहर जिले के गुलावठी थाना क्षेत्र के रामनगर की निवासी है, ने बताया कि उसका विवाह महज तीन महीने पहले कोतवाली क्षेत्र के सद्दीकपुरा निवासी एक युवक से हुआ था। विवाह के तुरंत बाद से ही उसके पति, सास, जेठ-जेठानी और ननद ने दहेज की मांग शुरू कर दी।

आरोप है कि उसके जेठ ने कई बार उसके साथ अशोभनीय व्यवहार करने का प्रयास किया और जब उसने इसका विरोध किया तो पूरे परिवार ने उसे पीटा तथा बंदूक दिखाकर जान के लिए खतरा पैदा किया। मामले की जानकारी देते हुए सीओ अनीता चौहान ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर गंभीरता से विचार करते हुए जांच शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी युवक को गिरफ्तार कर किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

धौलाना थाना प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि किशोरी के पिता द्वारा थाने पर आरोपी युवक के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया गया था। उन्होंने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 197/2025 धारा 137(2), 64 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुट गई थी। उन्होंने बताया कि रविवार को पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी युवक किशन लाल पुत्र विष्णु कुमार निवासी ग्राम सवाई लक्ष्मीपुरा खरेटा थाना रामगढ शेखावाटी जनपद सीकर राजस्थान को उसके मसकन से एक रफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को सकुशल बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा कानूनी और कागज़ी कार्रवाई करने के बाद किशोरी को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है जबकि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

# सीएम के आगमन से बदलेगी मेले की सीरत व सूरत: राजकुमार (राजू)

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मुख्यमंत्री का आगमन होने से महाभारत कालीन पौराणिक गढ़ गंगा मेले की सीरत और सूरत बदलने के साथ ही बेहतर सुविधा मिलने से श्रद्धालुओं की संख्या में भी काफी इजाफा होगा। बरसात के सीजन में होने वाले भूकटान की रोकथाम होने से किसानों के दिन भी बहुर जाएंगे।

गढ़ गंगा के कार्तिक पूर्णिमा स्नान मेले के साईं धाम कैंप में रविवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए सहारनपुर से आए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर एवं भाजपा प्रवक्ता राजकुमार राजू ने कहा कि गढ़ गंगा के कार्तिक पूर्णिमा खादर मेले का अतीत महाभारत काल के



विनाशकारी युद्ध से जुड़ा हुआ है, जिसमें वीरगति को प्राप्त हुए असंख्यक वीर योद्धा और सगे संबंधियों की आत्मा शांति को पांडवों ने भगवान कृष्ण के साथ गढ़ गंगा किनारे आकर विभिन्न अनुष्ठान किए थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ इस पौराणिक मेले को लेकर बेहद गंभीर हैं, जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रशास. निक कार्य और कानून व्यवस्था में पूरी तरह व्यस्तता होने के बाद भी उन्होंने मेले में आकर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही गंगा मैया का पूजन और आरती की है। उन्होंने दावा किया कि अब वह दिन ज्यादा दूर नहीं है, जब गढ़ गंगा का पौराणिक खादर मेला मिनी कुंभ के रूप में अपनी पहचान बनाकर विद. शी पर्यटकों में आकर्षण का बड़ा केंद्र बन जाएगा।

राजकुमार राजू ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा मेले में आने वालों से बेहतर व्यवहार करने को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं, जिससे बाहरी जनपदों से आने वाली पुलिस की मनमानी पर भी काफी हद तक रोक लगेगी। राजू ने कहा कि इससे पहले भी मुख्यमंत्री योगी ने सन 2018 में इस पौराणिक मेले को राजकीय मेला का दर्जा देते हुए सबसे पहले मुख्यमंत्री के रूप में यहां आकर कई तरह के टैक्स समाप्त किए थे, जिससे श्रद्धालुओं के साथ ही व्यापारिक प्रतिष्ठान चलाने वालों को बड़ी राहत मिली है।

# हाइवे पर यात्रियों की जान से खिलवाड़, बस की छत पर यात्रा का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में सड़क सुरक्षा नियमों की धज्जियां उड़ाने का मामला एक बार फिर सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक प्राइवेट बस सड़कों पर बेखौफ अंदाज में फर्राटा भरती नजर आ रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि बस की छत पर कई यात्री खुलेआम बैठे हुए हैं और चालक मानो किसी नियम से ऊपर होकर वाहन दौड़ा रहा है।

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बस न केवल ओवरलोड है, बल्कि छत पर बैठे यात्री अपनी जान को जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं। यह दृश्य हापुड़ जिले की सड़कों पर रोज़मर्रा की हकीकत को बयां करता है। जहां यातायात पुलिस की मौजूदगी के बावजूद नियमों का



पालन कराने में लापरवाही बरती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बस रोजाना इसी रूट से गुजरती है और कई बार यात्रियों को सीट न मिलने पर छत पर बैठा लिया जाता है। इसके बावजूद न तो बस संचाल. कों पर कोई ठोस कार्रवाई की जाती है, और न ही यातायात पुलिस की ओर से रोकथाम के उपाय दिखाई देते हैं। ग्रामीण इलाकों से आने-जाने वाले यात्रियों का कहना है कि त्योहारी सीजन में बसें खचाखच भरी रहती हैं और समय पर पहुंचने की जल्दी में लोग मजबूरीवश इस तरह यात्रा करते हैं। वहीं कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि बस चालक और मालिक नियमों की अनदेखी कर खुलेआम यात्रियों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह यात्रा करना बेहद खतरनाक है। थोड़ी सी चूक या मोड़ पर संतुलन बिगड़ने से बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे मामलों में प्रशासन और पुलिस को सख्त कार्रवाई करते हुए बसों के परमिट तक रद्द करने जैसी कार्यवाही करनी चाहिए ताकि ऐसे दुस्साहस पर अंकुश लगाया जा सके। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि जहां-जहां हेलमेट या सीट बेल्ट की जांच की जाती है, वहीं ऐसी बड़ी लापरवाही पर अधिकारी आंख मूंदे रहते हैं। अब देखना यह होगा कि वीडियो वायरल होने के बाद यातायात पुलिस इस पर क्या रुख अपनाती है।

# निर्माणाधीन मकान में निकला 15 फीट लंबा अजगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात निर्माणधीन मकान में एक विशालकाय अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। निर्माणधीन मकान के मालिक ने अजगर निक. ालने की सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद अजगर का सफल रेसक्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।



मिली जानकारी के अनुसार धौलाना कस्बे में स्थित सुमित्रा देवी अस्पताल के पास करीब 15 फीट लंबा विशाल का अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। निर्माणधीन मकान के मलिक अतुल प्रधान ने निर्माणधीन मकान की दीवार पर जब अजगर को रेंगते हुए देखा तो उनके होश उड़ गए। अतुल प्रधान ने अजगर निकालने की सूचना वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलती ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद विशालकाय अजगर का सफल रेस्क्यू किया। वन विभाग की टीम ने अजगर का रेसक्यू करने के बाद उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। जिसके बाद मकान मालिक ने राहत की सांस ली।

# मुठभेड़ में गोकश को लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली पुलिस की गोकशों के साथ हुई मुठभेड़ में एक गौकश पुलिस की गोली से घायल हो गया जबकि एक गौकश अँधेरे व जंगल का फायदा उठाते हुए फरार हो गया।पकड़े गए अभियुक्त के पास से एक तमंचा,3 जिंदा कारतूस व एक बाईक बरामद हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार बीती देर रात कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर पुलिस टीम के साथ आपराधिक घटनाओं को रोकने हेतु ग्राम कल्लरपुर रजबाहे की पटरी पर गश्त चैकिंग कर रहे थे।तभी एक बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए जिन्हें पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया लेकिन उन्होंने रुकने की बजाए भागने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की जिसमें एक व्यक्ति के पैर में गोली लगी।जबकि दूसरा व्यक्ति अँधेरे व जंगल का लाभ उठाते हुए फरार हो गया।पुलिस टीम ने घायल गिरफ्तार कर लिया जिसकी पहचान नासिर कुरैशी पुत्र अशरफ कुरैशी इमलीतला ढोली खाल थाना कुतुबशेर सहारनपुर के रूप में हुई।



पकड़े गए अभियुक्त के पास से एक तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, एक खोखा व एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने घायल अभियुक्त को उपचार के लिए हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया और फरार अभियुक्त की तलाश शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर ने बताया कि गिरफ्तार/घायल गौकश नासिर रामपुर मनिहारान थाने में गोवध अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहा था। पुलिस ने आगे की कार्रवाही शुरू कर दी है।

## सात वर्षीय बालक की सांप के डसने से मौत, मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** क्षेत्र के एक गांव में रात को सोते समय सात वर्षीय एक मासूम बच्चे को साँप ने डस लिया परिजनों द्वारा उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

घटना क्षेत्र के गांव किशनखेड़ी की है। बताया गया है कि शुक्रवार की रात को अरविंद कुमार का सात वर्षीय पुत्र कार्तिक रात को अपने घर में बिस्तर पर सो रहा था इस दौरान उसे साँप ने डस लिया परिजन उसे नजदीकी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की पुष्टि मृतक के पिता अरविंद कुमार ने की।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। जहां इस घटना से परिजनों में को. हराम मच गया तो वहीं गाँव में शोक की लहर दौड़ गई।

# आंखों की जांचकर दवाई का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** नगर के नेशनल पब्लिक स्कूल में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें सैकड़ों मरीजों कि आंखें चैक कर दवाई वितरित की गई।

रविवार को नगर के नेशनल पब्लिक स्कूल में निशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौलाना तनवीर जाफरी ने कहा कि आंखें इंसान का महत्वपूर्ण अंग है इसके बिना जीवन में अंधेरा छा जाता है इंसान को अपनी आंखों कि हिफाजत करनी चाहिए। कारी आश मौहम्मद ने कहा कि इस तरह के आयोजन इंसानियत का पैगाम देते हैं वहीं जरूरतम. दों को इसका सीधा फायदा मिलता है। इस अवसर पर कैंप के दौरान मौलाना ओसामा सिद्दीकी ने मुल्क कि तरक्की व अमन की दुआएं कराई कैंप में मुख्य रूप से हाफिज मोहम्मद याकूब, अकील अहमद मुन्ना, कारी जरीफ, डाक्टर एम. इकबाल, शाहिद अंसारी, नौशाद अंसारी, मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर डाक्टरो की टीम ने सैकड़ों मरीजों के नेत्रों का परिक्षण कर दवाई वितरित की।

# महिला व बेटी से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस ने क्षेत्र के गांव माहेश्वरी कलां निवासी पीड़ित महिला की तहरीर पर उसके घर में घुसकर महिला व उसकी बेटी के साथ मारपीट करने वाले चार आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के लिए बताते चलें कि रविवार को क्षेत्र के गांव माहेश्वरी कलां निवासी पीड़ित महिला सरवरी ने थाना पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया था कि उसका पति मजदूरी करने के लिए पंजाब प्रदेश गया हुआ है। वह अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ घर पर अकेली रह रही है। उसका नाबालिग बेटा अपने घर के बाहर खेल रहा था कि उसके पड़ौसी युवक ने बेटे के पैर के ऊपर से बाईक का पहिया उतार दिया जिससे उसके बेटे को गुम चोट आयी। तहरीर में कहा गया कि यदि उसके द्वारा इस बाबत पडोसी से पूछताछ की गई तो इससे क्षुब्ध होकर कुछ देर बाद प्लानिंग कर आरोपी शाकिब पुत्र भूरा, तन्नु पुत्र युनुस, इंतसार पुत्र युनुस व फैय्याज पुत्र युनुस पीड़िता के घर में घुस आए तथा हमला कर दिया।

जिसमें पीड़िता, उसकी बेटी व बेटा मोहम्मद सैफ घायल हो गये। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि उपरोक्त मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया था। जिनका शांति भंग करने को लेकर चालान किया गया है, तथा पीड़िता की तहरीर पर उपरोक्त चारों आरो. पियों शाकिब पुत्र भूरा, तन्नु पुत्र युनुस, इंतसार पुत्र युनुस व फैय्याज पुत्र युनुस निवासी ग्राम माहेश्वरी कलां के खिलाफ सम्बंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# 20 दिन पूर्व हुई लूट का खुलासा, फरार बदमाश पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने बीस दिन पूर्व हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए घटना में शामिल एक फरार आरोपी बदमाश के साथ 3 बाल अपचारियों को बाद मुठभेड़ गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 1 अवैध तमंचा, 1 जिन्दा व 1 खोखा कारतूस, 2 अदद चाकू, घटना में लूटे गये 2 मोबाइल फोन एवं 3800 रूपये नकद बरामद किये गए है, जबकि इसी प्रकरण में शामिल एक आरोपी अभी भी फरार बताया गया है।

ज्ञात हो कि लगभग तीन सप्ताह पूर्व सुल्तानपुर - फिरोजाबाद मार्ग पर अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने पीड़ित प्रवेश कुमार पुत्र जातिराम निवासी ग्राम बडगांव थाना चिलकाना की लिखित तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियो द्वारा पीड़ित व उसके 2 अन्य साथियो को तमंचा व चाकू दिखाकर तीन मोबाईल फोन तथा दस हजार रूपये नकद लूटकर ले जाने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज किया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज रविवार को थानाध्यक्ष विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर जैसे ही फिरोजाबाद रोड़ के निकट आम के बाग में पहुंची तो पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। बाद मुठभेड़ पुलिस टीम ने एक आरोपी बदमाश अहतशाम पुत्र इसरार निवासी ग्राम पटनी थाना चिलकाना को गिरफ्तार कर लिया। वहीं मौके से फरार हुए उसके तीन अन्य साथी बाल अपचा. रियों को काम्बिंग के दौरान घेराबन्दी करते हुए पुलिस द्वारा अपनी अभिरक्षा में लिया गया।

पुलिस पूछताछ पर सभी आरो. पियों ने एक स्वर में बताया कि विगत 5 अक्टूबर को रात्रि के समय फिरोजाबाद रोड पर हई लूट की घटना उन चारों व उनके पांचवे साथी द्वारा मिलकर की गई थी। उनके कब्जे से बरामद हुए मोबाइल फोन उनके द्वारा उसी घटना में लुटे गए थे। इन्ही मोबाईलों को बेचने के लिए आज वह कहीं जा रहे थे। तथा दस हजार रुपये जो कि उनके द्वारा लूटे गए थे उसमें से दो-दो हजार रुपये उन सभी ने बांट लिए थे।

थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि गिरफ्तार आरोपी अहतशाम के खिलाफ पूर्व से भी तीन मुकदमे दर्ज हैं। पूर्व से ही दर्ज उक्त लूट के मुकदमे में सम्बंधित धाराओं की वृद्धि करते हुए उपरोक्त आरोपी व बाल अपचारियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। इस पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसएसआई भूपेन्द्रपाल सिंह, एसआई श्याम सिंह, हैड कांस्टेबल सोनू शर्मा सर्विलांस सेल सहारनपुर व हैड कांस्टेबल अरविन्द कुमार आदि पुलिस टीम शामिल रही।

**सहारनपुर।** महानगर कांग्रेस सेवादल द्वारा रविवार को सेक्टर-25 नवादा रोड, अंकित विहार में ध्वज वंदना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महानगर महासचिव सेवादल शुभम शर्मा के निवास पर संपन्न हुआ। ध्वज आरोहण महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी एवं पूर्व पार्षद चंद्रजीत निक्कू ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनीष त्यागी ने कहा कि भाजपा शासन में आम जनता की कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# गैर हाजिर चल रहे 7 आरोपी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** अपराधियों एवं वारंटियों की धपकड़ के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली बेहट पुलिस ने न्यायालय से गैरहाजिर चल रहें सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिए हैं।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के सात लोग विभिन्न मामलों में न्यायालय से गैरहाजिर चल रहे थे। कोर्ट से उनके वारंट निर्गत हो जाने पर उनकी गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर पुलिस बल के साथ दबिश दी गई परंतु आरोपी इतने शातिर थे कि स्थान बदल-बदल कर रह रहें थे।

मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि न्यायालय से गैरहाजिर चल रहे आरा. पी अपने-अपने घरों पर मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छापामार कार्रवाई करते हुए कंवर पाल निवासी अम्बेहटा। ईस्माईलपुर, सुफियान व अमरीश उर्फ अमीर अहमद निवासीगण पाजरायपुर, राजपाल, डिम्पल व शिवकुमार उर्फ शिब्बू निवासीगण शेखपुरा, मांगेराम निवासी कलसिया थाना बेहट जनपद सहारनपुर को उनके घरों पर दबिश देकर गिरफ्तार किए है।

पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर दिए गए है।

# जिले के छह पहलवानों को मिला खलीफा का पद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** श्री ठाकुर जी महाराज फुलवारी आश्रम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में सनातन सभ्यता के पारंपरिक खेल कुश्ती एवं मलयुद्ध की परंपरा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को फुलवारी आश्रम गुरु घसीटू महाराज के प्राचीन अखाड़े में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न अखाड़ों की पंचायत एवं उस्ताद सदर लियाकत व अखाड़ा गुरुजी जगमोहन भारद्वाज की अध्यक्षता में छह पहलवानों को खलीफा पद से सम्मानित किया गया। जिसमें विक्की खलीफा, विजय खलीफा, आधार खलीफा, आकाश खलीफा, कमांडो खलीफा और विशु सैनी खलीफा शामिल रहे।

इस दौरान उस्ताद लियाकत, पुलकित शर्मा, मसरूर खलीफा, मंजूर खलीफा, सॉलढ खलीफा, इकराम खलीफा, सनी खलीफा, संदीप खलीफा, सानू खलीफा, रजत खलीफा, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश गिरी, शिव पालीवाल, सोनी सैनी, नरेश सैनी, शरद कुमार पालीवाल, विष्णु शर्मा, डब्बू कश्यप मौजूद रहे।

# छठ पर्व पूजा सम्पन्न कराने को तैयार प्रशासन

## मण्डलायुक्त अटल कुमार राय, जिलाधिकारी मनीष बंसल ने किया घाटों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आगामी छठ पूजा पर्व को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंडलायुक्त अटल कुमार राय, जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं नगरायुक्त शिपू गिरी ने विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित विभागों को स्वच्छता, सुरक्षा एवं प्रकाश व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। घाटों पर सीसीटीवी कैमरे और पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



अधिकारियों ने कहा कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए बताया कि प्रशासन पूरी तत्परता से तैयारियों में जुटा हुआ है और सभी अधिकारी स्थलवार निगरानी रख रहे हैं ताकि कोई अनहोनी न हो।

# मण्डल स्तरीय ट्रायल्स का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के तत्वावधान में विभिन्न प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं हेतु मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल का आयोजन किया गया। यह चयन कार्यक्रम क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा के दिशा-निर्देशन में एवं सहायक प्रशिक्षक प्रवीन कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

गांधी पार्क के डा.भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित ट्रायल का आयोजन किया गया, पं. दीन दयाल सीनियर महिला कबड्डी टीम चयन हुआ, जिसमें मण्डल स्तरीय चयनित टीम में ज्योति, शिवानी, सन्जना, सोनिया (शामली), प्रियांशी, मनू (मुजफ्फरनगर), सलोनी, नैना, राशी, खुशनुमा, आरती, मनजीत सिंह, अंशिका देवी, पायल (सहारनपुर) को चयनित किया गया है। जबकि आरक्षित खिलाड़ी अक्षिता देवी को रखा गया। ये खिलाड़ी 29 से 31 अक्टूबर, तक मीरजापुर में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। चयन सुनील कुमार, पूर्व सचिव, जिला कबड्डी संघ सहारनपुर एवं श्रीमती संजू रानी, कबड्डी प्रशिक्षिका शामली द्वारा किया गया। समन्वय सीनियर महिला हैंडबाल टीम चयन किया गया, जिसमें मण्डल स्तरीय चयनित खिलाड़ियों में माही, माही टण्डन, विशाखा, खुशी, जूली (मुजफ्फरनगर), तानिया, निक्की, पूजा, शिवानी, दिव्या (शामली) तथा मानसी, अक्षिता देवी (सहारनपुर) शामिल हैं। इसके अलावा आरक्षित खिलाड़ी सिमरन, राखी, अंजली, रश्मी, रितिका को षामिल किया गया है। ये खिलाड़ी 31 अक्टूबर से 2 नवम्बर, तक लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। चयन डा. अशोक कुमार गुप्ता, सचिव, जिला हैंडबाल संघ सहारनपुर द्वारा किया गया। समन्वय सीनियर महिला/पुरुष बैडमिंटन टीम चयन का चयन किया गया बैडमिंटन वर्ग में विक्रान्त कुमार, मो. जैद, निखिल सैनी, अर्नव तोमर, समर, विहान (सहारनपुर बालक वर्ग) तथा अनुषा खान, राधिका, आयुषी, प्रगति गुप्ता (सहारनपुर बालिका वर्ग) को चयनित किया गया है। ये खिलाड़ी 4 से 6 नवम्बर, तक इटावा में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। चयन आकाश बैडमिंटन प्रशिक्षक द्वारा किया गया। इस अवसर पर बृजेश कुमार, डा. अशोक कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, श्रीमती संजू रानी, समीर खान, रवि कान्त धीमान (क्रीड़ा भारती), लाल धर्मेन्द्र प्रताप, आदेश, कु. सुप्रिया रानी, रवि कौरी, मुस्तकीम अंसारी सहित अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## वांछित आरोपियों को पेश किया न्यायालय के समक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित चल रहे आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें न्यायक हिरासत में भेज दिया गया।

कोतवाली पुलिस ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित चल रहे बन्हेडा खास गांव निवासी मोहर्रम और इकराम उर्फ कामा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक 19 सितंबर को बन्हेड़ा गांव निवासी कारी राफे ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तभी से आरोपी फरार चल रहे थे। रविवार को दोनों को जामा मस्जिद के समीप से गिरफ्तार किया, जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# जीवन में करें अच्छे कर्मः पं. प्रपन्नाचार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** कथा व्यास पंडित संजय प्रपनाचार्य ने कहा कि शुभ कर्मो का फल सुख, संपत्ति, पद, प्रतिष्ठा, मान सम्मान, यश, वैभव के रुप में और अशुभ कर्मो का फल दुख दारिद्रय, अपमान, अपयश, बीमारी, कैद आदि के रुप में प्राप्त होता है।

रविवार को गांव धोलाहेडी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन पंडित जी ने कहा कि पूर्व जन्मों के संस्कारों से ही इस जन्म के माता-पिता, भाई बंधु, परिवार आदि मिलते हैं तथा उनके साथ मित्रता एवं शत्रुता के भाव उत्पन्न होते हैं। मानव के जीव को गर्भ में सातवें महीने दिव्य ज्ञान उत्पन्न हो जाता है। 108 दिन तक गर्भ उल्टा लटका जीव निरंतर ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस मानव शरीर को प्राप्त कर जन्म मरण से मुक्त होने का उपाय करुंगा। परंतु



संसार में जन्म लेकर पुन:मोह माया में फंसकर नष्ट होने वाले तथा साथ न जाने वाले झूठे धन वैभव को इकठ्ठा करने में अनेक पाप अत्याचार करता है। चौरासी लाख योनियां भोगने के उपरांत पुण्य फल से प्राप्त मानव जीवन मिलता है। इसमें जितना हो सके सत्कर्मो का संचय करें। कथा में सृष्टि वर्णन में बताया गया कि देव, ऋषि, मनुष्य, पशु, पक्षी, कीट, पतंग, पेड पौधे, अन्न आदि की उत्पत्ति अलग अलग दुष्कर्म से मृत्यु के बाद मिलने वाले नरक और सत्संग महिमा का विस्तार से वर्णन किया। रामनाथ सैनी, प्रेमनाथ सैनी, श्रवण कुमार, नाथीराम, सुधीर कुमार जैन, ऋषिपाल, रमेश चंद्र, विशाल, प्रकाश चंद्र, मेघराज, संगीता, सोनिया, उर्मिला, प्रेम प्रभा, मूर्ति आदि उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है सहारनपुर सैटरिंग व्यापारी एसोसिएशन, पंवार टैंट हाउस के पीछे, निकट हसनपुर चुंगी, दिल्ली रोड, सहारनपुर के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी / सदस्य है:-1. श्री अक्षय कुमार अध्यक्ष 2. श्री विजय राना उपाध्यक्ष 3. श्री अनिल शर्मा सचिव 4. श्री मौ० आसिफ उपसचिव 5. श्री तेजपाल सिंह कोषाध्यक्ष 6. श्री मौ० शोएब अंसारी सदस्य 7. श्री रेनू भोला सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है।

यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत एसोसिएशन के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर एसोसिएशन के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**आज्ञा से**
**( शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय )**
**सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, सहारनपुर।**

# बाइकों की आमने-सामने से हुई टक्कर में तीन लोग घायल





**देवबन्द।** बाइकों की आमने सामने से हुई टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। गाजियाबाद के गोविंदपुर निवासी रियांशु प्रभाकर अपने हापुड के अशोडा गांव निवासी सुफियान के साथ बाइक पर सवार होकर सहारनपुर जा रहे थे। जब वह तल्हेड़ी स्थित सोमदत्त डिग्री कॉलेज के समीप पहुंचे तो उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। इसमें रियांशु और सुफियान के अलावा दूसरी बाइक पर सवार तल्हेड़ी बुजुर्ग निवासी सुनील उर्फ चीनू घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस का कहना है कि घायलों के परिजनों को सूचना दी गई है, तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भगत सिंह की तुलना आतंकवादी संगठन हमास से करना सहन नहीं किया जाएगाः सिंह

## अखिल भारतीय जन जाग्रति सेना की बैठक में सांसद इमरान मसूद के खिलाफ सरकार से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सांसद इमरान मसूद ने भगत सिंह की तुलना आतंकवादी संगठन हमास से करके अपना असली चेहरा दिखा दिया है। जिसको किसी भी दशा में सहन नहीं किया जाएगा सरकार ने सांसद इमरान मसूद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की तो हम इस विषय को लेकर कानूनी कार्रवाई करने के लिए मजबूर होंगे।

अखिल भारतीय जन जाग्रति सेना के स्थानीय कार्यालय पर आयोजित बैठक में उक्त विचार व्यक्त करते हुए ठा. सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि वीर बलिदानी भगत सिंह ने किसी व्यक्ति का अपहरण और हत्या नहीं की है। उन्होंने नौजवानों को राष्ट्रभक्ति का पाठ सिखाने के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चुमा था। जबकि हमास के आतंकी इजरा. इल में घुसकर लोगों का अपहरण कर उनकी हत्या कर रहे हैं। वहीं अखिल भारतीय वंदेमातम मिशन एक चिंगारी संगठन ने भी सांसद के बयान की निंदा की है। कहा कि संगठन के सदस्य देश द्रोहियों को बेनकाब करने का काम करेंगे। बैठक में भानू प्रताप सिंह, अंश राणा, अमर प्रताप, गौरव राणा, अमित कुमार, राघव आदि शामिल रहे।

# टीवी सीरियल से दूरी बनाएंः गोरा

**देवबन्द।** टीवी सीरियल को जिंदगी की हकीकत समझने के कारण मुस्लिम समाज में घेरलू कलेश और तलाक के मामले बढ़ रहे हैं। इसलिए हमे टीवी सीरियल से दूरी बनाएं रखनी चाहिए। नई पीढ़ी को इस्लामी तालीम (शिक्षा) और अखलाक की तरफ ध्यान देना चाहिए।

जमीयत दावतुल मुस्लिमीन के संरक्षक कारी इस्हाक गोरा ने मीडिया को जारी अपने बयान में कहा कि हमारे मुआशरे (समाज) में दिन बा दिन घेरलू कलेश और तलाक के मामले बढ़ रहे हैं। जिसकी वजह हमारा मीडिया का गुलाम बन जाना है। क्योंकि हम टीवी पर दिखाए जाने वाले टीवी सीरियल को जिंदगी की हकीकत समझ बैठे हैं। गोरा ने महिलाओं को नसीहत करते हुए कहा कि पाकिस्तानी सीरियल हो या अन्य ड्रामों में जो कहानियां दिखाई जाती है



उनमे सास-बहू के झगड़े, मर्द को जालिम दिखाना और रिश्तों में शक के जहर घोलने जैसी बातें दिखाई जा रही हैं जोकि धीरे-धीरें हमारे घरों में दाखिल हो रही है। कहा कि हम जो बार-बार देखते और देखकर सोचते हैं वही जीने लगते हैं। इसलिए हमे इस तरह के सीरियल छोड़ अपने घरों में दीनी माहौल को वापस जिंदा करना चाहिए जिससे हमारे घरों का सकून, मोहब्बत और बरकत लौट सके। इसलिए हमे कुरआन की तालीम, नबी की सीरत और इस्लामी तहजीब को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना शरीअत के मुताबिक अपनी जिंदगी बसर करनी होगी।

## बच्ची को परिवार से मिलाया

**देवबन्द।** पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत घर से गायब हुई मोहल्ला गुज्जरवाड़ा निवासी काजिम की 4 वर्षीय बेटी सना को परिवार से मिलाया। सना दोपहर के समय खेलते हुए बाहर निकल गई जो घर से काफी दूर निकल गई, वह लावारिस हालत में पुलिस को मिली, जिसे वह कोतवाली ले आए। कोतवाली में बच्ची को पाकर परिजनों के चेहरे पर मुस्कान आई और उन्होंने पुलिस का आभार जताया।

# टायर से तेल निकालने वाली फैक्ट्री में बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** औद्योगिक क्षेत्र में टायरों से तेल निकालने वाली फैक्ट्री में बॉयलर जोरदार धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना भीषण था कि आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। हादसे में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य झुलस गए घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां दोनों की मौत हो गई है।

हादसा शेखपुरा इलाके में हुआ है। 7 दिन पहले 19 अक्टूबर को इस फैक्ट्री का उद्घाटन हुआ था और उद्घाटन समारोह में औद्योगिक विकास मंत्री जसवंत सैनी, आचार्य प्रमोद कृष्णन सहित कई जाने-मानी हस्तियां शामिल हुई थीं। देर शाम में धमाका हुआ। यहां पर टायरों से तेल



निकाला जाता था और फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और जल्दी ही आग पर काबू पा लिया। एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि इस फैक्ट्री में 7 मजदूर काम कर रहे थे पांच को रेस्क्यू कर लिया है, जबकि दो गंभीर रूप से झुलस गए, जिनकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि बॉयलर में अधिक दबाव या तकनीकी खराबी के कारण यह हादसा हुआ है। इसकी जांच की जाएगी।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हाथी की दर्दनाक मौत

**बिहारीगढ़।** क्षेत्र के ग्राम सुन्दरपुर में शनिवार सुबह एक हाथी की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची। वन क्षेत्राधिकारी लव कुमार ने मौके पर पहुँचकर पंचनामा भरवाया और शव को कब्जे में लिया।

वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद घटना की विस्तृत जांच की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का झुंड पिछले कई दिनों से आसपास के खेतों में घूम रहा था। अचानक हाईटेंशन तार से टकराने पर एक हाथी की मौके पर ही मौत हो गई।

इस घटना से ग्रामीणों में दुख और आक्रोश दोनों देखा गया। उन्होंने प्रशासन से बिजली तारों की ऊँचाई और सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# महासचिव बने गुलबहार अब्बासी का आवास पर किया गया भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऑल इंडिया अब्बासी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव गुलबहार अब्बासी का आज उनके आवास पर समाज के लोगों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

स्वागत समारोह में अब्बासी समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गुलबहार अब्बासी के नेतृत्व की सराहना करते हुए समाज की एकता और प्रगति के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। गुलबहार अब्बासी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब्बासी समाज की एकता ही हमारी असली ताकत है। हमें मिलजुल कर समाज के हर वर्ग तक शिक्षा, सम्मान और अधिकार की रोशनी पहुँचानी है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से इनाम अब्बासी पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, अकरम अब्बासी आसिफ अब्बासी, जुल्फान अब्बासी, नदीम अब्बासी, नौशाद अब्बासी, शाहिद अब्बासी तथा मसरूर अब्बासी सहित समाज के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

# ज्यादा देर न देखें मोबाइल व टीवी: डा. सफीना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपर।** आई प्वाइंट द्वारा लगाये गये नेत्र जांच शिविर में सैकडों लोगों के नेत्रों की निशुल्क जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया।

अयोध्यापुरम में लगाये गये शि. विर का शुभारंभ नेशनल मैडिकल कालेज प्राचार्य डा.असलम खान ने किया। शिविर में डा. सफीना तबस्सुम ने सैकड़ो लोगों की निशुल्क नेत्रों की जांच की और दवाइयां चश्मे भी विपरीत किये। उनहोंने बताया कि हर माह निशुल्क नेत्र जांच का आयोजन किया जाता है जिसमें हम उन लोगों की जांच करते हैं जो आम दिनों में आकर अपनी जांच नहीं करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी आंखों का ध्यान खुद रखना चाहिए। ज्यादा देर तक मोबा. इल या टीवी देखना आंखों को नुकसान पहुंचाता है। जरूरत पडने पर ही मोबाइल, कम्प्यूटर या लैपटॉप इस्तेमाल करें।

## पांच घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी : अवधेश कुमार

**सहारनपुर।** विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर एवं सुचारु बिजली आपूर्ति प्रदान करने के उद्देश्य से नगर के 33/11 केवी उपकेंद्र मंडी समिति में 250 केवीए' ट्रांसफार्मर की स्थापना कार्य किया जा रहा है।

विद्युत नगरीय अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार ने बताया कि यह कार्य सोमवार को कराया जाएगा। कार्य के दौरान इंद्रा चौक क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति दोपहर 11बजे से 4 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि विभाग उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने का प्रयास करेगा। विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से होने वाली असुविधा के लिए विभाग ने खेद व्यक्त किया है तथा सहयोग की अपील की है।

# पूर्व विधायक व बेटे ने कब्जाई करोड़ों की जमीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व विधायक एवं उनके पुत्र पर पूर्व एमएलसी भाइयों की करोड़ों की जमीन पर कब्जे के आरोप लगे है। उस जमीन पर पेट्रोल पंप स्थापित करने का कार्य भी शुरू कर दिया है। पूर्व एमएलसी की पत्नी ने सीएम योगी आदित्यनाथ, डीजीपी समेत कई आला अफसरों को पूर्व विधायक और उसके बेटे आदि पर कार्रवाई करने और जमीन मुक्त कराने के मांग की है।

कस्बा मिर्जापुर पोल निवासी फरीदा बेगम ने आरोप लगाया कि उसके परिवार के बच्चों एवं देवर को विगत तीन वर्षों से एक गैंग द्वारा कथित तौर पर पुलिस की मिलीभगत से एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत जेल भिजवाया गया था। मेरे पति गत तीन वर्षों से बाहर हैं। जिसका लाभ उठाकर पूर्व विधायक एवं उनके पुत्र

**■ पूर्व एमएलसी की पत्नी ने सीएम व डीजीपी को लिखा पत्र**

आदि ने ग्राम गागालेहड़ी, देहरादून रोड स्थित भूमि जो देवर पूर्व एमएलसी महमूद के नाम लगभग 10 बीघा तथा पति पूर्व एमएलसी मोहम्मद इकबाल के नाम लगभग 3 बीघा है, पर हथियारबंद गुंडों के बल पर अवैध रूप से कब्जा कर पेट्रोल पंप स्थापित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। फरीदा बेगम ने कहा है कि पूर्व में भी इस संबंध में सीएम समेत कई आला अफसरों को प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया था, किंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप ये भी है कि इसके अतिरिक्त पूर्व विधायक के पुत्र द्वारा उसके परिवार की अन्य भूमि ग्राम शाहपुर गाड़ा, मिर्जापुर पोल, शेरपुर पेला तथा इंदरपुर तालड़ा कुल लगभग 50 बीघा, थोखाधड़ी से विक्रय की जा चुकी है। इन सम्पत्तियों के संबंध में प्रार्थिनी के परिवार के पास विधिवत एग्रीमेंट उपलब्ध है तथा संपूर्ण भुगतान भी प्रार्थिनी के परिवार द्वारा किया गया था। इस संबंध में भी कई बार प्रार्थना पत्र प्रेषित किए गए, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई।

आरोप है कि इसके अलावा पूर्व विधायक ने उसके परिवार को गुमराह करके तीन करोड़ रूपये जिये। साथ ही यह आश्वासन दिया कि वह शीघ्र ही हमारे बच्चों को जेल से बाहर निकलवा देंगे, लेकिन ना तो यह कार्य हुआ और ना ही धनराशि वापस की गई। इसके विपरीत लगातार हमारी जमीनों पर अवैध कब्जा किया जा रहा है।

फरीदा बेगम का आरोप है कि सीएम आदि से शिकायत करने पर लगातार जान से मारने की धमकियों दी जा रही हैं। साथ ही अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। आरोप लगाया कि इस अवैध कब्जा करने की प्रक्रिया में हल्का लेखपाल, तहसीलदार एवं स्थानीय पुलिस की भी संलिप्तता है। जबकि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा भूमाफिया एवं भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हेतु स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। उसके बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

पूर्व एमएलसी की पत्नी फरीदा बेगम ने सीएम, प्रमुख सचिव, डीजीपी, कमिश्नर, डीआईजी, डीएम आदि अधिकारियों से इस प्रकरण की जांच किसी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एजेंसी से कराकर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई किये जाने की मांग की गई।

# बूथ पर सुनी मन की बात

**सहारनपुर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक कार्यक्रम मन की बात के 127वें संस्करण को आज बूथ संख्या 321 पर भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष श्रीमती आरती शर्मा के नेतृत्व में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ सामूहिक रूप से सुना गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संदेशों ने प्रत्येक नागरिक के भीतर देश सेवा, जनकल्याण और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार किया। प्रधानमंत्री द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली रन फॉर यूनिटी और पद यात्रा कार्यक्रम का भी उल्लेख किया गया, जो देशभर के प्रत्येक जिले में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। आरती शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरक बातें न केवल जनभावनाओं से जुड़ी होती हैं, बल्कि हर भारतीय के हृदय में कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्रप्रेम और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को भी जागृत करती हैं। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष नंदनी बाटला, नेहा रहेजा, वाणी रहेजा, ममता महेंद्र दत्ता, अन्नू गांधी, सिमरन बत्रा पूर्व सचिव मुकेश गोयल, अवनीत नागपाल, परविन्दर सिंह, सिकन्दर बीर सिंह, विजय मोदी, मनप्रीत बत्रा, गुलशन कटियाल, बलवंत रॉय, संजय चावला, सतीश ठकराल, ठा. एस. पी. सिंह, सन्नी दुआ, स. राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# दुनिया में ताकत बन रहा भारत: जसवंत

## समारोह में पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, गंगोह विधायक चौ.किरत सिंह भी रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्य व औद्योगिक विकास राज्यमंत्री ने कहा है कि भारत आज दुनिया की ऐसी ताकत बन कर उभर रहा है कि दुनिया की तमाम देश मोदी का स्वागत करने को आतुर दिखाई देती है और दुसरे प्रदेशों में उत्तर प्रदेश के योगी जैसी कानून व्यवस्था की मिसाल दी जाती है। इसके अलावा पूर्व सांसद सहित वक्ताओं के निशाने पर बिना नाम लिए इकरा हसन रही।

राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी यहां गांव गांधीनगर स्थित महादेव सिटी में पिछडावर्ग जिलाध्यक्ष राकेशआर्य सैनी द्वारा आयोजित स्वागत समारोह के अवसर पर जनसभा को संबोधित



कर रहे थे। सरकार की कानून व्यवस्था, सफलता व नारी शक्ति कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि विपक्ष के दौर से भाजपा राज की तुलना करते हुए उन्होंने बेहतर सडकों सहित तमाम उपलब्धियों का बखान किया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत अभियान के बाद अब स्वदेशी अपनाने के मोदी के आहवान की सफलताकी अपील की। कैराना के पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी की हार को झूठे प्रोपगंडे की संज्ञा देते हुए पुछा कि क्या सपासांसद उनके हाल पुछने कभी आई। अन्य वक्ताओं में पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, विधायक किरत सिंह, अजीत राणा, मानवेन्द्र सिंह, मोहरसिंह, मेलाराम पंवार, औमपाल पांचाल, जसवंत कश्यप आदि रहें। अध्यक्षता राकेश आर्य सैनी व संच. ालन नरेश सैनी ने किया। इससे पूर्व राज्यमंत्री को जुलूस की शक्ल में मंडी स्थल से सभास्थल तक जुलूस की शक्ल में लाया गया।

# पेंशनर्स सम्मेलन संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सेवानिवृत कर्मचारी एंव पेंशनर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि वित विधेयक कानून के माध्यम से विशेषाधिकार के पूर्व या बाद में पेंशनर्स के आर्थिक लाभों के अंतर किया गया तो पेंशनर समाज इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

जिला कार्यकारिणी के चुनाव में सुभाष चंद त्यागी को अध्यक्ष चुना गया। प्रांतीय अध्यक्ष अमरनाथ यादव आज दिल्ली रोड स्थित गुर्जर में संगठन के द्विवार्षिक अधिवेषन को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वित विधेयक कानून के माध्यम से पेंशनरों को परेशान किया गया तो इसका पेंशनर समाज विररोध करेगा। उन्होंने कि केन्द्र सरकार ने 16 अक्टूबर को आठवें वेतन आयोग की घोषणा कर चुकी है लेकिन अभी तक भी इसका गठन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार प्रदेश ही नहीं पूरे में देश में कर्मचारियों, शिक्षकों व पेंशनर्स को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने सभी पेंशनर्स से संगठित हो कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पेंशनर्स की मांगों को लेकर एक बड़ा आंदोलन करने की घोशणा की गयी, जिसमें सभी से सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम में विषिश्ट अतिथि मुख्य कोषाधिकारी सूरज कुमार ने भी पेंशनर्स का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष व चुनाव अधिकारी वीके मिश्रा की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें सुभाष चंद तगयाी को जिलाध्यक्ष, अब्दुल कयूम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सतीश कुमार गर्ग को जिला महामंत्री एंव आर पीएस काम्बोज को ऑडिटर चुना गया।

# कुलदीप अध्यक्ष व प्रदीप चुने महासचिव

## जिला शुआई जिओ एसोसिएशन का गठन, 2 को होगी जिलास्तरीय प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पिछले कुछ सालों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले शुआई जियाओ खेल की जनपद में रख दी गई। खिलाडियों को इस खेल में बडा मंच प्रदान करने के लिये जिला शुआई जिओ एसोसिएशन का गठन कर सर्वसम्मति से कुलदीप त्यागी को अध्यक्ष व प्रदीप त्यागी को महासचिव चुना गया।

मल्हीपुर रोड स्थित एक सेंटर पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष व महासचिव के अलावा अमित कपिल को कोषाध्यक्ष, पुनीत वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुश्री सुषमा को संयुक्त सचिव, पीयूष मित्तल को उपाध्यक्ष, विवेक गर्ग को तकनीकी निदेशक, हर्षित बिंदल को मीडिया प्रभारी, हर्ष अरोडा को खेल निदेशक बनाये गये। इसके अलावा श्रुति गोयल, शिवांगी शर्मा, नीरू चौहान, शिवानी चौहान, विभा चौहान, मानसी धीमान, कनिका लांबा, आराधना शर्मा, पायल प्रजेश को एग्जीक्यूटिव मेंबर्स की जिम्मेंदारी दी गई।



अध्यक्ष कुलदीप त्यागी ने बताया कि दो नवंबर को बाबा साहब डा.अम्बेडकर स्टेडियम में डिस्ट्रिक्ट शुआई जियाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सभी स्कूलों को आमंत्रित किया जा रहा है। महासचिव प्रदीप त्यागी ने बताया कि एसोसिएशन का उद्देश्य इस पारंपरिक चीनी मार्शल आर्ट को अधिक से अधिक युवाओं को और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के अवसर प्रदान करना है, ताकि वह देश का नाम रोशन कर सके।

## दानिश को बिहार चुनाव में दी जिम्मेदारी

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व प्रदेश सचिव व युवा कांग्रेस नेता दानिश खान को बिहार चुनाव में गोपालपुर वि.स. का सह प्रभारी बनाया गया है।



कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्य सभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी की सहमति से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर बिहार प्रदेश प्रभारी मो शमीम खान ने दानिश खान को यह जिम्मेदारी दी। दानिश खान ने कहा कि पार्टी ने समय समय पर मान सम्मान दिया है। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव मे भी रजौरी गार्डन विधानसभा का प्रभारी बनाया गया था और बिहार में जिम्मेंदारी दी गई है। जिसका बखूबी निवर्हन किया जायेगा।

# पराली न जलाने की दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** बेहडा संदल सिंह और-अल्लीवाला में उप कृषि निद. ेशक संदीप पाल, जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार भावी और नायब तहसीलदार देवेंद्र प्रजापति के नेतृत्व में फायर बुलेटिन में उल्लेखित स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में फसल अवशेष या पराली जलाने की कोई घटना नहीं पाई गई। इस दौरान किसानों को पराली और फसल अवशेष न जलाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग से अश्वनी त्यागी,मनेंद्र राणा, मसरूर आलम धर्मेंद्र, सतीश और राजस्व विभाग से लेखपाल मनोज गुप्ता, फईम अहमद, विनय भारद्वाज उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्र छात्राएं किए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** श्री कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ में शनिवार को भव्य फ्रेशर्स पार्टी एवं मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भागलपुर के जिला जज दीपक कालरा रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक श्रेष्ठ नागरिक बनना और समाज में न्याय व समानता की भावना स्थापित करना है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे कानून की पढ़ाई को सेवा के रूप में लें और समाज में न्याय की अलख जगाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के चेयरमैन नबाब सिंह ने की। वरिष्ठ छात्रों ने नए छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया,



जबकि फ्रेशर्स ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोहा।कार्यक्रम का संच. ालन रविंद्र कुमार ने किया। अंत में मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनूप चौधरी, श्याम कुमार सैनी, बाल कृष्ण शर्मा, शक्ति चौधरी सहित कॉलेज के शिक्षक, छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहे।

## पेराई सत्र शुरू

**गंगोह।** उत्तम शुगर मिल शेरमउ के नए पेराई सत्र 2025-26 के लिए वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. सुखविन्दर जीत सिंह द्वारा वैदिक रीति-रिवाज से ब्यालर की पूजा करके अग्नि प्रज्वलित की गई।

ब्यालर पूजा पं. मनोज शर्मा द्वारा सम्पन्न करायी गयी। इस अवसर पर चीनी मिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने बताया कि ब्यालर संचालन चीनी मिल चलाने का प्रथम चरण है और चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारम्भ शीघ्र ही शुरू होने वाला है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने कृषको से अपील की है कि अपना बेसिक कोटा पूरा करने के लिए अपना समस्त आपूर्ति योग्य गन्ना चीनी मिल को ही दे। गन्ने की कटाई न करें न ही अपने गन्ने को कोल्हूओं में सप्लाई करें। ब्यालर पूजा में अरविन्द कुमार महाप्रबन्धक, दीपक पुण्डीर मुख्य महाप्रबन्धक, पीके राठी महाप्रबन्धक, एमके चतुर्वेदी अति. प्रबन्धक आईपी यादव व सभी मिलकर्मी रहें।

# नई ऊंचाई पर जा रहा सहारनपुर क्लब: संजय

## पूर्व मंत्री ने क्लब के पदाधिकारियों के साथ किया वेबसाईट का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर क्लब प्रांगण में क्लब नाईट/दीवाली मिलन का आयोजन बडी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने जमकर धमाल मचाया।

जिला चिकित्सालय रोड स्थित सहारनपुर क्लब के परिसर में दिवाली मिलन एवं क्लब नाइट का आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखकर सभी की दात बटोरी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने सहारनपुर क्लब द्वारा बनाई गयी वेबसाईट का लोक. ार्पण किया। इस वेबसाइट के बन जाने से क्लब के सदस्यों को होने वाली हर गतिविधि व सुविधाओं की जानकारी आसानी से मिल सकेगी।



क्लब सचिव हेमन्त जोशी ने बताया कि क्लब में हर वर्ष दीवाली एवं अन्य सभी त्यौहार धूमधाम से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण मे मनाये जाते हैं। इस दीवाली के अवसर पर क्लब नाईट मे विशेष तौर पर म्यूजिक बैंड एवं डी जे बुलाया गया, आतिशबाजी का प्रबन्ध था। संयुक्त सचिव जोधबीर सिंह (बन्नी) ने कहा कि हमारे क्लब के सम्मानित सदस्यों के साथ हम हर त्यौहार एक परिवार की तरह मनाते हैं। दीवाली के इस विशेष अवसर पर कई सदस्यों के लिये लक्की ड्रा एवं कई अन्य उपहार देने की व्यवस्था रही। कार्यकारिणी सदस्य चौधरी माईदयाल सिंह मित्तल एवं अमित जौली, मुकेश गोयल, अवनीत नागपाल, प्रविन्द्र सिंह, सिकन्रबीर सिंह, विजय मोदी, मनप्रीत बतरा, गुलशन कटयाल, बलवन्त राय, संजय चावला, स तीश ठकराल, ठाकुर एसपी सिंह, सन्नी दुआ, स. राजपाल सिंह, मुकुद मनोहर गोयल, हरीश अरोडा, राजीव ठाकुर, ऋषभ अग्रवाल, डा. मनदीप सिंह भी इस अवसर पर पूर्ण रूप से साथ रहे।

# जंधेड़ी गोशाला के केयरटेकर के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम का मुकदमा दर्ज

**एक दिन पूर्व जंधेड़ी गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने जमकर किया था हंगामा-प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव जंधेड़ी की गौशाला के केयरटेकर के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया है। डीएम के आदेश पर ब्लॉक कैराना पर तैनात एडीओ पंचायत राहुल पंवार ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। एक दिन पूर्व ग्रामीणों ने जंधेड़ी गौशाला पर पहुंचकर गोवंशों की दुर्दशा के आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा-प्रदर्शन किया था।

ब्लॉक कैराना पर तैनात एडीओ पंचायत राहुल पंवार ने स्थानीय कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कराया है। बताया कि विगत शनिवार को प्रात: करीब दस बजे सोशल मीडिया के माध्यम से घटना प्रकाश में आई कि ग्राम पंचायत जंधेड़ी में दो गोवंशों की मृत्यु रात के समय हो गई थी, जिन्हें सुबह कुत्ते नोच रहे थे। इसकी वीडियो बजरंग दल अथवा किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा वायरल करके हंगामा किया गया था। इस प्रकरण में पूर्णत: गौशाला के केयरटेकर उदयराज निवासी ग्राम जंधेड़ी की लापरवाही प्रकट होती है। वहीं, पुलिस ने गौशाला के केयरटेकर के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम की धारा-3/11 के तहत अभियोग दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। विदित रहे कि विगत शनिवार को ग्रामीणों ने जंधेड़ी गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा-प्रदर्शन किया था। ग्रामीणों ने प्रशासन व ग्राम प्रधान पर गोवंशों की अनदेखी के आरोप जड़े थे।

उन्होंने गोवंशों को समय पर चारा-पानी व उपचार न मिलने की बात कही थी। ग्रामीणों ने बीमार गोवंशों को आवारा कुत्तों द्वारा नोचने के भी आरोप लगाए थे। बाद में डीएम अरविंद चौहान व एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने गौशाला में पहुंचकर मामले की जानकारी हासिल की थी। उन्होंने एसडीएम कैराना को गौशाला के केयरटेकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने तथा ग्राम प्रधान की भूमिका की जांच करके रिपोर्ट प्रेषित करने को कहा था। डीएम ने गोवंशों के लिए चारे-पानी व देखरेख की व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे।



प्रतीकात्मक फोटो

# डंपर व ट्रैक्टर की भिड़ंत में ट्रैक्टर चालक गंभीर घायल, कार क्षतिग्रस्त





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** रविवार को शामली बस स्टैंड के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि पास में खड़ी एक कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

जानकारी के अनुसार, सुरेशपाल पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम पीपलहैड़ा, जनपद मुजफ्फरनगर किसी कार्य से थानाभवन आए थे। वे शामली बस स्टैंड के पास ट्रैक्टर मोड़ रहे थे, तभी शामली की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार रोड़ी से भरे हुए डंपर चालक ने सामने ट्रैक्टर को मुड़ता हुआ देख बचाने की कोशिश की, लेकिन उसकी साइड ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर पलट गया और पास में खड़ी एक कार से जा टकराया।कार चालक उस समय पास की दुकान से सामान खरीद रहा था, जबकि उसकी फैमिली कार के अंदर ही बैठी थी। गनीमत रही कि कार में बैठी महिलाओं को कोई चोट नहीं आई, हालांकि कार का अगला पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घायल ट्रैक्टर चालक को ई-रिक्शा की मदद से थानाभवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने डंपर और ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।और अग्रिम कार्यवाही में लग गई।






# ग्राम लांक में लोकदल ने चलाया सदस्यता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गांव लांक में आज रविवार के दिन राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय चौधरी जयंत सिंह के निर्देशानुसार जनपद शामली के ग्राम लांक सदस्यता अभियान का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मौजूद सभी ने चौधरी चरण सिंह और डॉ, भीमराव अंबेडकर की नीतियों एवं विचारों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केबिनेट मंत्री अनिल कुमार, क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन, जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली, शामली विधायक प्रसन्न कुमार, थाना भवन विधायक अशरफ अली खान, जिला पंचायत अध्यक्ष बागपत जयकिशोर, संगीता दोहरे, नरेंद्र खजूरी (सदस्य, SC/ST आयोग), संयोग रावत एवं ऋषिराज राझड़, बीरसिंह मालिक, अमित कुमार (जिलाध्यक्ष,SC/ST प्रकोष्ठ शामली) सहित अनेक कार्यकर्ता और सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# आम के बाग में पेड़ से लटका मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सहारनपुर रोड़ स्थित आम के बाग में एक वृद्ध का आम के पेड़ से शव लटका मिलने से सनसनी फैली गई। सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव को पेड से नीचे उतारकर मामले की जांच पडताल की। शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव सिक्का निवासी मोनू रविवार सवेरे किसी कार्य से शामली आ रहा था। बताय जाता है कि जब वह शामली के सहारनपुर रोड स्थित आम के बाग के निकट पहुंचा तो वहां एक पेड से वृद्ध का शव लटका देख युवक ने डायल-112 पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस व फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पडताल करते हुए शव को पेड से नीचे उतारा। पुलिस ने शव की तलाशी ली, लेकिन उसके जेब से मंडल माचिस मिली। पहचान के लिए मृतक के पास से कोई आईडी न मिलने पर पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी हासिल नही लग सकी। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के गले में रस्सी से फंदा लगा हुआ था। पुलिस मामले की जांच पडताल कर रही है। वही सोशल मीडिया पर मृतक का फोटो डालकर शिनाख्त करने का भी प्रयास किया जा रहा है।



## अज्ञात शव की शिनाख्त कलवा के रूप में हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत 15 अक्टूबर को शहर के विजय चौक के निकट से मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त हो गई। मृतक कलवा थानाभवन का रहने वाला था, जो घर से बिना बताए चला आया था। शहर के शमशान घाट में रखी मृतक की अस्थितियों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।



गत 15 अक्टूबर की सवेरे शहर के विजय चौक के निकट झिंझाना रोड पर एक व्यक्ति का शव लावारिश आवस्था में पडा मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त न होने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वही बाद में अंतिम यात्रा सेवा समूह के सहयोग से शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। रविवार को मृतक के परिजन ढूढते हुए शामली कोतवाली पहुंचे, जहां फोटो देख उनको शव की शिनाख्त कलवा पुत्र रतन सिंह निवासी मोहल्ला मुजाबरन कस्बा थानाभवन के रूप में हुई। पुत्र रोहताश व पुत्री पूजा ने बताया कि पिता कुछ दिन पूर्व घर से निकले थे। उन्होने पुलिस से पोस्टमार्टम रिपोर्ट दिए जाने की मांग की ताकि मौत के कारणों का पता चल सके। बाद में वह मृतक पिता की अस्थियां लेकर अपने साथ चले गए।

## 10 पोर्टेबल गोग्रास पात्रों का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कान्हा काउ फीडिंग फाउंडेशन शामली द्वारा शहर में स्थापित किए गए 10 पोर्टेबल गौग्रास पात्रों का उद्घाटन नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा गौसेवा के क्षेत्र में किया जा रहा यह नवाचार अत्यंत प्रशंसनीय है। ऐसे प्रयास न केवल गौवंश संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी प्रेरित करते हैं।फाउंडेशन के संरक्षक अनिल कुमार गर्ग ने बताया कि प्रारंभिक चरण में 10 पोर्टेबल पात्र शहर में विभिन्न स्थानों पर लगाए जा रहे हैं। यह पात्र आवश्यकता के अनुसार कहीं भी स्थानांतरित किए जा सकते हैं। यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो जनता की मांग पर अन्य स्थानों पर भी इन्हें स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन फीडरों से चारा वितरण की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुव्यवस्थित होगी। कार्यक्रम में फाउंडेशन के सह-संयोजक शुभम गर्ग, सीए अशिष गर्ग, हिमांशु बिंदल, शिवम गर्ग, कार्तिक सरोहा, अभिषेक गर्ग, गौरव गोयल, सुमित गोयल, मुकेश वर्मा, अंकित तायल, विकास गर्ग, विराज, योगेंद्र गर्ग, कन्हैया संगल आदि मौजूद रहे।



# हरियाणा सरकार की हटधर्मी से लगा रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** हरियाणा सरकार की जिद के चलते शनिवार की शाम से लेकर रविवार दोपहर तक मेरठ. करनाल हाईवे पर यमुना नदी पुल, हरियाणा.उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर 18 घंटे तक भयंकर जाम लगा रहा। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं और लोग घंटों जाम में फंसे रहे।

जानकारी के अनुसार, हरियाणा सरकार ने यूपी के किसानों के धान को राज्य में प्रवेश की अनुमति नहीं दी थी। व्यापारी ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रकों में भरकर धान खरीदकर ला रहे थे, जिन्हें हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पर रोक दिया।

इससे शनिवार शाम से ही हाईवे पर वाहनों का दबाव बढ़ता गया और देखते ही देखते जाम कई किलोमीटर लंबा हो गया। जाम के कारण न केवल मालवाहक वाहन, बल्कि दूध, सब्जी और फल जैसी रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं ले जाने वाले वाहन भी फंस गए। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिडौली पुलिस चौकी इंचार्ज ने हरियाणा मांगलौरा पुलिस चौकी पर पहुंचकर हरियाणा के अधिकारियों से वार्ता की और काफी मशक्कत के बाद देर रात जाम खुलवाया।

उन्होंने कहा कि यदि जाम और अधिक समय तक रहता, तो यूपी में मेरठ.करनाल हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप हो जाता। स्थानीय लोगों ने हरियाणा सरकार के रवैए पर नारा. जगी जताते हुए कहा कि किसानों की मेहनत से उपजी फसल को रोकना न केवल अनुचित है बल्कि दोनों राज्यों के बीच आपसी तालमेल पर भी सवाल उठाता है।



## एक नजर

### कांधला रामलीला समिति का पंजीकरण विवाद आयुक्त न्यायालय पहुंचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर की ऐतिहासिक ह रामलीला समितिह से जुड़ा पंजीकरण विवाद सहारनपुर मंडल के आयुक्त न्यायालय में पहुंच गया है। आयुक्त अटल कुमार राय ने वाद संख्या 2059/2025 में सहायक निबंधक से समिति की मूल पत्रावली तलब की है। आरोप है कि 1973-74 में पंजीकृत मूल समिति की फाइल गायब कर 2008-09 में कुछ लोगों ने ह रामलीला कमेटी (मंडप पंचवटी) के नाम से फर्जी पंजीकरण कराया। सिद्धपीठ मां शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने इस पंजीकरण को रद्द करने और मूल फाइल की बरामदगी की मांग की है। आयुक्त न्यायालय ने अपील को सुनवाई योग्य माना है, अगली सुनवाई 6 नवंबर 2025 को होगी। आशुतोष ब्रह्मचारी ने इसे कांधला की रामलीला परंपरा की अस्मिता का प्रश्न बताते हुए कहा सत्य की जीत होगी।

### साइबर अपराधों से बचने की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग पर स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों को उत्तर प्रदेश पुलिस के डायरेक्टर जनरल द्वारा आयोजित एक सेमिनार में आमंत्रित किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने की। सेमिनार में साइबर क्राइम विशेषज्ञों ने छात्रों को सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों, जैसे साइबर ठगी और हनी ट्रैप, से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने यह भी समझाया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में युवा मोबाइल की लत से कैसे प्रभावित हो रहे हैं और इससे मुक्त होने के उपाय क्या हैं।स्कूल के प्रबंधक कृष्णपाल सिंह ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। प्रधानाचार्य अजय कुमार ने छात्रों से अपील की कि वे अपना अधिक समय किताबों के साथ बिताएं, जो उनके भविष्य के लिए लाभकारी होगा।यह कार्यक्रम छात्रों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### बंद घर का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के मोहल्ला सरवज्ञान में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। मोहल्ला खाकरोबान निवासी बबलू राणा की भाभी फरहा, पत्नी वाजिद राणा, का मेरठ में इलाज चल रहा था। इस दौरान 23 अक्टूबर को उनके घर में चोरी की सूचना मिली। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच में पता चला कि चोर सोने-चांदी के आभूषण और लगभग 10,000 रूपए नकद ले गए। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आठ महीने बाद प्रभुजी का उनके परिवार में मधुर मिलन

**शामली।** 1.8.2025 को एक महिला प्रभुजी को लावारिस एवं असहाय अवस्था में थाना आदर्श मण्डी शामली से सब इंस्पेक्टर देवदत्त शर्मा एवं महिला कांस्टेबल संगीता द्वारा अपना घर आश्रम शामली में भर्ती किया गया था प्रभु जी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी प्रभुजी ने अपना नाम कुसुम बताया एवं अपने बारे में अन्य कोई जानकारी देने में असमर्थ थी प्रभु जी का इलाज डॉक्टर अरुण राय जी द्वारा किया गया। इलाज एवं आश्रम के अच्छे वातावरण से प्रभु जी की मानसिक स्थिति में अल्प समय में ही सुधार होने लगा काउंस. लिंग करते समय पूछे जाने पर प्रभु जी ने अपना पता गांव शाहजहांपुर, थाना किठौर, मेरठ बताया भाई का नाम हरीश बताया प्रभु जी द्वारा दी गई जानकारी से नेट पर सर्च करने पर वहां के ग्राम प्रधान का नंबर हमें मिला ग्राम प्रधान जी से बात करने पर प्रभु जी की सारी जानकारी उनको दी गई एवं उनसे विनती की गई कि उनको प्रभु जी की जो भी जानकारी प्राप्त हो कृपया हमें बताएं और अगले ही दिन पर ग्राम प्रधान जी ने प्रभु जी की बुआ का नंबर हमें दिया प्रभु जी की बुआ से बात करने पर उन्होंने बताया कि वह बहुत समय से प्रभु जी को तलाश कर रहे थे लेकिन कहीं कोई जानकारी नहीं मिली और वह बहुत जल्द प्रभु जी को लेने अपना घर आश्रम शामली आएंगे और कल दिनांक 25.10. 2025 को प्रभु जी की बुआ जी सुनीता रानी एवं प्रभु जी के भाई हरीश जी प्रभु जी को लेने अपना घर आश्रम शामली आए प्रभु जी के भाई हरीश जी ने बताया कि उनकी बहन कुसुम 8 महीने पहले घर से बिना बताए निकल गई थी और बहुत तलाश करने पर भी नहीं मिली आश्रम द्वारा द्वारा आए फोन कॉल से उनको कुसुम की जानकारी प्राप्त हुई हरीश जी ने कार्यालय कार्रवाई पूर्ण की एवं अपनी बहन कुसुम को साथ गांव शाहजहांपुर मेरठ उत्तर प्रदेश ले गए।

# पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता एवं मिशन शक्ति अभियान, लोगों को दी सुरक्षा की सीख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना थानाभवन पुलिस द्वारा रविवार को हसाइबर जागरूकता अभियान एवं हमिशन शक्तिह के तहत संयुक्त रूप से जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान साइबर वैन को क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में भेजा गया, जहां पुलिस टीम ने नागरिकों, छात्र-छात्राओं और महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में पुलिस टीम ने लोगों को ऑनलाइन ठगी, व्न्च फॉड, सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल, बैंकिंग फॉड जैसे साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही, मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को आत्मरक्षा के उपाय बताए गए और हेल्पलाइन नंबर 112, 1090 एवं 181 की जानकारी दी गई, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके।साइबर वैन में लगे डिजिटल डिस्प्ले, पोस्टर और ऑडियो-वीडियो संदेशों के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि किसी अज्ञात लिंक, कॉल या फट कोड पर क्लिक न करें।

अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक डिटेल या व्न्च किसी से साझा न करें।साइबर अपराध की शिकायत तुरंत 1930 नंबर या ूबलइमतबतपउम।हवअ।पद पर दर्ज करें।महिला सुरक्षा से संबंधित किसी भी समस्या के लिए 1090 द्धमहिला हेल्पलाइनऋ पर संपर्क करें।कार्यक्रम में साइबर वैन की टीम में जयप्रकाश, लोकेश कुमार, दीवान अमरजीत, नीतू आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।थानाभवन पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे खुद भी जागरूक रहें और अपने परिवार एवं समाज को साइबर अपराध और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।



# मुनिराज ने बताया आध्यात्मिकता का महत्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में रविवार को मुनिराजों के पिच्छिका परिवर्तन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 108 विव्रत सागर मुनिराज ने अपने प्रवचन में आध्यात्मिक महत्व एवं सचेत परिवर्तन की आवश्यकता पर गहन विचार प्रस्तुत किए। मुनिराज ने कहा कि संसार में प्रत्एक द्रव्य प्रति क्षण परिवर्तनशील है। यदि परिवर्तन न हो, तो पूरा जगत स्थिर और गतिहीन हो जाएगा। यही स्वाभाविक परिवर्तन जीव को कष्टप्रद योनियों से निकाल. कर विभिन्न पर्यायों की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि भक्त जब बार-बार गुरु के चरणों में समान उत्साह से समर्पित होता है, तो यह परिवर्तन की सच्ची शक्ति को दर्शाता है। बताया कि अनंत जन्मों और चौरासी लाख योनियों में भ्रमण करने के बाद भी जीव को अभी सिद्धगति प्राप्त नहीं हुई, जो संपूर्ण दुखों और जन्म-मृत्यु से मुक्त होने की अवस्था है। सिद्धालय में आत्मा शुद्ध स्वरूप में स्थिर रहकर अनंत सुख का अनुभव करती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य प्राय: स्थाई, शाश्वत सुख की बजाय क्षणिक और बाहरी परिवर्तनों को अधिक पसंद करता है। जैसे भूख लगने पर साधारण भोजन भी स्वादिष्ट लगता है या थकान में टूटी खाट पर भी नींद आ जाती है कृ यह दर्शाता है कि जीव सुख का वास्तविक अर्थ दुख के अनुभव से ही समझ पाता है। इस अवसर पर एसएस जैन, सुशील जैन, सुधा जैन आदि मौजूद रहे।

# दथेड़ा गोशाला में मर रहे पशु, मृत पशुओं को ले जाने पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** दथेड़ा स्थित गोशाला से मृत पशुओं को नियमाविरुद्ध उठाकर ले जाने का विरोध करते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया और कुछ लोगों को पकड़ लिया। मौके से छह मृत गोवंश मिले। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को हिरासत में लिया। आरोप है कि पांच युवक मौके से भाग गए। इस दौरान बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने उनकी पिटाई भी की।

हंगामा बढ़ता देख एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने बताया कि जिस समय युवकों को पकड़ा तब उन्होंने बताया कि पूर्व में भी छह बार यहां से हम मृत पशुओं को ले जा चुके हैं। पुलिस को गोशाला से जो ट्रैक्टर ट्राली मिला है उनमें एक भैंस भी लदी थी। सभी मृत पशुओं को गंगोह ले जाया जाता था और अवशेषों को बेचा जाता था। एसडीएम संदीप त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर पशु चिकित्सकों को मौके पर बुलाया और पशुओं का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद सीडीओ भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने गोशाला के पशुओं की गिनती कराई और पूरी प्रक्रिया पर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।



गोशाला पर एकत्र बजरंग दल कार्यकर्ता व मौके पर जमा भीड़।



मौके पर जानकारी हासिल करते सीडीओ।

**गोशाला में क्यों मर रहे हैं पशु**

गोशाला के रिकॉर्ड के मुताबिक 61 पशु दर्ज हैं, लेकिन मौके पर करीब 40 पशु ही पाए गए। वहीं दूसरी ओर विगत वर्ष गोशाला में पशुओं की संख्या 185 बताई है, जबकि रजिस्टर में मृत पशुओं का रिकॉर्ड नहीं मिल सका।

**गोशाला के जिम्मेदारों पर सवालिया निशान**

बजरंग दल के तहसील प्रभारी अनुज कुमार ने अपनी टीम के साथ मृत पशुओं को ले जाते पकडा तो युवकों ने बताया कि वह पशुओं को छह बार ले जा चुके हैं। वही जिस समय एसडीएम संदीप त्रिपाठी ने केयरटेकर सुरेश कुमार से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि हमे जिम्मेदारों ने मृत पशुओं को उठवाने के लिए कहा था। युवकों ने भी बताया कि वे ग्राम प्रधान की सूचना पर मृत पशुओं को लेकर जाते हैं।

..............................

पशुओं की गिनती कराई जा रही है। पूरे प्रकरण की जांच की जाएगी ,जिस भी स्तर पर कोई भी दोषी होगा कार्यवाही होगी।

**विजय प्रकाश तिवारी, सीडीओ शामली**

पशुओं का पीएम कराया जा रहा है। मुकदमा भी दर्ज होगा और दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

**संदीप त्रिपाठी, एसडीएम ऊन**

**खेल विशेष**

## शाइना मणिमुथु व दीक्षा सुधाकर ने जीते स्वर्ण पदक

**चेंगदू, वार्ता।** शाइना मणिमुथु (अंडर-15) और दीक्षा सुधाकर (अंडर-17) ने रविवार को अपने-अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीते और भारत ने बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप 2025 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। अंडर-15 बालिका एकल वर्ग के फाइनल में, शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जिसके बाद दीक्षा सुधाकर ने अंडर-17 बालिका एकल वर्ग के फाइनल में हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से हराया। रविवार के नतीजों का मतलब था कि भारतीय दल दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक लेकर स्वदेश लौटेगा। भारत ने पिछली बार 2013 में दो स्वर्ण पदक जीते थे।

## भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज फ़िलीपींस में संयुक्त सातवें स्थान पर रहे

**फ़िलीपींस, वार्ता।** स्थानीय खिलाड़ी मिगुएल तबुएना ने घरेलू प्रशंसकों को खुश किया और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों की लगातार बर्डी का सामना करते हुए, बिंगोप्लस द्वारा प्रस्तुत 20 लाख अमेरिकी डॉलर की इंटरनेशनल सीरीज फ़िलीपींस में सात अंडर 65 का शानदार स्कोर तीन शॉट की प्रभावशाली जीत के लिए पर्याप्त साबित हुआ। गर्दन में ऐंठन के कारण एसजेएम मकाओ ओपन से हटने के ठीक एक हफ्ते बाद, अपने घरेलू कोर्स, स्टा एलेना गोल्फ क्लब में खेलते हुए, तबुएना ने कुल 24 अंडर का स्कोर बनाया, जबकि काज़ुकी हिगा (65) और योसुके असाजी (67) की जापानी जोड़ी 21 अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रही।

**● दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

# भारत ने दूसरे दिन 7 स्वर्ण पदक जीते



**● 8 रजत व 4 कांस्य पदक भी जीते, चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या 32 हो गई है**

**रांची, वार्ता।** भारत ने चौथी दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 के दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सात स्वर्ण, आठ रजत और चार कांस्य पदक अपने नाम किए। इस के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या 32 हो गई है और पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को महिला 100 मीटर बाधा दौड़ (हर्डल्स) में भारत की नंधिनी के ने 13:56 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण, मौमिता मंडल (भारत) ने रजत और विजेवेरा विथा (श्रीलंका) ने कांस्य पदक जीता। पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ में भारत के मानव आर ने 13:78 सेकंड में स्वर्ण, श्रीलंका के रनतुंगे रोशन ने रजत और भारत के कृषिक एम ने कांस्य पदक हासिल किया। महिला 1500 मीटर फाइनल में भारत की संजना सिंह ने 4:25:36 मिनट में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता । यह उनका इस चैम्पियनशिप का दूसरा स्वर्ण है। श्रीलंका की डब्ल्यूकेएल अरच्च निमाली ने रजत और भारत की काजल कंवडे ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष 1500 मीटर फाइनल में भारत के अर्जुन वास्कले ने 3:54:58 मिनट में स्वर्ण पदक जीता।

श्रीलंका के गल्लागे रुसीरु चाथ और रोजिदीन मोहामथु ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक हासिल किए। महिला 400 मीटर फाइनल में भारत की नीरू पाठक ने 53:सेकंड समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि साथी खिलाड़ी ओलिबा स्टेफी ने रजत और श्रीलंका की मेंडिस बला. पुवा सयु ने कांस्य पदक प्राप्त किया। महिला डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) में भारत ने दबदबा बनाए रखा। सीमा ने 55.14 मीटर की दूरी फेंककर स्वर्ण जीता, निधि ने रजत और श्रीलंका की असगीरिये गेदारा विनोद ने कांस्य जीता। पुरुष डिस्कस थ्रो में भारत के किरपाल सिंह ने 56.22 मीटर की सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंककर स्वर्ण पदक जीता। निर्भय सिंह (भारत) ने रजत और डब्ल्यूडीएम मिलंत संपत (श्रीलंका) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। पुरुष ऊंची कूद में श्रीलंका के ए समरवीरा ने 2.17 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण, भारत के रोहित (2.15 मीटर) ने रजत और आदर्श राम (2.09 मीटर) ने कांस्य पदक जीता। पुरुष 400 मीटर फाइनल में श्रीलंका के हेवा कुमारगे कालिन ने 46.21 सेकंड में स्वर्ण, भारत के मोहम्मद अशफाक ने रजत और श्रीलंका के कुरुविटगे काल्हारा ने कांस्य पदक जीता।




# ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करने में बहुत मज़ा आया: राणा

**● कहा: मुझे पता था कि कहां गेंदबाजी करनी है और कौन सी लैंथ मेरे लिए सही रहेगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में चार विकेट लेकर भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करने में बहुत मजा आया। जियोस्टार के 'क्रिकेट लाइव' पर एक्सक्लूसिव बातचीत करते हुए, हर्षित राणा ने इस सीरीज में गेंदबाजी के अपने अनुभव पर कहा कि मुझे ऑस्ट्रेलिया में गें. दबाजी करने में बहुत मजा आया क्योंकि मैं एक साल पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान यहां था, इसलिए मैं पहले से ही परिस्थितियों से वाकिफ था। मुझे पता था कि कहां गेंदबाजी करनी है और कौन सी लेंथ मेरे लिए सही रहेगी। गौती भाई (मुख्य कोच गौतम गंभीर) और मोर्न मोर्कल (गेंदबाजी कोच) का शुक्रिया, जिन्होंने मुझे लगातार सही दिशा में गेंदबाजी करने के लिए प्रेरित किया।

सपोर्ट स्टाफ भी बेहतरीन था, वे मुझे अपनी भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहते रहे। यह एक सपने जैसा है क्योंकि पिछले एक साल में बहुत कुछ हुआ है। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में डेब्यू करना और अब आज यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना, यह मेरे लिए बहुत ही भावुक और खास सफर रहा है।

दिन के अपने पसंदीदा पल और उसमें रोहित शर्मा की भूमिका के बारे में राणा ने कहा कि मिच ओवेन का विकेट मेरा सबसे पसंदीदा था। इसके पीछे एक कहानी है। शुभमन गिल ने मुझसे पूछा कि क्या मैं स्लिप लेना चाहता हूँ, और मैंने मना कर दिया। फिर रोहित भाई, जो कवर पर खड़े थे, ने मुझसे कहा, 'स्लिप ले ना, जाने दे मेरेको (बस स्लिप ले लो, मैं वहाँ जाकर खड़ा हो जाता हूँ)। मैं मान गया, और फिर कुछ ही देर में, किनारा सीधा स्लिप में रोहित भैया के पास चला गया! मैं उनका बहुत आभारी था। उन्होंने हंसते हुए कहा, 'मैंने तुमसे कहा था कि स्लिप ले लो!' यह एक यादगार पल था।

## हंशिका और सारिका को रजत भारतीय महिला टीम बनी चैंपियन

**नई दिल्ली, वार्ता।** सर्बिया के नोवी साद में अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया है और चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया है। हंशिका लांबा (53 किग्रा) और सारिका (59 किग्रा) ने अपने-अपने भार वर्ग में रजत पदक जीते। दोनों पहलवान फाइनल में पहुंचीं, लेकिन जापानी प्रतिद्वंद्वियों से हार गईं। अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर, भारतीय महिला कुश्ती टीम ने 125 अंक हासिल करके 2025 अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की चैंपियन ट्रॉफी जीत ली। अमेरिका 102 अंकों के साथ दूसरे और जापान 92 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने अपने-अपने भार वर्ग में 5 कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पदक विजेता इस प्रकार हैं :55 किग्रा: निशु, 57 किग्रा: नेहा शर्मा, 65 किग्रा: पुलकित, 68 किग्रा: सृष्टि, 76 किग्रा: प्रिया यह भारतीय कुश्ती के लिए गर्व का क्षण है और हमारी युवा महिला पहलवानों की कड़ी मेहनत और प्रतिभा को दर्शाता है।

# हर्षित राणा ने आलोचना भूल कर मैदान में दिया करारा जवाब

**● कोच श्रवण कुमार बोले: आखिरी मौका था, खुद पर भरोसा रखा और अपना बेस्ट दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वनडे टीम में जगह पाने के बाद तेज गेंदबाज हर्षित राणा पर लगातार सवाल उठ रहे थे। पूर्व चयनकर्ता कृष्णमाचारी श्रीकांत और आर. अश्विन ने खुलकर आलोचना करते हुए कहा था कि हर्षित को टीम में इसलिए शामिल किया गया क्योंकि वह गौतम गंभीर की चापलूसी करते हैं। लेकिन शनिवार को हर्षित ने चार विकेट लेकर न सिर्फ टीम की जीत में अहम योगदान दिया, बल्कि अपने प्रदर्शन से आलोचकों को भी जवाब दे दिया। हर्षित राणा के कोच श्रवण कुमार ने बात. चीत में कहा कि अच्छा खिलाड़ी मैदान में अपने प्रदर्शन से ही जवाब देता है। आज हर्षित ने वही किया। उन्होंने आगे कहा कि हर्षित को पता था कि यह उसका आखिरी मौका है। अगर उसने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया तो उसे बाहर बैठना पड़ सकता था। हमने उससे बातचीत की थी और उसने कहा था, 'सर, यह आखिरी मौका है।' शायद यह अल्टीमेटम कोच और टीम मैनेजमेंट की ओर से था। मैंने उसे कहा, 'खुद पर भरोसा रखो और अपना बेस्ट दो।' उसने वही किया और चार विकेट लेकर सभी आलोचकों को जवाब दे दिया। हर्षित राणा के कोच ने कहा उसने यह साबित कि चयनकर्ताओं ने उस पर भरोसा उसके टैलेंट के आधार पर जताया है न कि टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर की चापलूसी की वजह से। श्रवण कुमार इंडियन क्रिकेटर ईशांत शर्मा के भी कोच रहे हैं। उन्होंने कहा युवा खिलाड़ी कभी-कभी स्टेबलिश्ड नहीं होते और उन्हें शुरुआती मुकाबलों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। यंग प्लेयर की यही खासियत होती है कि वह सीखता है, गलती करता है और सुधारता है। जब बुमराह जैसे ट्राइड एंड टेस्टेड खिलाड़ी भी कुछ मैचों में संघर्ष कर सकते हैं, तो हर्षित से हर बार परफेक्ट परफर्क्मेंस की उम्मीद रखना ठीक नहीं है। जो प्लेयर आला. चना कर रहे है, वह भूल गए कि उन्हें कितने मौके मिले कोच ने आलोचकों पर पलटवार भी किया और कहा कि लोगों को लगता है कि अगर किसी सीनियर का शागिर्द है, तो हर्षित को मौका यूं ही मिल गया।

# पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त: इरफान पठान



**इरफान ने जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रोहित और विराट की तारीफ की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शतकधारी रोहित शर्मा और अर्द्धशतक बनाने वाले विराट कोहली की तारीफ करते हुए पूर्व भारतीय आलराउंडर इरफान पठान ने कहा कि अपनी पारी से दोनों बल्लेबाजों ने दिखा दिया कि 'पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त'। जियोस्टार के 'क्रिकेट लाइव' पर एक्सक्लूसिव बातचीत करते हुए विशेषज्ञ इरफ़ान पठान ने रोहित शर्मा और विराट कोहली की प्रतिभा के बारे में बात की कि आज जिस तरह से चीज़ें सामने आईं, ऐसा लगा जैसे ये होना ही था। इन दोनों महान खिलाड़ियों (विराट और रोहित) को एक साथ मैच खत्म करते देखने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता था। विराट को ऑस्ट्रेलिया में 50 का औसत बनाए रखने के लिए इस मैच में लगभग 70-74 रनों की जरूरत थी, और उन्होंने ठीक वैसा ही किया। अगर यह न्याय नहीं है, तो और क्या है? इरफान ने कहा कि रोहित ने बहुत मेहनत की, उन्होंने अपना वजन कम किया, पूरी मेहनत की।

# पंजाब एफसी का अर्शदीप के साथ करार

**● पंजाब एफसी ने अपनी गोल कीपिंग लाइनअप को मजबूत बनाते हुए गोलकीपर अर्शदीप सिंह को टीम में लिया**

**मोहाली, वार्ता।** पंजाब एफसी ने अपनी गोलकीपिग लाइनअप को और सशद्र बनाते हुए भारतीय गोलकीपर अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की घोषणा की है। महिलपुर (पंजाब) के 28 वर्षीय खिलाड़ी ने क्लब के साथ एक वर्ष का अनुबंध किया है। वे हैदराबाद एफसी (इंडियन सुपर लीग - आईएसएल) से टीम में शामिल हो रहे हैं, और एआईएफएफ सुपर कप 2025 के अपने पहले मैच - गोकुलम केरल एफसी के खिलाफ - से पहले टीम के लिए बड़ी मजबूती माने जा रहे हैं। यह मुकाबला 27 अक्टूबर को खेला जाएगा। अर्शदीप का करियर पंजाब क्षेत्र की मिट्टी से गहराई से जुड़ा रहा है। उन्होंने अपने फुटबॉल की बुनियादी शिक्षा एआईएफएफ एलीट



अकादमी से ली और उसके बाद मिनर्वा पंजाब के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की। 2016-17 सीजन में सीनियर टीम में प्रमोट किए जाने के बाद, वे 2017-18 सीजन में आई-लीग जीतने वाली ऐतिहा. सिक टीम का हिस्सा रहे। मिनर्वा के साथ अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने एएफसी चैंपियंस लीग क्वालिफायर और एएफसी कप दोनों में महत्वपूर्ण मैच खेले, जिससे उन्हें अपने करियर की शुरुआती अवस्था में ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त हुआ।

2019 में अर्शदीप ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में कदम रखा और तीन अलग-अलग क्लबों के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**ओडिशा एफसी:** अर्शदीप ने क्लब के साथ तीन सीजन बिताए। उन्होंने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ अपना आईएसएल डेब्यू किया और अपने तीन साल के कार्यकाल में 33 मैचों में हिस्सा लिया।

**एफसी गोवा:** 2022-23 सीजन में उन्होंने एफसी गोवा के लिए 17 मैचों में गोलकीपिग की।

**हैदराबाद एफसी:** 2024-25 सीजन में वे हैदराबाद एफसी की टीम का हिस्सा रहे।

उनका पंजाब एफसी से जुड़ना क्लब के लिए एक महत्वपूर्ण और उच्च-प्रोफाइल साइनिग मानी जा रही है, जो न केवल अनुभव और स्थिरता लाता है बल्कि स्थानीय जुड़ाव को भी मजबूत करता है। पंजाब एफसी के टेक्निकल डायरेक्टर, निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा कि पंजाब एफसी को अर्शदीप को साइन करने पर गर्व है। वह हमारी गोलकीपिग यूनिट को मजबूती देंगे और साथ ही एक स्थानीय प्रतिभा के रूप में हमारी प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# फ्रेंच ओपन में चीनी शटलर फाइनल में पहुंचे

**● फाइनल में ली और लुओ का सामना जापानी जोड़ी यूकी और मायू से होगा**

**बीजिंग, वार्ता।** चीनी खिलाड़ियों ने शनिवार को फ्रेंच ओपन बैडमिटन टूर्नामेंट की तीन स्पर्धाओं में फाइनल में जगह पक्की कर ली। महिला एकल वर्ग के एक प्रमुख मुकाबले में, चीनी स्टार चेन यूफेई ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की एन से-यंग को 87 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 18-21, 21-16 से हराया। महिला वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में, चीन की वांग झीयी ने हमवतन हान यू को 21-14, 20-22, 21-14 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

महिला युगल सेमीफाइनल में भी चीनी खिलाड़ियों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें ली यिजिग और लुओ जुमिन ने ओलंपिक चैंपियन चेन किगचेन और जिया यिफान को 21-16, 21-17 से हराया। फाइनल में ली और लुओ का सामना जापानी जोड़ी युकी फुकुशिमा और मायू मात्सुमोतो से होगा। मिश्रित युगल सेमीफाइनल में, चीनी जोड़ी फेंग यान्झे और हुआंग डोंगपिग ने वापसी करते हुए हांगकांग, चीन की तांग चुन मान और त्से यिग सुएट को 20-22, 21-17, 21-16 से हराया।

अब उनका अगला मुक. ाबला थाई जोड़ी डेचापोल पुआवारानुक्रोह और सुपिस्सारा पेवसम्प्रान से होगा। चीन के ली शिफेंग ने पहला गेम 21-15 से जीता, जिसके बाद डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में 21-19, 21-13 से जीत हासिल की, जबकि घरेलू प्रबल दावेदार क्रिस्टो पोपोव ने थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न को सीधे गेम में हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को रौंदा

**● गेंदबाजों की बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ऐमी जोंस ने नाबाद 86 और टैमी ने 40 रनों की शानदार पारी खेली**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ऐमी जोंस (नाबाद 86), और टैमी ब्यूमोंट (40) की शानदार पारियों के दम पर इंग्लैंड ने रविवार को महिला विश्वकप के 27वें मुकाबले में न्यूजीलैंड को 124 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया।

न्यूजीलैंड के 168 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए ऐमी जोंस और टैमी ब्यूमोंट की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 75 रन जोड़े। 15वें ओवर में लिया तहुहू ने टैमी ब्यूमोंट को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा। ब्यूमोंट ने 38 गेंदो में सात चौके लगाकर 40 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हीथर नाइट ने ऐमी जोंस के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। 28वें ओवर की पहली गेंद पर सोफी डिवाइन ने हीथर नाइट को पगबाधा आउट कर हार की दहलीज पर खड़ी न्यूजीलैंड को दूसरी सफलता दिलाई। हीथर नाइट ने 40 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 33 रन बनाए। सेमीफाइनल में पहले ही जगह बना चुके इंग्लैंड ने 29.2 ओवर में दो विकेट पर 172 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। ऐमी जोंस ने 92 गेंदों में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 86 रन बनाए। जोंस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। न्यूजीलैंड की ओर से सोफी डिवाइन और लिया तहुहू ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड, इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक पायी और 38.2 ओवर में 168 के स्कोर पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के लिए जॉर्जिया प्लिमर ने सर्वाधिक 43 रनों की पारी खेली। एमेलिया केर ने (35), कप्तान सोफी डिवाइन (23), मैडी ग्रीन (18), इसाबेला गेज (14), सूजी बेट्स और जस केर ने 10-10 रनों का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए लिसी स्मिथ ने तीन विकेट लिये। नेट शिवर ब्रंट और ऐलिस कैप्सी को दो-दो विकेट मिले। सोफी एक्लस्टोन और शार्लेट डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ब्रूक का शतक बेअसर, कीवियों ने जीता मैच

**● डेरिल मिशेल 78 और ब्रेसवेल 51 के अर्द्धशतकों ने न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 1-0 की बढ़त दिलाई**

**माउंट मॉन्गानुई, वार्ता।** हैरी ब्रूक का एक शानदार शतक अनुकूल परिणाम नहीं दे सका क्योंकि डेरिल मिशेल (78') और माइकल ब्रेसवेल (51) के अर्द्धशतकों ने न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त दिला दी। उनके शुरू होने से पहले, जकारी फॉल्क्स (4-41) और जैकब डफी (3-55) ने दमदार गेंदबा. जी करके मैच की शुरुआत की, जिससे इंग्लैंड की टीम शुरुआत में ही धराशायी हो गई, लेकिन ब्रूक ने पलटवार किया। मैट हेनरी ने मैच की पहली ही गेंद पर न्यूजीलैंड को बढ़त दिलाई, उन्होंने जेमी स्मिथ के बल्ले और पैड के बीच से गैप को चीरकर उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद फॉल्क्स ने बेन डकेट को आउट किया - जिन्होंने राउंड द स्टंप्स से गेंद को तेजी से आगे बढ़ाया और उन्हें आउट कर दिया - और जो रूट को इनस्विगर पर बोल्ड कर दिया, जिससे मेहमान टीम का स्कोर 5/3 हो गया। जल्द ही यह स्कोर 10/4 और 33/5 हो गया क्योंकि फॉल्क्स और हेनरी ने नई गेंद के साथ अपनी साझेदारी जारी रखते हुए क्रमश: जैकब बेथेल और जोस बटलर को आउट किया। सैम करेन 12वें ओवर में फॉल्क्स के चौथे शिकार बने, जब गेंद विकेट के पीछे लगी। ब्रुक, जिन्होंने कुछ ओवर पहले ही जवाबी हमले की आग भड़कानी शुरू कर दी थी, उनके साथ जेमी ओवरटन ने पारी को संभालने वाली साझेदारी की। ब्रुक ने तमाम उथल-पुथल के बीच भी अपने इरादे मजबूत किए और 16वें ओवर में एक शानदार छक्के की मदद से 36 गेंदों में अर्द्धशतक पूरा किया। ओवरटन भी जैकब डफी की




तरफ दौड़ते हुए अपना बल्ला घुमाने में मशगूल थे। नाथन स्मिथ की बाउंसर पर ओवरटन के हेलमेट पर चोट लगी, लेकिन थोड़े समय के ब्रेक के बाद वे खेलने के लिए तैयार थे। डफी की एक धीमी गेंद पर ओवरटन ने ब्रूक के साथ अपनी साझेदारी को आधे रन तक खींच लिया, लेकिन फिर वह आउट हो गए। उन्होंने गेंद को लेग साइड पर खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद का मुख्य किनारा कवर पर डेरिल मिशेल के पास पहुंच गया और उन्होंने 54 गेंदों पर 46 रन बनाए। डफी ने अगली ही गेंद पर ब्रायडन कार्स को बैकवर्ड पॉइंट पर शून्य पर कैच करा दिया। 143/8 के स्कोर पर इंग्लैंड का अंत नज़दीक लग रहा था, लेकिन ब्रूक का खेल अभी खत्म नहीं हुआ था।

## हरियाणा ने त्रिपुरा को नौ विकेट से व सर्विसेज ने असम को आठ विकेट से हराया

**नई दिल्ली/तिनसुकिया, वार्ता।** रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मुकाबले के दूसरे दिन रविवार को हरियाणा ने त्रिपुरा को नौ विकेट से तथा सर्विसेज ने असम को आठ विकेट से हराया। हरियाणा बनाम त्रिपुरा मुकाबला, पर्थ वत्स (चार और पांच विकेट) निखिल कश्यप ( चार और तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाण ने आज त्रिपुरा को 19.1 ओवर में 47 के स्कोर पर ढेर करने के बाद 16 रनों के लक्ष्य को 4.3 ओवर में एक विकेट पर 18 रन बनाकर हासिल कर लिया। अर्जुन शर्मा (नौ विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर सर्विसेज ने असम को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। आज यहां असम ने दूसरी पारी में कल के 56 पर पांच विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में सर्विसज के अर्जुन शर्मा और अमित शुक्ला के गेंदबाजी आक्रमण के आगे असम की पूरी टीम दूसरी पारी में 73 के स्कोर पर ढेर हो गई। अर्जुन शर्मा ने 9.3 ओवर में 20 रन देकर चार विकेट झटके। अमित शुक्ला ने छह ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिये। पुलकित नारंग ने दो और मोहित जांगड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। सर्विसेज को जीत के लिए 71 रनों का लक्ष्य मिला जिसे उसने 13.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 73 रन बनाकर हासिल कर लिया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 27 अक्टूबर 2025

# आसियान को संबोधन

इस समय मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आसियान समिट हो रहा है। रविवार को 22वें आसियान भारत सम्मेलन को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चअुल संबोधित किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि भारत आपदा के हर समय में आसियान के अपने मित्र देशों के साथ खड़ा रहा है। पीएम मोदी ने दोनों पक्षों के बीच समुद्री क्षेत्र में सहयोग के लिए 2026 को आसियान भारत समुद्री सहयोग का वर्ष भी घोषित किया। प्रधानमंत्री मोदी का कहना था कि आसियान मिलकर विश्व की एक चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं, जोकि बड़ी संख्या है और इससे इसके महत्व का पता चलता है। आसियान समिट के सफल आयोजन के लिए उन्होंने पीएम अनवर इब्राहिम को बधाई भी दी। पीएम मोदी को आसियान में भाग लेने के लिए स्वयं जाना था, बाद में अपने कार्यक्रमों के चलते वह भाग नहीं ले सके और विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस सम्मेलन में गए हैं। आसियान सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब विश्व में उथल-पुथल मची हुई है। जहां कई मोर्चों पर युद्ध चल रहा है, वहीं भारत-अमेरिका के रिश्तों में भी उतार-चढ़ाव आता दिखाई दे रहा है। रविवार को ही फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को लेकर यह दावा कर दिया कि भारत रूस से तेल की खरीद पूरी तरह बंद करने जा रहा है, जबकि भारत कहता रहा है और उसने फिर दो. हराया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रहित पर आधारित है न किसी बाहरी दबाव पर। भारत ही नहीं ट्रम्प ने तो चीन के संबंध में यह कह डाला कि चीन ने रूसी तेल की खरीद में काफी कमी की है और वह सब इसलिए है कि हमने रूस पर प्रतिबंध लगाए हैं। वहीं दूसरी तरफ वाशिंगटन में अमे. रिकी विदेशी मंत्री मार्क रूबियो ने यह कह डाला कि अमे. रिका पाकिस्तान से अपने रिश्ते मजबूत करना चाहता है, लेकिन भारत की कीमत पर नहीं। आतंकवाद पर रूबियो ने पाक का यह कहकर बचाव भी किया कि अमेरिका और पाक पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करते रहे हैं, लेकिन इससे भारत के साथ उनकी अच्छी दोस्ती को कोई नुकसान नहीं होगा। अमेरिका ने फिर से यह दोराया कि वह पाक के साथ रणनीतिक दोस्ती करना चाहते हैं। जाहिर है इस तरह का वातावरण भारत को असहज करने वाला ही है। ऐसे में भारत को भी बेहद सतर्कता से आगे बढ़ने की जरूरत है और भारत ऐसा करता दिखाई दे रहा है। आसियान के सहयोग की बात जिस तरह मोदी ने की है, उससे भी पता चलता है कि भारत अब अपने लिए नए रास्ते तलाश रहा है। अब यह भी साफ हो गया है कि अमेरिका के साथ भारत अपने हितों को लेकर बहुत ज्यादा आगे नहीं बढ़ सकता। ट्रम्प ने अमेरिकी हितों को सर्वोपरि रखकर यह जता दिया है कि वह अपने हितों के सामने किसी के नुकसान की कोई परवाह नहीं करने वाला।

## आत्महत्या नहीं, संस्थागत हत्या



महाराष्ट्र के सतारा जिले में एक होनहार चिकित्सक भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों के गठजोड़ का शिक. ार हो गई है, मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न से तंग आकर एक डाक्टर की आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी है, एक होनहार डाक्टर बेटी, जो दूसरों का दर्द मिटाने की आकांक्षा रखती थी, भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों की प्रताड़ना का शिकार बन गई, जिसे अपराधियों से जनता की रक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी, उसी ने इस मासूम के खिलाफ सबसे घिनौना अपराध किया, उसका शोषण किया, सत्ता संरक्षित आपराधिक विचारधारा का ये सबसे घिनौना उदाहरण है, यह आत्महत्या नहीं, संस्थागत हत्या है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# नीतीश का भविष्य मोदी ने तय कर दिया

# अब तेजस्वी का राहुल को करना है





**श्रवण गर्ग**

बिहार के नतीजों की इन उम्मीदों के साथ प्रतीक्षा करते करना चाहिए कि नीतीश कुमार के अवसरवादी नेतृत्व को बीस वर्षों तक बर्दाश्त करने के बाद राज्य को उनसे मुक्ति मिलने जा रही है। कहा जा सकता है कि बसपा, शिव सेना और आप के साथ किए जा चुके सफल प्रयोगों के बाद बीजेपी की रणनीति का अगला बड़ा शिकार अब जेडी(यू) बनने जा रहा है। चारों उदाहरणों में एक तत्व कॉमन है कि अपनी तात्कालिक राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए इनके नेताओं ने बीजेपी के साथ कथित तौर पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष आत्मघाती गठबंधन किए।

बिहार के मामले में उल्लेखनीय यह है कि बीजेपी ने नीतीश कुमार से पिंड छुड़ाने का फैसला यह जानते हुए भी ले लिया कि जिन दो बैसाखियों पर मोदी सरकार का साढ़े तीन साल का बाकी अस्तित्व टिका रहने वाला है उनमें एक बैसाखी जेडी (यू) के समर्थन की है। अमित शाह के दूरगामी चिंतन की दाद दी जानी चाहिए और साथ ही आश्चर्य भी व्यक्त करना चाहिए कि इतनी कठिन परिस्थितियों में भी ममता और स्टालिन की सरकारें गृहमंत्री के ताप से कैसे बची हुई हैं ?

नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने के सवाल पर अमित शाह के जवाब के बाद साफ हो गया कि बिहार के दिन भी अन्य बीजेपी राज्यों की तरह ही फिरने वाले हैं और पटना को भी कोई नया भजनलाल, विष्णु देव, मोहन यादव या मोहन चरण प्राप्त हो सकता है। मानकर चलना चाहिए कि मुख्यमंत्री पद के दावेदार और वर्तमान में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और अन्य दागी उम्मीदवारों को हराने की मतदाताओं से अपील करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह बीजेपी आलाकमान की मौन स्वीकृति से ही यह साहस दिखा पा रहे होंगे।

नीतीश कुमार को उम्मीद रही होगी कि राजद और कांग्रेस के बीच कघयम तनाव के चलते महागठबंधन सीएम फेस की घोषणा अंत तक नहीं कर पाएगा और उनके लिए पलटी खाने के दरवाजे नतीजे आने तक खुले रहेंगे। राहुल को अंतत: बोधि सत्व की प्राप्ति हो गई और नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन मुख्यमंत्री के रूप में तेजस्वी यादव के नाम का ऐलान कर दिया गया। घोषणा के जरिए सचिन पायलट को भी राजस्थान संदेश भिजवा दिया गया कि पार्टी आलाकमान के पास अशोक गहलोत का कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।

जिन दो नजरियों से चुनावों में झांकने की अब जरूरत है उनमें एक यह है कि लालू-राबड़ी-नीतीश द्वारा बिहार के 35 साल सम्मिलित रूप से लील जाने के युग की क्या हकीकत में समाप्ति होने जा रही है? दूसरा नजरिया यह देखना है कि बिहार के रास्ते इंडिया ब्लॉक की राष्ट्रीय पटल पर वापसी की जो संभावना वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल-तेजस्वी की जुगलबंदी से प्रकट हुई थी वह अभी कघयम हैं या व्यक्तित्वों के बीच हुए अहंक. ारों के टकराव की भेंट चढ़ चुकी है?

पूरे घटनाक्रम से जो बात उभरती है वह यही है कि तेजस्वी की चिंता 2020 की तरह ही इस बार भी कांग्रेस को खुश करके अवसर को गवाने की नहीं बल्कि राहुल की नाराजगी मोल लेकर भी बाजी अपने पक्ष में पलटने की रही। पिछले चुनाव में इंडिया ब्लॉक और एनडीए के बीच वोट शेयर का फर्क सिर्फ 0.03 प्रतिशत या कुल जमा 12,700 वोटों का था पर तेजस्वी सरकार बनाने में 15 सीटों से पीछे रह गए थे। कारण कांग्रेस द्वारा 70 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 19 पर जीत दर्ज कराना था। तेजस्वी इसीलिए इस बार एक-एक सीट को लेकर अड़ते रहे। (इतना सब होने के बावजूद कांग्रेस और राजद चार सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।)

महागठबंधन के सामने नई चुनौती यह है कि इस बार चिराग पासवान पिछली बार की तरह जेडी (यू) को नुकसान पहुंचाने के लिए अलग से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वे इस बार नीतीश के साथ हैं। अत: 2020 में उनकी पार्टी को स्वतंत्र रूप से प्राप्त हुआ 5.66 प्रतिशत का वोट शेयर इस बार एनडीए के खाते में जुड़ने वाला है। दूसरे यह भी कि जो नुकसान चिराग की पार्टी ने 2020 में 135 सीटों पर चुनाव लड़कर नीतीश को पहुंचाया था लगभग वैसा ही इस बार 116 सीटों पर लड़कर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी महागठबंधन को पहुंचा सकती है। तेजस्वी के सामने संकट बड़ा है।

पूरे घटनाक्रम से जो बात उभरती है वह यही है कि तेजस्वी की चिंता 2020 की तरह ही इस बार भी कांग्रेस को खुश करके अवसर को गवाने की नहीं बल्कि राहुल की नाराजगी मोल लेकर भी बाजी अपने पक्ष में पलटने की रही। पिछले चुनाव में इंडिया ब्लॉक और एनडीए के बीच वोट शेयर का फर्क सिर्फ 0.03 प्रतिशत या कुल जमा 12,700 वोटों का था पर तेजस्वी सरकार बनाने में 15 सीटों से पीछे रह गए थे। कारण कांग्रेस द्वारा 70 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 19 पर जीत दर्ज कराना था। तेजस्वी इसीलिए इस बार एक-एक सीट को लेकर अड़ते रहे। (इतना सब होने के बावजूद कांग्रेस और राजद चार सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।) महागठबंधन के सामने नई चुनौती यह है कि इस बार चिराग पासवान पिछली बार की तरह जेडी (यू) को नुकसान पहुंचाने के लिए अलग से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वे इस बार नीतीश के साथ हैं। अत: 2020 में उनकी पार्टी को स्वतंत्र रूप से प्राप्त हुआ 5.66 प्रतिशत का वोट शेयर इस बार एनडीए के खाते में जुड़ने वाला है। दूसरे यह भी कि जो नुकसान चिराग की पार्टी ने 2020 में 135 सीटों पर चुनाव लड़कर नीतीश को पहुंचाया था लगभग वैसा ही इस बार 116 सीटों पर लड़कर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी महागठबंधन को पहुंचा सकती है। तेजस्वी के सामने संकट बड़ा है।

तेजस्वी के सामने संकट बड़ा है और महागठबंधन के भविष्य को लेकर फैसला राहुल को लेना है। इतना तय है कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद महागठबंधन अगर विजई हो जाता है तो जीत का सेहरा तेजस्वी के माथे पर ही बंधेगा। पराजय की स्थिति में क्या होने वाला है अशोक गहलोत और कृष्णा अल्लावरू दोनों को पता है। पिछले साल यूपी में नौ सीटों के लिए हुए उपचुनावों में 'इंडिया ब्लॉक' के खराब प्रदर्शन का ठीकरा अखिलेश के परिवार के एक सीनियर नेता ने कांग्रेस के अहंकार के माथे पर फोड़ दिया था। प्रतीक्षा की जानी चाहिए कि 14 नवंबर के बाद लालू क्या बोलने वाले हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जन-सुराज: वैकल्पिक राजनीति का नया दर्शन

**राजनैतिक विश्लेषक हालांकि बिहार के चुनावी रण में श्जन सुराज पार्टीश के उतरने को लेकर तरह तरह के कयास लगा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि जन सुराज पार्टी भी असद्दुदीन ओवैसी की एआईएमआईएम की ही तरह राज्य में वोट काटने वाली पार्टी साबित होगी और इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। जबकि कुछ का मानना है कि केवल एन डी ए ही नहीं बल्कि जन सुराज पार्टी विपक्षी महागठबंधन को भी नुकसान पहुंचाएगी। उधर प्रशांत किशोर अपना सीधा मुकाबला सत्ता रूढ़ एनडीए से ही बता रहे हैं परन्तु साथ ही उनका यह भी कहना है कि चुनाव परिणाम ही फैसला करेंगे कि उनकी पार्टी अर्श पर होगी या फर्श पर।**



**तनवीर जाफरी**

पूरे देश की निगाहें इस समय बिहार विधानसभा के होने जा रहे आम चुनावों पर लगी हुई हैं। इन चुनावों में जहां देश व राज्य के अनेक पारंपरिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनैतिक दल चुनाव मैदान में सत्ता अथवा विपक्ष के किसी न किसी गठबंधन के साथ मिलकर बिहार का भाग्य बदलने के नाम पर खुद अपना भाग्य आजमा रहे हैं वहीं इस बार के चुनाव में पहली बार जन सुराज पार्टी नामक एक नया राजनैतिक दल भी बिहार की राजनीति में अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करा रहा है। जन सुराज पार्टी जैसे किसी नवगठित दल द्वारा अपने पहले ही चुनाव में राज्य की सभी 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करना ही अपने आप में बड़ी उपलब्धि है और इससे भी बड़ी बात यह है कि इस पार्टी के लगभग सभी उम्मीदवार शिक्षित, बुद्धिजीवी, पूर्व नौकर शाह, पूर्व आईएएस, आईपीएस, वैज्ञानिक, गणितज्ञ तथा शिक्षाविद हैं जबकि चुनाव मैदान में कूदे अन्य पारंपरिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों की शिक्षा,उनके आचरण, चरित्र व योग्यता के विषय में कुछ अधिक बताने की जरुरत ही नहीं। बहरहाल इस नए नवेले राजनैतिक दल जन सुराज पार्टी के संस्थापक व अकेले रणनीतिकार व स्टार प्रचारक वही प्रशांत किशोर हैं जो नरेंद्र मोदी व भाजपा से लेकर देश के अधिकांश राजनैतिक दलों व नेताओं के लिए एक पेशेवर के रूप में चुनावी रणनीति तैयार करने के बारे में जाने जाते हैं। पूर्व में वे संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में आठ वर्षों तक कार्य कर चुके हैं। देश के विभिन्न राजनैतिक दलों को अपनी रणनीति का लोहा मनवाने के बाद मूल रूप से बिहार के ही रहने वाले प्रशांत किशोर ने अपनी योग्यता का प्रयोग सर्वप्रथम अपने ही राज्य के विकास के लिए करने का निर्णय लिया और 2022 में बिहार की जनता को जागरूक करने व उन्हें उनकी व पूरे राज्य की बदहाली के मूल कारणों से अवगत कराने के मकसद से बिहार में जन सुराज अभियान चलने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद ही उन्होंने राज्य में लगभग 3,000 किलोमीटर की पदयात्रा भी की। इस पदयात्रा के दौरान उन्होंने राज्य की आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया। इसी जन सुराज अभियान से ही उनके नए राजनैतिक दल का नाम जन सुराज पार्टी निकला।

बहरहाल देश के बड़े से बड़े राजनैतिक दिग्गजों के लिए रणनीति तैयार करने वाले प्रशांत किशोर स्वयं अपने लिए कैसी सफल रणनीति बना रहे हैं उसी का परिणाम है कि उन्हें न केवल गोदी मीडिया भी पूरी तवज्जोह दे रहा है बल्कि वे सत्ता व विपक्षी महागठबंधन के दागदार नेताओं पूर्व की उनकी असफल नीतियों यहां तक कि राज्य की बदहाली तक के लिए इसी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन व महागठबंधन के दलों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। राज्य के विकास के लिए प्रशांत किशोर मुफ्त की रेवड़ियों या शराब बंदी जैसी नीतियों को नहीं बल्कि केवल शिक्षा को ही पहली जरुरत मान रहे हैं। राज्य की सभी 243 सीटों के लिए अपने पहले चुनाव में योग्य व शिक्षित प्रत्याशी उतारना बल्कि कई सीटों पर तो अनेक योग्य उम्मीदवारों द्वारा चुनाव लड़ने के लिए एक साथ दावा पेश किया जाना भी प्रशांत किशोर की चुनावी रणनीति की बड़ी सफलता है।

वे सोशल मीडिया पर भी अन्य राजनैतिक दलों से अधिक छाए हुए हैं। उन्होंने विभिन्न टीवी चैनल्स व यू ट्यूबर्स को अब तक जितने साक्षात्कार दे डाले हैं उतने तो शायद सत्ता व विपक्ष के नेताओं ने भी अब तक नहीं दिए। वे अपने साक्षात्कार में अपने विरोधी दलों के अनेक नेताओं को बेनकाब कर उनकी आपराधिक व शैक्षिक पृष्ठभूमि को उजागर कर रहे हैं। प्रशांत किशोर बड़े ही स्पष्ट अंदाज में बिहार की बदहाली व पिछड़ेपन के लिए जहां पूर्व की सत्ता व नेताओं को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं वहीं राज्य के उन मतदाताओं को भी आइना दिखा रहे हैं जो मुफ्त के राशन अथवा धर्म जाति के नाम पर वोट कर भ्रष्ट व अयोग्य उम्मीदवारों का चुनाव करती रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बिहार चुनाव: एक नया मोड़ या वही राह



**विनीत नारायण**

बिहार की राजनीति हमेशा से प्रयोगों, व्यक्तित्वों और गठबंधनों की धरती रही है। यहां सत्ता तक पहुंचने का रास्ता सिर्फ वोटों से नहीं, बल्कि समाजिक समीकरणों, जातीय गणित और जनभावनाओं से होकर गुजरता है। अब जब 2025 के विधानसभा चुनावों की दस्तक हो चुकी है, पूरा देश बिहार की ओर देख रहा है। यह चुनाव न केवल राज्य की राजनीति को बल्कि राष्ट्रीय समीकरणों को भी प्रभावित करने की क्षमता रखता है।

इस बार मुकाबला दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण इसलिए है क्योंकि मैदान में तीन धाराएं साफ तौर पर दिखाई दे रही हैं। इंडिया गठबंधन, जिसमें मुख्य भूमिका में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) है। एनडीए, जिसमें जनता दल (यू) के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फिर एक बार केंद्र में हैं। वहीं, तेजी से उभरती शक्ति के रूप में प्रशांत किशोर का जन सुराज अभियान। राजद की अगुवाई वाला इंडिया गठबंधन इस चुनाव को अपनी साख बचाने के साथ-साथ केंद्र की राजनीति पर असर डालने के अवसर के रूप में देख रहा है। तेजस्वी यादव पिछले कुछ वर्षों में अपनी राजनीतिक परिपक्वता दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे वह बेरोजगारी का मुद्दा हो, युवाओं से संवाद हो या नीतीश सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना। राजद के पास एक ठोस सामाजिक आधार है, लेकिन उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता की है। भ्रष्टाचार के पुराने मामलों और शासन की यादें आज भी मतदाताओं के दिमाग में ताजा हैं। कांग्रेस, वामदलों और अन्य सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर संभावित खींचतान भी गठबंधन की मजबूती पर सवाल उठाती है। फिर भी, तेजस्वी का युवा जोश और उनके प्रचार की डिजिटल समझबूझ उन्हें पहले से अलग बनाती है। इंडिया गठबंधन यह भलीभांति जानता है कि अगर बिहार में उसकी पकड़ मजबूत होती है, तो यह 2029 के लोकसभा समीकरणों में एक नई ऊर्जा भर सकता है। एनडीए का चेहरा इस बार भी नीतीश कुमार ही हैं, जिनका राजनीतिक अनुभव किसी परिचय का मोहताज नहीं। वे सात बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, लेकिन अब जनता उनसे बदलाव की बजाय जवाब चाहती है। उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है साफ छवि और साझा सामाजिक आधार। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि पिछले कुछ सालों में उनके राजनीतिक पलटवारों, कभी महागठबंधन में, कभी एनडीए में आने-जाने ने उनकी विश्वसनीयता को काफी कमजोर किया है। भाजपा, जो एनडीए की दूसरी बड़ी ताकत है, नीतीश के साथ रहते हुए भी अपने संगठन को बढ़ाने की कोशिश कर रही है। उसे यह अंदाजा है कि बिहार में अगर उसे भविष्य में स्वतंत्र रूप से मजबूत होना है, तो नीतीश के बाद का दौर भी ध्यान में रखना होगा। यही कारण है कि भाजपा अब स्थानीय नेताओं को उभारने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के सहारे मैदान को अपने पक्ष में करने की योजना पर काम कर रही है। एनडीए का सबसे बड़ा फायदा यह है कि उसके पास वोटों का एक स्थिर कोर आधार है और शासन की निरंतरता की छवि बनी हुई है। लेकिन एंटी-इनकम्बेंसी, बेरोजगारी और ग्रामीण ढांचों में ठहराव जैसे मुद्दे उनके लिए सिरदर्द बन सकते हैं। बिहार के इस राजनीतिक त्रिकोण में सबसे दिलचस्प और नया पैदा हुआ कारक हैं प्रशांत किशोर (पीके)। उन्होंने रणनीतिकार से जननेता बनने की जो यात्रा शुरू की, वह अब निर्णायक दौर में पहुंची है। उनका जन सुराज अभियान पिछले दो वर्षों से गांव-गांव में सक्रिय रहा है।

वे न तो स्वयं को किसी पारंपरिक पार्टी की तरह प्रस्तुत कर रहे हैं और न किसी गठबंधन का हिस्सा हैं। उनका संदेश सीधा है सिस्टम को बदलने के लिए राजनीति में साफ और नई सोच लानी होगी। प्रशांत किशोर का यह प्रयोग बिहार की राजनीति की जमीनी सच्चाई को चुनौती देता है। वे युवाओं और शिक्षित तबके में धीरे-धीरे एक विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। हालांकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि वे बड़े पैमाने पर सीटें जीतेंगे, लेकिन उनका प्रभाव दो स्तरों पर होगा। कई क्षेत्रों में वे परंपरागत दलों का समीकरण बिगाड़ सकते हैं। उनकी राजनीति भ्रष्टाचार विरोधी और विकास-केंद्रित विमर्श को चुनावी बहस के केंद्र में ला रही है। अगर उनका अभियान थोड़ा भी जनसमर्थन जुटाने में सफल रहता है, तो यह बिहार में तीसरी शक्ति के उदय की भूमिका लिख सकता है। गौरतलब है कि बिहार की राजनीति बिना जातीय समीकरणों के समझी ही नहीं जा सकती। यादव, कुशवाहा, भूमिहार, राजपूत और मुसलमानों के बीच सामंजस्य और टकराव हमेशा परिणामों को प्रभावित करते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक नया सामाजिक तबका, युवा और प्रवासी मजदूर वर्ग, निर्णायक बनकर उभर रहा है। प्रशासन, कृषि संकट, रोजगार और शिक्षा की स्थिति इस बार मुख्य मुद्दे होंगे। डिजिटल मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्मों के उदय ने इस बार चुनावी प्रचार के तरीके को भी बदल दिया है। अब गांवों तक व्हाट्सएप समूह और सोशल अभियानों के माध्यम से राजनीतिक विमर्श पहुंच रहा है और यहां पर प्रशांत किशोर जैसे नेताओं की रणनीतिक क्षमता का उन्हें फायदा हो सकता है।

इस चुनाव की सबसे बड़ी बहस विकास बनाम विश्वसनीयता की होगी। नीतीश कुमार कहेंगे कि उन्होंने राज्य को बुनियादी ढांचे और शासन में सुधार दिया, जबकि विरोधी पक्ष यह पूछेगा कि इतने वर्षों में युवाओं के लिए अवसर क्यों नहीं बढ़े। तेजस्वी यादव रोजगार और सामाजिक न्याय का नारा देंगेय भाजपा मोदी के नाम और केंद्रीय योजनाओं की बदौलत वोट जुटाने की कोशिश करेगी और प्रशांत किशोर नई राजनीति की बात करेंगे। नतीजतन, यह चुनाव किसी एक मुद्दे या व्यक्ति पर निर्भर नहीं रहेगा बल्कि यह आस्था, असंतोष और आकांक्षा के मिश्रण से तय होगा।

बिहार के 2025 के चुनाव इसलिए रोचक हैं क्योंकि तीन पीढ़ियां और तीन दृष्टिकोण आमने-सामने हैं। नीतीश कुमार, जिनकी राजनीति स्थिरता और अनुभवी शासन का प्रतीक है। तेजस्वी यादव, जो परिवर्तन और युवा आकांक्षाओं के वाहक हैं। प्रशांत किशोर, जो मौजूदा राजनीति को बदलने की चुनौती दे रहे हैं। यह चुनाव यह तय करेगा कि बिहार पुरानी राजनीति की सीमाओं में रहेगा या सोच के नए अध्याय की ओर कदम बढ़ाएगा। चाहे परिणाम कुछ भी हो, इतना तो तय है कि इस बार बिहार का जनादेश केवल सरकार नहीं, बल्कि देश की राजनीति की दिशा भी तय करेगा।

**गौरतलब है कि बिहार की राजनीति बिना जातीय समीकरणों के समझी ही नहीं जा सकती। यादव, कुशवाहा, भूमिहार, राजपूत और मुसलमानों के बीच सामंजस्य और टकराव हमेशा परिणामों को प्रभावित करते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक नया सामाजिक तबका, युवा और प्रवासी मजदूर वर्ग, निर्णायक बनकर उभर रहा है। प्रशासन, कृषि संकट, रोजगार और शिक्षा की स्थिति इस बार मुख्य मुद्दे होंगे। डिजिटल मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्मों के उदय ने इस बार चुनावी प्रचार के तरीके को भी बदल दिया है। अब गांवों तक व्हाट्सएप समूह और सोशल अभियानों के माध्यम से राजनीतिक विमर्श पहुंच रहा है और यहां पर प्रशांत किशोर जैसे नेताओं की रणनीतिक क्षमता का उन्हें फायदा हो सकता है। इस चुनाव की सबसे बड़ी बहस विकास बनाम विश्वसनीयता की होगी। नीतीश कुमार कहेंगे कि उन्होंने राज्य को बुनियादी ढांचे और शासन में सुधार दिया, जबकि विरोधी पक्ष यह पूछेगा कि इतने वर्षों में युवाओं के लिए अवसर क्यों नहीं बढ़े।**


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इमरान के X खाते का फैसला SC करेगा

## कोर्ट ने याचिका पर तय की चार नवम्बर सुनवाई की तारीख

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स को बंद करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की तारीख तय कर दी है। यह सुनवाई 4 नवम्बर को होगी। 73 वर्षीय इमरान खान, पूर्व क्रिकेटर और बाद में राजनीति में आए, पिछले दो साल से कई मामलों में जेल में बंद हैं।

इस्लामाबाद हाईकोर्ट (आईएचसी) की ओर से जारी कारण सूची के अनुसार, जस्टिस अरबाब मोहम्मद ताहिर इस याचिका पर सुनवाई करेंगे। अदालत ने पहले ही पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान, नेशनल साइबर क्राइम एजेंसी, जेल अधीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर उनके लिखित जवाब मांगे हैं। यह



**■ 73 वर्षीय इमरान पूर्व क्रिकेटर और बाद में राजनीति में आए, पिछले दो साल से कई मामलों में जेल में बंद हैं**
**■ दावा: इमरान जेल में रहते हुए अपने एक्स अकाउंट से 'गैरकानूनी और भड़काऊ संदेश' प्रसारित कर रहे हैं**

याचिका एक नागरिक ने बैरिस्टर जफरुल्लाह के जरिए दायर की है। याचिका में दावा किया गया है कि इमरान खान जेल में रहते हुए अपने एक्स अकाउंट से 'गैरकानूनी और भड़काऊ संदेश' प्रसारित कर रहे हैं, जिससे सार्वजनिक अशांति फैल सकती है और कानून-व्यवस्था पर असर पड़ सकता है। याचिकाकर्ता ने अदालत से मांग की है कि इमरान खान के अकाउंट से ऐसे सभी संदेश हटाए जाएं और भविष्य में ऐसे किसी भी संदेश के प्रसारण पर रोक लगाई जाए। इसी बीच, इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की जमानत अवधि बढ़ा दी है। यह मामला 26 नवम्बर को हुए एक प्रदर्शन से जुड़ा है।

यह सुनवाई जज चौधरी आमिर जिया के समक्ष होनी थी, लेकिन उनकी अनुपलब्धता के कारण टाल दी गई। यह केस इस्लामाबाद के रामना थाने में दर्ज है, जिसमें शांति सभा और सार्वजनिक व्यवस्था अधिनियम सहित कई धाराओं में आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने पीटीआई नेतृत्व पर अवैध सभा आयोजित करने और लोगों को भड़काने का आरोप लगाया है। अदालत ने अब सुनवाई की अगली तारीख 15 नवम्बर तय की है और दोनों पक्षों को अपने तर्क पेश करने के लिए बुलाया है।

## अमेरिका के कैरोलिना में गोलीबारी, दो मरे

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना में हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी है। रोबसन काउंटी शेरिफ बर्निस विल्किस कार्यालय ने सोशल मीडिया पर बताया कि दक्षिणी शहर मैक्सटन के बाहर एक ग्रामीण इलाके में कुल 13 लोगों को गोली मारी गई। कार्यालय के अनुसार कानून प्रवर्तन अधिकारियों के पहुंचने से पहले 150 से जयादा लोग घटनास्थल से भाग गए। कार्यालय ने कहा कि समुदाय के लिए कोई मौजूदा खतरा नहीं है क्योंकि यह एक अलग घटना प्रतीत होती है। पुलिस के अनुसार गोलीबारी के बारे में अधिक जानकारी तुरंत जारी नहीं की गई है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी की घोषणा नहीं की गई है।



**पटना। अपने सरकारी आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते राजद नेता तेजस्वी यादव।**

## कैथरीन कोनोली आयरलैंड की राष्ट्रपति चुनी गईं

**लंदन।** कैथरीन कोनोली आयरलैंड की नई राष्ट्रपति चुनी गई है। घोषित आधिकारिक चुनाव परिणामों के अनुसार निर्दलीय उम्मीदवार कैथरीन कोनोली ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल कर ली है और वह देश 10वीं राष्ट्रपति होगी। चुनावी नतीजों में कोनोली की भारी जीत दिखाई गई है। उनकी एकमात्र प्रतिद्वंद्वी फाइन गेल की हीथर हम्फ्रीज ने दोपहर में आधिकारिक तौर पर अपनी हार स्वीकार कर ली है।

## लेबनान पर इजरायल के ड्रोन हमले में हिजबुल्लाह कमांडर की मौत

**बेरूत/यरूशलम।** दक्षिणी लेबनान में इजरायल के ड्रोन हमले में एक हिज्बुल्लाह कमांडर मारा गया और एक अन्य घायल हो गया। लेबनान और इजरायल के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि दोपहर बाद हुए इस हमले में नबा. तीह क्षेत्र में हारूफ़-जिबचित मार्ग पर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास एक कार को निशाना बनाया गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन अभियान केंद्र ने कहा कि हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। जबकि लेबनानी सेना के एक खुफिया सूत्र ने बताया कि मृतक का नाम जीन फुटौनी था जो हिज्बुल्लाह के विशिष्ट रदवान बल का कमांडर और हल्लौसियेह शहर का निवासी था। इजरायली रक्षा बलों ने एक बयान में हमले की पुष्टि कि और कहा कि फुटौनी रदवान बल का एक टैंक-रोधी कमांडर था, जो हाल ही में दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के सैन्य ढांचे को फिर से स्थापित करने के प्रयासों में शामिल था। उल्लेखनीय है कि हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच 27 नवम्बर, 2024 से युद्धविराम लागू है, जिससे गाजा युद्ध से शुरू हुए संघर्षों पर काफी हद तक रोक लग गई है।

# ट्रम्प ने कनाडा पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया

## बेसबॉल मैच में टैरिफ के खिलाफ ऐड देख हुए नाराज, अब कनाडा को 45 प्रतिशत टैरिफ देना होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा पर 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। वे शुक्रवार को एक बेसबाल मैच में टैरिफ के खिलाफ विज्ञापन दिखाने से नाराज हो गए। 2 दिन पहले इसी विज्ञापन की वजह से ट्रम्प ने कनाडा के साथ टैरिफ पर हो रही बातचीत रोक दी थी। इस विज्ञापन में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के शब्दों का इस्तेमाल किया गया था, जिसमें वे टैरिफ को हर एक अमेरिकी के लिए नुकसानदेह बता रहे थे।

अमेरिका ने कनाडा पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। नए ऐलान के बाद यह 45 प्रतिशत हो जाएगा। भारत और ब्राजील के बाद यह सबसे ज्यादा टैरिफ होगा। यह विज्ञापन कनाडा के ओंटारियो राज्य ने बनाया था। हालांकि ट्रम्प के नाराज होने के बाद ओंटारियो के प्रीमियर ने कहा था कि वे रविवार के बाद इस विज्ञापन को वापस ले लेंगे। इसी दौरान शुक्रवार को वर्ल्ड सीरीज के पहले गेम इस विज्ञापन को चलाया गया था।

इस घटना के एक दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ बढ़ाने को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और कहा: कनाडा रंगे हाथों पकड़ा गया है, जिसने रोनाल्ड रीगन के टैरिफ पर दिए गए भाषण को लेकर एक फर्जी विज्ञापन चलाया। रीगन को राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था से जुड़े मकसद के लिए टैरिफ बहुत पसंद थे, लेकिन कनाडा ने कहा कि उन्हें पसंद नहीं थे। ट्रम्प ने आगे कहा, कनाडा को वह विज्ञापन तुरंत हटा देना चाहिए था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। जानते हुए कि यह एक धोखाधड़ी है, कल रात इसे वर्ल्ड सीरीज के दौरान चलने दिया गया। बता दें कि वर्ल्ड सीरीज अमेरिका और कनाडा में खेले जाने वाले बेसबाल खेल की सालाना चौंपियनशिप सीरीज है। ट्रम्प के ऐलान के बाद अभी यह साफ नहीं कि वे इस एक्स्ट्रा टैरिफ को लगाने के लिए किस कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। व्हाइट हाउस ने इस बात की भी जानकारी नहीं दी है कि यह 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ किस तारीख से लागू होगा। ट्रम्प के टैरिफ से कनाडा की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ है, और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी उन्हें कम करने के लिए ट्रम्प के साथ काम करने की कोशिश कर रहे हैं। जेपी मार्गन की रिपोर्ट के मुताबिक इस टैरिफ से अगले 5 साल में कनाडा की जीडीपी में लगभग 1.2 प्रतिशत का नुकसान हो सकता है। कनाडा के तीन-चौथाई से अधिक निर्यात अमेरिका को जाते हैं, और लगभग 3.6 अरब कनाडाई डालर (2.7 अरब अमेरिकी डालर) मूल्य का सामान और सेवाएं प्रतिदिन सीमा पार करते हैं। अमेरिका ने कनाडा पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अलावा स्टील और एल्युमीनियम पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। हालांकि अमेरिका में अधिकांश सामान यूएस-कनाडा-मेक्सिको समझौते (यूएसएमसीए) के तहत आते हैं, और टैरिफ से मुक्त हैं। ट्रम्प और कार्नी दोनों मलेशिया में आयोजित होने वाले दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। लेकिन ट्रम्प ने अपने साथ यात्रा कर रहे पत्रकारों से कहा कि उनका वहां कार्नी से मिलने का कोई इरादा नहीं है।



**■ भारत और ब्राजील के बाद यह सबसे ज्यादा टैरिफ होगा**
**■ ट्रम्प ने आगे कहा: कनाडा को वह विज्ञापन तुरंत हटा देना चाहिए था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया**

## मलेशिया में रेड कार्पेट पर नाचे ट्रम्प

**कंबोडिया-थाईलैंड के बीच शांति समझौता कराया, कहा जिसे लोग असंभव मान रहे थे, उसे उन्होंने संभव कर दिखाया**

**कुआलालंपुर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार सुबह मलेशिया के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने रेड कार्पेट पर स्थानीय कलाकारों के साथ डांस किया। कुआलालंपुर में ट्रम्प की मौजूदगी में थाईलैंड और कंबोडिया ने सैन्य संघर्ष को खत्म करने के लिए शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। ट्रम्प ने कहा कि जिसे लोग असंभव मान रहे थे, उसे उन्होंने संभव कर दिखाया है। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक मंदिर विवाद को लेकर 5 दिनों तक जंग चली थी, जिसमें 48 लोगों की मौत हुई थी। इसे खत्म करने में ट्रम्प का बड़ा रोल था। कुआलालंपुर पहुंचने पर मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने रेड कार्पेट पर उनका स्वागत किया। वे आसियान समिट में शामिल होने मलेशिया पहुंचे हैं। ट्रम्प 2017 के बाद पहली बार इस सम्मेलन में शामिल हुए। वे आज मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। कुआलालंपुर एयरपोर्ट पर स्थानीय कलाकारों के साथ ट्रम्प ने अपने फेमस स्टाइल में डांस किया। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आज से आसियान समिट की शुरुआत हो रही है।

# सलमान खान को आतंकी बताने वाली चिट्ठी वायरल



**दावाः पाकिस्तान ने आतंकियों की लिस्ट में डाला, भारतीय अभिनेता ने बलूचिस्तान को पाक से अलग बताया था**

**इस्लामाबाद।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को आतंकी बताने वाला एक लेटर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह लेटर पाकिस्तान सरकार ने जारी किया है। सलमान ने पिछले हफ्ते सऊदी अरब में एक इवेंट के दौरान बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग बताया था, जिसके बाद कथित तौर पर उन पर यह कार्रवाई की गई।

लेटर में कहा गया है कि पाकिस्तान सरकार ने सलमान को एंटी-टेररिज्म एक्ट 1997 की चौथी सूची में डाल दिया है। ये सूची उन लोगों की होती है, जिन पर आतंकवाद से जुड़े होने का शक होता है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इस खबर को फेक बताया गया है।

सलमान ने बलूचिस्तान से जुड़ा बयान 17 अक्टूबर को दिया था, जबकि लेटर पर 16 अक्टूबर की तारीख दर्ज है। इसके अलावा उसी नंबर का अन्य लेटर भी पाकिस्तान सरकार ने जारी किया था। इन सब के आधार पर दावा किया जा रहा है कि ये लेटर फेक है। सलमान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ 17 अक्टूबर को रियाद में श्जाय फोरम 2025श में भारतीय फिल्मों की लोकप्रियता पर बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि अगर आप यहां हिंदी फिल्म रिलीज करें, तो वह सुपरहिट होंगी। तमिल, तेलुगु या मलयाली फिल्म भी सैकड़ों करोड़ कमा सकती हैं, क्योंकि यहां बलूचिस्तान, अफगान और पाकिस्तान के लोग काम करते हैं। इस बयान में सलमान ने बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग बताया था, जिसके बाद पाकिस्तानी मीडिया में सलमान खान की काफी आलोचना की गई थी। बलूचिस्तान के कुछ नेताओं ने सलमान खान के इस बयान की तारीफ की है।

# नेपाल की अंतरिम सरकार को मिले दो और नए मंत्री

**पीएम सुशीला कार्की ने तीसरी बार कैबिनेट का किया विस्तार राष्ट्रपति ने मंत्रियों को शपथ दिलाई**

**काठमांडू।** नेपाल की अंत. रम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को अपनी सरकार में दो नए मंत्रियों को शामिल कर कैबिनेट का तीसरा विस्तार किया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने एक विशेष समारोह में मंत्रियों को शपथ दिलाई। इस कदम से नेपाल की अंतरिम सरकार में नई ऊर्जा और प्रशासनिक स्थिरता लाने की कोशिश की जा रही है।

राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, पीएम की सिफारिश पर बब्लू गुप्ता और सुधा गौतम को शपथ दिलाई गई। बब्लू गुप्ता को युवा और खेल मंत्रालय का प्रभार दिया गया, जबकि सुधा गौतम को स्वास्थ्य और जनसंख्या मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली। इसके साथ ही कैबिनेट में कुल दस मंत्री शामिल हो गए हैं। इस कैबिनेट विस्तार का महत्व इस लिए भी है क्योंकि सुशिला कार्की को 12 सितम्बर को नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया गया था। हाल ही में सितम्बर में हुई दो दिनों की जनरेशन जेड की प्रदर्शन गति. विधियों ने देश में राजनीतिक अस्थिरता को उजागर किया था। नई नियुक्तियों से सरकार को जनता के साथ बेहतर संपर्क बनाने और प्रशासनिक कामकाज में तेजी लाने की उम्मीद है। सुशीला कार्की अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में अगले आम चुनाव तक सरकार का संचालन करेंगी।

## फ्रांस में 700 करोड़ की चोरी के मामले में दो आरोपी हिरासत में

**पेरिस।** फ्रांस के मशहूर लूव्र म्यूजियम में हुई 700 करोड़ रुपए की चोरी के एक हफ्ते बाद, फ्रांसीसी पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी फ्रांसीसी समाचार पत्र ले पेरिसियन ने रविवार को दी। पुलिस का मानना है कि यह चोरी चार लोगों की एक गैंग ने की, जिसमें गिरफ्तार किए गए दोनों संदिग्ध जो 30 साल की उम्र के आसपास हैं। पहले संदिग्ध को शनिवार रात पेरिस चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह अल्जीरिया जाने वाली फ्लाइट में सवार होने की को. शिश कर रहा था। उसी रात बाद में दूसरे संदिग्ध को भी हिरासत में लिया गया। दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# आंकड़ों ने वॉशिंगटन पोस्ट को झूठा ठहराया

## एलआईसी नहीं, अमेरिकी बीमा कंपनियों ने अडानी समूह की कंपनियों में किया है भारी निवेश

**■ अडानी समूह में इसका निवेश समूह के कुल 2.6 लाख रुपये के कर्ज के दो प्रतिशत से भी कम है**

**नई दिल्ली।** अडानी समूह की कंपनियों में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का निवेश इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में ये खुलासा किया, जिस पर विवाद हुआ। हालांकि आंकड़ों से खुला. सा हुआ है कि एलआईसी नहीं, बल्कि अमे. रिकी बीमा कंपनियां ने अडानी समूह की कंपनियों में खूब निवेश किया है।

आंकड़ों से खुलासा हुआ है कि जून, 2025 में, अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा 57 करोड़ अमेरिकी डॉलर (5000 करोड़ रुपये) के निवेश के एक महीने बाद, अमेरिका स्थित एथेन इंश्योरेंस ने अडानी के मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में 6,650 करोड़ रुपये (75 करोड़ डालर) का निवेश किया। एथेन की पैरेंट कंपनी अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट की जून 2023 की स्टेटमेंट के अनुसार, कंपनी के प्रबंधित फंड्स और अन्य सहयोगी निवेशकों ने भी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमएआईएल) में करीब 75 करोड़ अमे. रिकी डॉलर का निवेश किया। कई वैश्विक कर्जदाताओं जैसे डीबीएस बैंक, डीजेड बैंक, रोबोबैंक, बैंक सिनोपैक कंपनी लिमिटेड ने भी अडानी समूह की अडानी एनर्जी लिमिटेड में करीब 25 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की अगस्त की एक रिपोर्ट के अनुसार, समूह ने वर्ष की पहली छमाही में बंदरगाह इकाई (एपीएसईजेड), नवीकरणीय ऊर्जा इकाई (एजीईएल), प्रमुख कंपनी (अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड) और बिजली पारेषण इकाई (अडानी एनर्जी साल्यूशंस लिमिटेड) में कुल मिलाकर 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की नई ऋण सुविधाओं पर हस्ताक्षर किए। गौरतलब है कि वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि सरकारी अधिकारियों ने एलआईसी के निवेश को प्रभावित किया और अडानी समूह की कंपनियों में निवेश कराया। एलआईसी ने बयान जारी कर वाशिंगटन पोस्ट में किए गए दावे को फर्जी, आधारहीन और सच्चाई से परे बताया। एलआईसी ने कहा कि अडानी समूह की कंपनियों में निवेश का फैसला स्वतंत्र तौर पर लिया गया और बोर्ड की नीतियों के तहत ही इसकी मंजूरी दी थी। भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में जांच-पड़ताल के आधार पर विभिन्न कंपनियों में निवेश के फैसले लिए गए हैं। भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इसका निवेश मूल्य 2014 से 10 गुना बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये से 15.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

## परमाणु इंजन वाली रूसी 'बुरेवेस्तनिक' मिसाइल का सफल परीक्षण

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को यह ऐलान किया कि उनके देश ने एक अद्वितीय परमाणु इंजन से लैस क्रूज मिसाइल 'बुरेवेस्तनिक' का सफल परीक्षण किया है। यह मिसाइल इतनी शक्तिशाली बताई जा रही है कि इसकी रेंज असीमित है। पुतिन ने इस परीक्षण के बाद रूसी सेना को आदेश दिया कि वह इस मिसाइल की तैनाती के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचे की तैयारी शुरू करे। टेलीविजन पर प्रसा. रित बैठक में पुतिन ने अपने रक्षा प्रमुखों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि हाल ही में परमाणु बलों के अभ्यास के दौरान इस मिसाइल का परीक्षण किया गया।

# पाक रक्षामंत्री की अफगान को जंग की धमकी

## कहाः अगर सीजफायर वार्ता नाकाम रही, तो दोनों देशों में खुली जंग के अलावा कोई ऑप्शन नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने चेतावनी दी कि अगर अफगानिस्तान के साथ चल रही सीजफायर वार्ता में समझौता नहीं हुआ तो खुली जंग शुरू हो सकती है। आसिफ ने कहा-अगर वार्ता नाकाम रही तो पाकिस्तान के पास अफगानिस्तान के साथ खुली जंग के अलावा कोई आप्शन नहीं होगा। हालांकि, ऐसा लगता होता है कि दोनों पक्ष शांति चाहते हैं।

यह बयान तब आया है जब तुर्की के इस्तांबुल में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच दूसरी दौर की शांति होने वाली है। इस्तांबुल में हुई बैठक में दोनों देश शांति बनाए रखने के तरीकों पर चर्चा करेंगे, जैसा कि दोहा में तय हुआ था। बातचीत का समय और जगह अभी बताई नहीं गई है। अफगान टीम की अगुआई मंत्री हाजी नजीब कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर से दो सुरक्षाकर्मी इसमें शामिल हैं। पाकिस्तानी अखबार डान के अनुसार, ये बातचीत सीमा पर दो हफ्ते से चल रही भारी झड़पों के बाद शांति और स्थाई संघर्षविराम की कोशिश के लिए हो रही है। इन झड़पों में दर्जनों लोग, जिसमें आम नागरिक भी शामिल हैं मारे गए थे। ख्वाजा आसिफ ने दो हफ्ते पहले कहा था कि तालिबान के फैसले दिल्ली में लिए जा रहे हैं। उन्होंने अफगानिस्तान पर भारत के लिए प्राक्सी वार लड़ने का आरोप लगाया था। आसिफ ने तालिबान से हुए सीजफायर पर कहा था-मुझे शक है कि यह सीजफायर टिक पाएगा, क्योंकि अफगान तालिबान को दिल्ली से सहयोग मिल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान को उकसाया तो सैन्य कार्रवाई की जाएगी। आसिफ ने कहा कि हमारे पास जवाब देने की पूरी क्षमता है। अगर उन्होंने युद्ध का दायरा बढ़ाया, तो हम हमला करेंगे। लेकिन हम बातचीत के लिए भी तैयार हैं। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच संघर्ष 9 अक्टूबर को शुरू हुआ था। पाकिस्तान ने काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद अफगान ने पाकिस्तान को सीमा विवाद और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया। पाकिस्तानी हमलों में अफगानिस्तान के 37 नागरिक मारे गए और 425 घायल हुए।



**ये बातचीत सीमा पर दो हफ्ते से चल रही भारी झड़पों के बाद शांति और स्थायी संघर्षविराम की कोशिश के लिए हो रही थी**

# पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला नाकाम

**■ सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में तीन आतंकियों को किया ढेर**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तर वजीरिस्तान जिले में एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। सेना के मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बताया कि इस दौरान सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को ढेर कर दिया और आत्मघाती हमले की तैयारी में लगे वाहन को भी नष्ट कर दिया।

आईएसपीआर द्वारा जारी बयान के मुताबिक, यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन जिले के झल्लर इलाके में चलाया गया था। सेना को खुफिया जानकारी मिली थी कि 'फितना अल-खवारिज' संगठन के आतंकी (जो प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान - टीटीपी से जुड़े हैं) एक बड़े आत्मघाती हमले की साजिश रच रहे हैं। बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने समय रहते कार्रवाई करते हुए उन आतंकियों को निशाना बनाया और विस्फोटक से भरे वाहन को उड़ाकर एक संभावित विनाशकारी हमले को टाल दिया। आईएसपीआर ने यह भी बताया कि क्षेत्र में अब भी क्लीन-अप और सर्च ऑपरेशन जारी है ताकि किसी भी अन्य छिपे आतंकी को पकड़ा जा सके।

